Established 1865

# पायनियर

Follow us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-43 | नई दिल्ली, सोमवार, 15 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)


# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## जेपी नड्डा की जगह संभालेंगे भारतीय जनता पार्टी की कमान

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नबीन को इस पद के लिए चुना है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा, भाजपा के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को तत्काल प्रभाव से भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कायस्थ समुदाय से संबंध रखने वाले नबीन के मौजूदा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी बनने की संभावना है और पार्टी नेताओं के अनुसार, वह इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा नेताओं में से एक हैं। नबीन पांच बार के विधायक हैं। वर्तमान में वह बिहार में पथ निर्माण मंत्री और पटना के बांकीपुर से विधायक हैं। वह पहले भी कई बार मंत्री रहे हैं। नड्डा को जनवरी 2020 में भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और वह अपना पूरा कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। नड्डा को 2024 के लोकसभा चुनावों तक पार्टी का नेतृत्व करने के लिए कार्यकाल विस्तार दिया गया था। नबीन को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि नबीन युवा हैं और उन्हें शासन तथा जनता एवं संगठन के लिए काम करने का व्यापक अनुभव है। नबीन ने युवा मोर्चा के लिए भी व्यापक रूप से काम किया है और राज्य प्रभारी के रूप में भी उन्हें अनुभव प्राप्त है।

**पांच बार के विधायक और बिहार सरकार में है मंत्री**

### पीएम मोदी ने नितिन नबीन को दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई दी और कहा कि उनकी (नबीन की) ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। नबीन (45) को पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नितिन नबीन जी ने एक मेहनती कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वह एक युवा और कर्मठ नेता हैं, जिनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक व मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री ने कहा, वह (नबीन) अपने विनम्र स्वभाव और व्यावहारिक कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में हमारी पार्टी को मजबूत करेंगे।

# पंकज चौधरी बने यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। उनके निर्वाचन का औपचारिक ऐलान केंद्रीय चुनाव अधिकारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय चुनाव अधिकारी के. लक्ष्मण, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और विधान परिषद सदस्य तारिक मंसूर समेत भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। चौधरी के अलावा किसी अन्य उम्मीदवार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिये नामांकन दाखिल नहीं किया था। इस तरह शनिवार को ही उनके निर्विरोध निर्वाचन का रास्ता साफ हो गया था। निर्वाचन की घोषणा के बाद निवर्तमान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नवनिर्वाचित प्रान्तीय अध्यक्ष पंकज चौधरी को पार्टी का ध्वज सौंपा।

वहीं, केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने चौधरी को उनके निर्वाचन का प्रमाणपत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के विश्वस्त नेता माने जाने वाले केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश की महराजगंज सीट से सातवीं बार सांसद चुने गये थे। वह अन्य पिछड़े वर्गों की कुर्मी बिरादरी से आते हैं। कुर्मी समुदाय का उत्तर प्रदेश की राजनीति में खासा प्रभाव माना जाता है। माना जा रहा है कि कुर्मी मतदाताओं को अपने पाले में करने के लिये भाजपा ने चौधरी पर भरोसा जताया है। भाजपा उत्तर प्रदेश में पहले भी कुर्मी समुदाय के नेताओं को तीन बार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर चुकी है।

**विनोद तावड़े और पीयूष गोयल ने की घोषणा**

**सीएम योगी समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता रहे मौजूद**

### सरकार व संगठन मिलकर काम करेंगे : सीएम योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बधाई देते हुए रविवार को कहा कि अब सरकार और संगठन मिलकर नई ऊर्जा और तेजी के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने चौधरी को निर्विरोध प्रदेश भाजपा अध्यक्ष घोषित किये जाने के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक अनुभवी कार्यकर्ता को पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष का दायित्व मिलने के साथ ही प्रदेश में अब नई गति के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, आज प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के साथ संगठन पर्व का यह दायित्व उत्तर प्रदेश के अंदर अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर हो चुका है लेकिन नए दायित्व के कार्य हम सबके सामने नई चुनौती के साथ खड़े हैं।

### मेरे लिये संगठन और पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि : पंकज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि उनकी नजर में संगठन और पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं और नेतृत्व के अपने मूल मंत्र संगठन, संपर्क, संवाद और समन्वय के आधार पर वह पार्टी को मजबूत बनाने के लिये काम करेंगे। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राजधानी में आयोजित एक समारोह में उन्हें पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष घोषित किये जाने के बाद कहा कि वह सात बार महराजगंज से सांसद और कई बार केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें अब तक की सबसे बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा, मेरी नई जिम्मेदारी अब तक मिली तमाम जिम्मेदारियों से अधिक गंभीर और चुनौतीपूर्ण है, लेकिन मुझे विश्वास है कि गौरवशाली कार्यकर्ताओं का स्नेह और समर्पण इस महान दायित्व के निर्वहन में मेरी मदद करेगा।

## सार संक्षेप

### नेपाल में भारतीय राजदूत की हालत स्थिर

**काठमांडू।** नेपाल के ललितपुर जिले में ट्रेकिंग के दौरान बीमार पड़े भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव की हालत अब स्थिर है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीवास्तव को काठमांडू के उत्तर में स्थित ललितपुर जिले में चंपादेवी पर्वत पर चढ़ाई के दौरान अचानक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगीं। उन्हें नेपाल सेना के हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट किया गया और काठमांडू के बाहरी इलाके में स्थित ग्रैंड अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां वह स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। भारतीय दूतावास के अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दिए बिना बताया कि उपचार के बाद श्रीवास्तव की हालत सामान्य है और वह फिलहाल आराम कर रहे हैं।

### नदवा के प्राचार्य समेत चार लोगों पर मुकदमा

**लखनऊ।** लखनऊ पुलिस ने विश्वविख्यात इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम नदवतुल उलमा (नदवा) के प्राचार्य समेत चार लोगों के खिलाफ परिसर में एक विदेशी नागरिक के ठहरने की जानकारी पुलिस को न देने और कानूनों के उल्लंघन के आरोप में मामला दर्ज किया है। पुलिस उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने हसनगंज थाने में दर्ज मुकदमे का हवाला देते हुए रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नदवा के प्राचार्य, उप-रजिस्ट्रार, छात्रावास वार्डन और गेट पर तैनात एक सुरक्षाकर्मी के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। सिंह ने बताया कि यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी), धारा 61 (आपराधिक साजिश), विदेशियों का रजिस्ट्रीकरण अधिनियम और विदेशियों विषयक अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है।

### बरेली हिंसा के आरोपी पर एक और केस दर्ज

**बरेली।** बरेली में जमीन विवाद के मामले में 26 सितंबर में हुई हिंसा के आरोप में जेल में बंद इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा पर एक और मामला दर्ज किया गया है। बरेली के इज्जत नगर थाने में शनिवार को दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मौलाना तौकीर रजा, उनके बहनोई मोहसिन रजा तथा आठ अन्य आरोपियों ने 95 वर्षीय बुजुर्ग मुकद्दर बेग की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पिछली सात दिसंबर को घर में घुसकर परिवार को धमकाया और महिलाओं से छेड़छाड़ की। इसके बाद परिवार का लगातार मानसिक उत्पीड़न किया गया।

सिडनी में त्योहार मना रहे यहूदियों पर आतंकी हमला

# शूटर समेत 12 लोगों की मौत

एजेंसी। सिडनी



ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के बॉन्डी बीच पर रविवार को यहूदी समुदाय के उत्सव के दौरान दो बंदूकधारियों की अंधाधुंध गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया। सिडनी के न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त एम. लेनयॉन ने बताया कि इस हमले में दो पुलिस अधिकारियों समेत 29 लोग घायल हुए हैं। राज्य प्रमुख क्रिस मिन्स ने कहा, इस हमले का निशाना सिडनी का यहूदी समुदाय था। यहूदी त्योहार हनुक्का की शुरूआत का जश्न मनाने के लिए सैकड़ों लोग बॉन्डी बीच पर चानुका बाय द सी नामक कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए थे।

ऑस्ट्रेलियाई चैनलों पर प्रसारित फुटेज में देखा जा सकता है कि कोई व्यक्ति बंदूकधारियों में से एक को पकड़कर उससे हथियार छीन लेता है और फिर वही हथियार उस पर तान देता है। मेलबर्न निवासी मोरान ने बताया कि वह पास ही में अपने परिवार का इंतजार कर रहे थे, तभी उन्हें गोलियों की आवाज सुनाई दी। उन्होंने कहा, सब लोग अपना सारा सामान छोड़कर भागने लगे, लोग रो रहे थे, और यह सब बहुत भयानक था। पुलिस ने कहा कि उसका अभियान जारी है और आसपास के इलाके में मिली कई संदिग्ध वस्तुओं की जांच विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा की जा रही है, जिसमें एक संदिग्ध की कार में बरामद किया गया आईईडी भी शामिल है।

**पुलिस ने एक हमलावर को मार गिराया जबकि एक अन्य गिरफ्तार**

### पीएम मोदी ने की आतंकी हमले की निंदा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और दुख की इस घड़ी में वहां के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर आज हुए उस भयावह आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी पर्व हनुक्का के पहले दिन का जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, भारत की जनता की ओर से, मैं उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया की जनता के साथ एकजुटता से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाता है तथा इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।

## पीएम मोदी और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे मेस्सी

**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी सोमवार को भारत दौरे के दिल्ली चरण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आधिकारिक आवास पर जाने के बाद एक सांसद के आवास पर भारत के मुख्य न्यायाधीश और सेना प्रमुख से मुलाकात करेंगे।

जीओएटी भारत दौरे के अंतिम दिन मेस्सी फिरोजशाह कोटला स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम के दो सदस्यों से भी मिलेंगे। समझा जा रहा है कि वह सांसद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता प्रफुल पटेल हैं जो अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष के रूप में तीन कार्यकाल तक सेवा दे चुके हैं।

मेस्सी सुबह 10:45 बजे दिल्ली पहुंचेंगे और शहर के एक होटल में 50 मिनट के मीट एंड ग्रीट (मुलाकात और अभिवादन) सत्र के बाद प्रधानमंत्री के आवास पर जाएंगे जहां वे मोदी के साथ 20 मिनट तक बातचीत करेंगे। उनका अगला पड़ाव एक सांसद का आवास होगा जहां वे भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कौसिनो, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से भी मुलाकात करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख राहुल नवीन के भी सांसद के आवास पर आयोजित होने वाली इस विशेष सभा में शामिल होने की संभावना है। इसमें कुछ शीर्ष सरकारी अधिकारी भी होंगे।

**दिल्ली में मुख्य न्यायाधीश से भी करेंगे बातचीत**

# मेसी के भारत दौरे के मुख्य आयोजक की कोर्ट में पेशी

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में कोलकाता की एक अदालत ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान मची अफरा-तफरी के सिलसिले में इसके मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में शनिवार को आयोजित लियोनेल मेस्सी के फुटबॉल कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आयोजन स्थल पर मची व्यापक अफरा-तफरी के बाद यह कार्रवाई की गई, जिसके कारण अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान लियोनेल मेस्सी को मैदान छोड़कर समय से पहले ही लौटना पड़ा। बिधाननगर पुलिस ने स्टेडियम में मची अफरातफरी का स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्यक्रम के कुप्रबंधन के आरोप में दत्ता को कोलकाता हवाई अड्डे से ही गिरफ्तार कर लिया जहां वह मेस्सी और उनके साथ शामिल अन्य को हैदराबाद जाते समय विदा करने गए थे। अधिकारी ने बताया कि दत्ता की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत को बताया कि उनके मुवक्किल को फंसाया जा रहा है। दत्ता के वकील ने कहा, हमें उम्मीद है कि अगले 14 दिनों में पुलिस जांच से स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

**अदालत ने सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस रिमांड में भेजा**



### राज्यपाल ने साल्ट लेक स्टेडियम का किया दौरा

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के दौरान कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी के एक दिन बाद रविवार को राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने स्टेडियम का दौरा कर घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्यपाल ने इस घटना की न्यायिक जांच की मांग की है। बोस ने सरकार से भविष्य में इस तरह की घटनाओं के प्रबंधन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को तैयार करने का भी आग्रह किया। अधिकारियों ने बताया कि राज्यपाल बोस ने मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ स्टेडियम के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अराजकता के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद उत्तर प्रदेश में चार करोड़ मतदाता घटे

# पात्र लोगों को वोटर बनवाएं कार्यकर्ता : योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर में राज्य में मतदाताओं की संख्या में करीब चार करोड़ की कमी होने का दावा करते हुए रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे हर बूथ पर पूरी जिम्मेदारी से पात्र मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिये जुट जाएं।

मुख्यमंत्री ने यहां एक समारोह में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष निर्वाचित किये जाने के बाद अपने सम्बोधन में कहा कि 18 वर्ष से ज्यादा उम्र के हर शख्स का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए और इस तरह उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 16 करोड़ होनी चाहिए। आदित्यनाथ ने कहा कि मगर एसआईआर के बाद मतदाता सूची में जो नाम आए हैं, वे 12 करोड़ हैं। उन्होंने कहा, यह चार करोड़ का अंतर है। जनवरी 2025 की मतदाता सूची में कुल 15 करोड़ 44 लाख नाम थे। एक जनवरी 2026 को जो भी युवा 18 वर्ष का होगा वह मतदाता बनने का हकदार होगा तो यह संख्या बढ़नी चाहिए लेकिन यह संख्या बढ़ी नहीं, बल्कि घटी है। अब यह 12 करोड़ रह गई है। आदित्यनाथ ने कहा, "यह जो चार करोड़ का अंतर है...। वह आपका विरोधी नहीं है इसमें से 85 से 90 प्रतिशत आपका मतदाता है। संयोग से भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर फार्म जमा करने के लिये 14 दिन का समय बढ़ाया है। इस समय का बेहतर उपयोग हो। कार्यकर्ता हर बूथ में घर-घर जाकर पात्र लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि वे अगले महीने प्रकाशित होने वाली मसविदा सूची का अवलोकन जरूर करें। इसे 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की लड़ाई बताते हुए कहा, आपके सामने विरोधी के पास इतनी ताकत नहीं है लेकिन याद रखना विरोधी चाहे कैसे भी हों, उसके छल और छद्म का जवाब देने के लिए आपके पास उतना ही सामर्थ्य होना चाहिए।

**2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर तैयार रहें कार्यकर्ता**



### फॉर्मों में कुछ बांग्लादेशी भी मिले

आदित्यनाथ ने दावा किया कि हाल में जब वह एक जनपद के दौरे पर गए थे जहां मतदाता सूची में विरोधियों द्वारा भरे गए एसआईआर फॉर्मों में कुछ बांग्लादेशी नागरिकों के नाम भी पाए गए। उन्होंने दावा किया, एक जगह तो यह भी मैंने देखा एक सज्जन का नाम था, उसकी उम्र 20 साल है, उसके पिता की उम्र 30 साल और उसके दादा की उम्र 40 साल थी। तो मैंने कहा कि यह कौन नए नमूने आ गए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि मतदाता सूची में असम के नौगांव का एक व्यक्ति संभल में मतदाता बना है और इसका क्या मतलब है? उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हर जिले में जाएंगे वहां आप उनका स्वागत करेंगे। आपको दिल्ली, गोरखपुर या महराजगंज जाने की आवश्यकता नहीं है।

# शेख हसीना के बयान से यूनुस को लगी मिर्ची

एजेंसी। ढाका

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर भारत में मौजूद अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की ओर से दिए गए भड़काऊ बयानों पर गंभीर चिंता जताई। हसीना (78) पिछले साल अगस्त में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के बाद भारत चली गई थीं। देश के एक विशेष न्यायाधिकरण ने उन्हें मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है।

बांग्लादेश भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। बांग्लादेश के विदेश विभाग ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्रालय ने आज भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया और भारत सरकार को बांग्लादेश सरकार की इस गंभीर चिंता से अवगत कराया कि शेख हसीना को ऐसे भड़काऊ बयान जारी करने की अनुमति दी जा रही है, जिसमें वह अपने समर्थकों को बांग्लादेश में आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसा रही हैं। उनके बयान का उद्देश्य आगामी संसदीय चुनावों को विफल करना है।

बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश हसीना और पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमान खान कमाल को जल्द से जल्द प्रत्यर्पित करने की अपनी मांग एक बार फिर दोहराता है, ताकि वे पिछले महीने विशेष न्यायाधिकरण की ओर से सुनाई गई मौत की सजा का सामना कर सकें।

**बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त को भेजा समन**

### डीएमआरसी स्टेशन ने जीता राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार

# बिजली की खपत में लगातार कमी





पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

■ ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन ने नियमित निगरानी और लक्षित संरक्षण उपायों को किया गया लागू

दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर स्थित ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 में मेट्रो स्टेशनों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली इकाई का पुरस्कार दिया गया है। एक बयान के अनुसार, यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रविवार को विज्ञान भवन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक विकास कुमार ने संगठन की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। ऊर्जा मंत्रालय के अधीन ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ने देश भर की मेट्रो रेल प्रणालियों से प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन करने के बाद इस स्टेशन का चयन किया। बयान में कहा गया है कि स्टेशन को पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बिजली की खपत में लगातार कमी लाने और ऊर्जा प्रदर्शन में सुधार करने के लिए सम्मानित किया गया है। डीएमआरसी के अनुसार, ईस्ट विनोद नगर मेट्रो स्टेशन ने नियमित निगरानी और लक्षित संरक्षण उपायों के कार्यान्वयन के माध्यम से ऊर्जा की खपत को कम किया है, जिसमें पारंपरिक ट्यूब लाइटों को ऊर्जा-कुशल एलईडी लाइटों से बदला है। कंपनी ने बताया कि स्टेशन में 150 किलोवाट-पावर का सौरऊर्जा संयंत्र भी छत पर लगाया गया है, जो इसकी कुल ऊर्जा आवश्यकता का लगभग आधा हिस्सा पूरा करता है। इसमें कहा गया है कि स्टेशन को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) प्रमाणन के तहत प्लैटिनम रेटिंग प्राप्त हुई है, जो हरित भवन मानदंडों और स्थिरता मानकों के अनुपालन को दर्शाती है। डीएमआरसी ने कहा कि यह पुरस्कार सार्वजनिक परिवहन अवसंरचना में ऊर्जा दक्षता और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के उसके प्रयासों को रेखांकित करता है, जो पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ शहरी गतिशीलता में योगदान देता है।

## दिल्ली पुलिस ने नकली दवाओं के रैकेट का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देश भर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2.3 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के लोनी में मीरपुर हिंदू गांव के रहने वाले गौरव भगत और दिल्ली के सबापुर के निर्मल विहार के रहने वाले श्री राम उर्फ विशाल गुप्ता के रूप में हुई।

पुलिस ने बताया कि यह ऑपरेशन इंस्पेक्टर मंजीत कुमार के नेतृत्व में किया गया और एसीपी अनिल शर्मा ने इसकी देखरेख की। खुफिया जानकारी और टेक्निकल सर्विलांस से मिली ग्राउंड-लेवल इंटेलिजेंस के आधार पर, साइबर सेल ने दिल्ली के बड़े थोक दवा और कॉस्मेटिक बाजारों में से एक सदर बाजार के तेलीवाड़ा में छापा मारा। दिल्ली पुलिस ने एक प्रेस नोट में बताया कि छापेमारी के दौरान, साइबर सेल की टीम ने सदर बाजार से बड़ी मात्रा में नकली शेड्यूल-एच मलहम बरामद किए। बरामद नकली दवाओं में बेटनोवेट-सी और क्लोप-जी शामिल हैं।

# सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में सुरक्षा, संस्कृति और शौर्य का उद्घोष

■ सनातन प्रवाह में बाधा डालने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
■ केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का उद्घोष है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की पुनर्स्थापना के बाद समय का चक्र बदल गया है और भारतीय संस्कृति का पुनः उदय दिखाई देने लगा है। देश आज सांस्कृतिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। सनातन धर्म किसी के विरोध में नहीं है, लेकिन सनातन प्रवाह में बाधा डालने वालों को सहन नहीं किया जाएगा, ऐसा वक्तव्य केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने किया । उन्होंने आगे कहा कि, सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले ने पिछले 25 वर्षों से न केवल साधकों की आध्यात्मिक उन्नति की है, बल्कि समाज में नैतिकता, राष्ट्रबोध और धर्मचेतना का संचार किया है।



### जनसंख्या जिहाद पर रोक आवश्यक : डॉ. सुरेश चव्हाण

सुदर्शन न्यूज नेटवर्क के प्रधान संपादक डॉ. सुरेश चव्हाणके ने कहा कि, हिंदू शारीरिक युद्ध में सक्षम है, पर वैचारिक संघर्ष में वह पीछे रह गया है। हम दो, हमारे दो की नीति से हिंदुओं का जनसंख्या अनुपात तेजी से घटा है। देश की सुरक्षा हेतु एनआरसी लागू कर घुसपैठियों को देश से बाहर निकालना अब अत्यावश्यक हो गया है।

### हर मंदिर की मुक्ति तक संघर्ष जारी रहेगा : विष्णु जैन

अनेक राज्यों में सरकार केवल हिंदू मंदिरों का ही नियंत्रण क्यों लेती है? क्या सरकार को मस्जिदों या चर्चों की अव्यवस्था नजर नहीं आती? मंदिर मुक्ति कानून कब लाया जाएगा? सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री विष्णु शंकर जैन ने कहा कि, हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक देश का हर अतिक्रमित हिंदू मंदिर मुक्त नहीं होता।

### धर्म की ही विजय निश्चित : आलोक कुमार, विहिंप

इस सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव से यह विश्वास बढ़ा है कि धर्म की ही विजय होगी, ऐसा मत विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में दिल्ली में हुए आतंकवादी हमलों से यह स्पष्ट हुआ है कि जिहाद का संबंध अशिक्षा या गरीबी से नहीं, बल्कि कट्टर मानसिकता से है।

# दिल्ली में वोट चोर गद्दी छोड़ रैली से भाजपा में मची खलबली: पंकज डावर

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिकों ने भी रैली में की भागीदारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को कांग्रेस की ओर से वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में गुरुग्राम से हजारों लोगों ने शिरकत की। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर के नेतृत्व में कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन से गाडिड़्यां कार्यकर्ताओं व आम जनता को लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुई।

इससे पूर्व सभी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए वोटों की चोरी कर बनाई सरकार से हटने की मांग की। जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ रैली से भाजपा की नींद उड़ गई है। दिल्ली के रामलीला मैदान में लाखों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि आम लोग भी पहुंचे और कांग्रेस के इस आंदोलन का समर्थन किया। क्योंकि लोग जानते हैं कि भाजपा वोटों की चोरी करती है। हरियाणा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पंकज डावर ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने वंदेमातरम भी चोरी करने का भाजपा पर आरोप लगाया है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने न्यायालय के दबाव पर आवाज उठाई है। वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने करीब 55 लाख हस्ताक्षर जुटाए हैं। जिला शहरी अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि यह भी देश के लिए सच्ची भक्ति है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे का आठ घंटे तक ऑपरेशन होना थे।

## उद्योगपति राजस्थान एसोसिएशन के सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए

**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 स्थित राजस्थान भवन में आयोजित राजस्थान एसोसिएशन की एक्सक्यूटिव बॉडी मीटिंग में सर्वसम्मति से समाजसेवी व प्रसिद्ध उद्योगपति गौतम चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। उनका कार्यकाल दो वर्षों का रहेगा। बैठक में अरुण कुमार सराफ को वाइस प्रेसिडेंट, उमेश झांवर को सेक्रेटरी, अश्वनी शर्मा को ज्वाइंट सेक्रेटरी तथा गुलाब चंद को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अध्यक्ष चुने जाने पर गौतम चौधरी ने चीफ पैटर्न टी.एम. लालनी, एस.पी. अग्रवाल, एम.पी. रुंगटा, अरुण बजाज और पास्ट प्रेसिडेंट मनोज अग्रवाल सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सभी को साथ लेकर निभाएंगे।

# स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से विशाल शिविर में हुआ 321 यूनिट रक्त दान

■ सिविल अस्पताल, रोटरी क्लब व मेदांता मेडिसिटी की टीमों ने रक्त संग्रहण किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



समाजसेवा के क्षेत्र में गुरुग्राम की अग्रणी संस्था स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से रविवार को लगाए गए सालाना रक्त दान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर में 321 यूनिट रक्त दान हुआ। साथ ही सेंकड़ों मरीजों ने यहां स्वास्थ्य लाभ भी उठाया। कई तरह की जांच उनकी की गई।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा ने शिरकत की। श्रीमाता शीतला श्राइन बोर्ड के सीईओ सुमित कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष पिंटू त्यागी, मेयर पति तिलकराज मल्होत्रा, पार्षद रेखा सैनी, पार्षद दलीप साहनी, परमिंदर कटारिया, प्रियवर्त कटारिया, सेक्टर-5 आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी विशिष्ट अतिथि रहे। सेक्टर-5 स्थित शिवा पार्क में लगाए गए स्वास्तिक फाउंडेशन के इस शिविर में पहुंचे अतिथियों का संस्था के संरक्षक बनवारी लाल सैनी ने स्वागत किया। संस्था के सभी पदाकारियों, सदस्यों ने अतिथियों के साथ-साथ रक्तदाताओं का भी सम्मान किया। आमंत्रित सदस्यों के साथ-साथ राहगिरों ने भी रक्त दान किया। लोगों में उत्साह देखते ही बनता था। रक्तदाता इतने अधिक पहुंचे कि उन्हें रक्त दान के लिए इंतजार तक करना पड़ा। सभी रक्त संग्रहण टीमों ने लगातार काम करते हुए शिविर में 321 यूनिट रक्त एकत्रित किया। रक्तदाताओं की पूरी जांच प्रक्रिया के बाद उनका रक्त लिया गया। सभी को रिफ्रेशमेंट के साथ स्वास्तिक फाउंडेशन की ओर से सम्मानित भी किया गया। इस शिविर में लोगों को प्लास्टिक मुक्त गुरुग्राम बनाने का संदेश देते हुए उन्हें कपड़े के बैग वितरित किए गए। बैग पर भी पर्यावरण बचाने के स्लोगन लिखे गए। शिविर स्थल पर भी पर्यावरण व रक्तदान के प्रति जागरुकता के स्लोगन लिखे बोर्ड लगाए गए थे।

# धर्मार्थ कार्यों के लिए सभी को आगे आने की जरूरत : धनेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि धर्मार्थ कार्यों के लिए समाज के सभी वर्गों को बढ़-चढ़कर योगदान देना चाहिए। उन्होंने यह बात एनआईटी-2 स्थित भाटिया सेवक समाज चैरिटेबल अस्पताल का अवलोकन करते हुए कही। विधायक ने अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और उपचार व्यवस्था की सराहना की। इस अवसर पर समाज के प्रधान मोहन सिंह भाटिया और सी.दास ग्रुप के चेयरमैन बी.आर. भाटिया मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि भाटिया सेवक समाज द्वारा संचालित यह अस्पताल समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसमें नेत्र जांच और शल्य चिकित्सा की आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं से अपील की कि संकल्प और प्रयास से वे आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सकते हैं। भाटिया ने बताया कि अस्पताल में मरीजों को न्यूनतम या निःशुल्क दरों पर इलाज उपलब्ध कराया जाता है और भविष्य में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की योजना भी बनाई जा रही है। विधायक ने संस्था को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और समाज सेवा के प्रयास को आगे बढ़ाने की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कई धर्मगुरु, पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता और संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में धर्मगुरु पीर जगन्नाथ, जीत सिंह, बीडी भाटिया सहित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

## राजीव जेटली ने योग व सकारात्मक माहौल पर दिया बल

**फरीदाबाद।** जिले के सबसे पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में रविवार को उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा प्रायोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार के कार्यालय के मीडिया-मुख्य मीडिया सलाहकार एवं प्रवक्ता राजीव जेटली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

राष्ट्रीय स्तर की इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) से पधारे प्रोफेसर डॉ. राजीव चौधरी रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में उच्चतर शिक्षा से जुड़े शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को योग एवं शारीरिक व्यायाम के माध्यम से तनावमुक्त रहने के उपाय बताए।

# एचएसपीसीबी व एमसीजी ने चलाया स्वच्छता वे प्लास्टिक मुक्त अभियान

■ स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए जनभागीदारी को जरूरी बताया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) तथा नगर निगम गुरुग्राम (एमसीजी) के संयुक्त तत्वावधान में आज खेडकी गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह के निर्देशों की अनुपालना में आयोजित इस अभियान में नगर निगम गुरुग्राम की ओर से अतिरिक्त आयुक्त रविंद्र यादव का विशेष सहयोग रहा।

अभियान के दौरान क्षेत्र को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से प्लास्टिक थैलियों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया तथा स्टॉर्म वाटर ड्रेनों की साफ-सफाई की गई। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी सिद्धार्थ भार्गव ने अभियान के दौरान ग्रामीणों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने, स्वच्छता बनाए रखने तथा जल निकासी व्यवस्था को बाधित न करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है और ऐसे अभियानों से पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति तक हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं नगर निगम गुरुग्राम द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के संयुक्त अभियानों का क्रम जारी रहेगा।

## सांसद खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

■ सांसद मनोज तिवारी के साथ दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्र राज खेल के मैदान पर पहुंचे

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी के द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव के सातवें दिन रविवार को प्रतियोगिता के तीन मैचो का आयोजन किया गया, यह टूनामेंट खजूरी चौक के पास स्थित दिल्ली विकास प्राधिकरण के मैदान पर किया जा रहा है,टूनामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाडियों का हौसला बढ़ाने के लिए सांसद मनोज तिवारी के साथ दिल्ली सरकार के केबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्र राज खेल के मैदान पर पहुंचे।

उन्होंने मैच की टीमों से परिचय किया और उनका हौसला बढ़ाया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डाक्टर यू के चौधरी मास्टर विनोद कुमार भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष सागर त्यागी जोन चेयरमैन पुनीत शर्मा और गुलाब सिंह राठौर भाजपा नेता चौधरी बिजेंद्र सचिन मावी पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद त्रिवेदी पार्षद मास्टर सत्यपाल सिंह रेखा रानी आयोजन समिति के पदाधिकारी संजीव चौधरी कृष्णा चौबे बीरेंद्र खंडेलवाल सांसद प्रतिनिधि मुकेश गोयल कमल रोहिल्ला दीपक चौहान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद और खेल महोत्सव के आयोजक मनोज तिवारी ने कहा कि खेलों इंडिया का यह आयोजन खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर तो दे ही रहा है क्षेत्र में एक और विकास की तस्वीर गढ़ने की शुरूआत भी कर रहा है।

### खेल, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का माध्यम हैं युवा खिलाड़ी : सुभाष बराला

# युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं खेल

■ खेलों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं राज्य सरकारें

पायनियर समाचार सेवा। फतेहाबाद



राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त मंच है। उन्होंने महोत्सव में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे नशे और ऑनलाइन गेम्स जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। सांसद बराला ने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का आधार हैं, जो युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान करते हैं। रविवार को एमएम कॉलेज, फतेहाबाद में आयोजित सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव के फाइनल मुकाबलों एवं समापन समारोह में राज्यसभा सांसद ने कहा कि आज का युवा देश का भविष्य है।

यदि युवा खेल के मैदान से जुड़े रहेंगे तो वे स्वतः ही नशे, मोबाइल की लत और ऑनलाइन गेम्स जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लें, हार-जीत को सहज रूप से स्वीकार करें और निरंतर मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ें।

सांसद बराला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें खेलों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। खेलो इंडिया जैसी केंद्र की योजनाओं और हरियाणा की खेल नीति के माध्यम से प्रदेश और देश में खेल संस्कृति मजबूत हो रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को पारदर्शी चयन प्रणाली, बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल ढांचा और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मान व प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों का बढ़ता योगदान इस नीति की सफलता का प्रमाण है। सांसद ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने का माध्यम हैं। समारोह में उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर हरकोफेड चेयरमैन वेद फुला, एमएम कॉलेज प्राचार्य गुरचरण सिंह, एसई ओपी बिश्नोई, डीएसओ विष्णुदास, भीम लांबा, एईओ अनूप सिंह सहित संगठन पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सांसद बराला ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल के माध्यम से अपने जीवन को स्वस्थ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण बनाएं और देश का नाम रोशन करें।

# आंखों की रोशनी लौटी तो डेरा सच्चा सौदा का आभार जताते रहे लोग

■ 34वें फ्री आई कैंप के तीसरे दिन तक 12278 मरीजों की हुई आंखों की जांच

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा



शाह सतनाम-शाह मस्ताना जी धाम, डेरा सच्चा सौदा सिरसा में पूजनीय परम पिता शाह सतनाम जी महाराज की पावन स्मृति में पूज्य गुरु संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां की पावन प्रेरणा से आयोजित चार दिवसीय 34वें याद-ए-मुर्शिद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज फ्री आई कैंप में हर दिन उम्मीद की नई किरणें जगमगा रही हैं। कैंप में आंखों की जांच और ऑपरेशन का सिलसिला लगातार जारी है।

तीसरे दिन तक 12278 मरीजों की आंखों की जांच पूरी की जा चुकी है। कैंप में पहुंचे मरीजों की भीड़ इस बात की गवाही दे रही है कि जरूरतमंदों के लिए यह शिविर कितना महत्वपूर्ण है। जांच के बाद 281 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनमें से 182 मरीजों के सफल ऑपरेशन हो चुके हैं। ऑपरेशन के बाद जब मरीजों की आंखों से पट्टियां खुली और उन्हें फिर से साफ दिखाई देने लगा, तो उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस सेवा शिविर के तहत अब तक 2628 मरीजों को निःशुल्क चश्मे और 6709 मरीजों को दवाइयां वितरित की जा चुकी हैं। कैंप में जांच का क्रम 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। पहले दिन ऑपरेशन करवाने वाले 101 मरीजों को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आंखों की रोशनी लौटने पर मरीज और उनके परिजन भावुक होकर डेरा सच्चा सौदा और पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां का आभार व्यक्त करते नजर आए। शाह सतनाम जी स्पेशलिटी अस्पताल में बनाए गए अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटरों में नेत्र रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम मरीजों का इलाज कर रही है। अस्पताल की डॉ. मोनिका गर्ग इन्सां, डॉ. गीतिका इन्सां, शाह सतनाम जी सार्वजनिक अस्पताल श्री गुरुसरमोडिड्डा से डॉ. ललित और चंडीगढ़ से पहुंचे वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अवनीश गुप्ता अपनी टीम ऑपरेशन कर रही है।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने स्व. दीपचंद को दी श्रद्धांजलि

**रोहतक।** जिला के गांव जेठपुर (तैमूरपुर) गांव के सबसे बुजुर्ग दीपचंद भट्ठी का 94 साल की उम्र में निधन होने पर राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समेत अनेक समाज के अग्रणी व्यक्तियों ने स्वर्गीय दीपचंद भट्ठी को गांव ही नहीं, पूरे क्षेत्र के लिए सामाजिक क्षति बताया। उनका जाना एक स्तम्भ का गिर जाने के बराबर है।

गांव के हर घर, हर परिवार से सौहार्द और प्रेम का रिश्ते रखने वाले स्वर्गीय दीपचंद भट्ठी के नाम पर परिवार की ओर से गांव में काज (भंडारा) किया गया।

**Name change**

I,Tushar S/o Deepak Kumar R/o H.No. 2M/34BP, NH-2, Faridabad HR have changed my name to Sanyam.

# दिल्ली-एनसीआर में सांसों पर लगा 'आपातकाल'

## प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंचा, कई इलाकों में क्यूआई 450 पार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/नोएडा

■ ग्रैप-4 की पाबंदियों को किया गया लागू, हाइब्रिड मोड में चलेंगी कक्षाएं



दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 पार रहा। यह जानकारी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने दी। राष्ट्रीय राजधानी में रातभर घनी धुंध छाई रही, जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई हुई।

सीपीसीबी के अनुसार, सुबह दिल्ली का एक्यूआई 459, नोएडा का 469 और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 442 मापा गया। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, एक्यूआई 0 से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 संतोषजनक, 101 से 200 मध्यम, 201 से 300 खराब, 301 से 400 बेहद खराब और 401 से 500 गंभीर माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री कम 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए, दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को सभी स्कूलों को नौवीं और 11वीं की पढ़ाई हाईब्रिड मोड पर कराने का निर्देश दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर को और बिगड़ने से रोकने के लिए चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत सख्त प्रतिबंध शनिवार से लागू किए।

गौतमबुद्ध नगर के पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ प्रवीण रंजन ने बताया कि कोहरे की संभावना के कारण जिले में विभिन्न राजमार्गों पर वाहनों की गति सीमा घटा दी गई है, और यह व्यवस्था सोमवार से लागू होगी। उन्होंने कहा, 15 दिसंबर रात 12 बजे से यमुना एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों की गति सीमा 100 किलोमीटर से घटाकर 75 किमी प्रति घंटा कर दी गई है, जबकि भारी वाहनों के लिए यह 60 किलोमीटर प्रति घंटा की गई है। यह आदेश 15 फरवरी तक लागू रहेगा। नोएडा एक्सप्रेसवे पर हल्के वाहनों के लिए गति सीमा 75 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। इसी तरह, एलिवेटेड मार्ग पर हल्के वाहनों की गति सीमा 50 और भारी वाहनों की 40 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है।

### बाहरी खेलों के आयोजन पर रोक लगाने का आदेश

नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने दिल्ली और एनसीआर राज्य सरकारों को सभी बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियों को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया है, साथ ही चेतावनी दी है कि खराब वायु गुणवत्ता के बीच ऐसे आयोजनों का निरंतर संचालन बच्चों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है। आयोग ने शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि वह इस बात से चिंतित है कि 19 नवंबर के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप जारी किए गए निर्देशों के बावजूद दिल्ली-एनसीआर के कुछ स्कूल और संस्थान अब भी बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। खराब वायु गुणवत्ता के दौरान बाहरी शारीरिक गतिविधियों को जारी रखना उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों और आयोग के निदेशों की भावना और उद्देश्य के विपरीत है। आयोग ने 19 नवंबर को लिखे एक पत्र में नवंबर और दिसंबर के दौरान निर्धारित शारीरिक खेल प्रतियोगिताओं को स्थगित करने का आह्वान किया था। इसने एनसीआर राज्य सरकारों और दिल्ली सरकार को पूर्व निर्देशों का सख्ती से और तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करने, सभी स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों, खेल निकायों और स्थानीय अधिकारियों को बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियों को बंद करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने और स्कूलों और अभिभावकों को इसमें शामिल स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जागरुक करने का निर्देश दिया।

## खाना बनाते समय लगी आग, मासूम की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



■ बिस्तर से गैस चूले की मात्र डेढ़ फुट थी दूरी

दिल्ली के विवेक विहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत झिलमिल कृष्णा मार्केट स्थित राजीव कैंप जेजे क्लस्टर में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर में खाना बनाते वक्त लगी आग की चपेट में आकर एक साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसकी चार साल की बहन गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। घटना के बाद पूरे कैंप में मातम पसरा हुआ है।

डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम के मुताबिक शनिवार को जीटीबी अस्पताल से सूचना मिली कि दो छोटे बच्चों को आग से झुलसी हालत में भर्ती कराया गया है। दोनों राजीव कैंप निवासी अतुल पंडित के बच्चे हैं। अस्पताल में किए गए मेडिकल परीक्षण में आग से झुलसने की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान एक वर्षीय अंश ने दम तोड़ दिया, जबकि उसकी बहन परी की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। मां निशा ने पुलिस को बताया कि वह कमरे में गैस पर खाना बना रही थीं। शौच के लिए बाहर जाने के दौरान दोनों बच्चे कमरे में बेड पर सो रहे थे। गैस चूल्हे और बेड के बीच की दूरी महज करीब डेढ़ फीट थी। इसी दौरान किसी वजह से आग भड़क गई और देखते ही देखते बेड ने आग पकड़ ली। करीब 15 मिनट बाद लौटने पर उन्होंने बच्चों को झुलसी हालत में देखा। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। इसके बाद बच्चों को तुरंत जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन एक मासूम की जान नहीं बच सकी। शुरूआती जांच में किसी तरह की साजिश या आपराधिक पहलू सामने नहीं आया है और मामले को हादसा माना जा रहा है।

## मंदिर के दानपात्रों से नकदी और सोने के गहने चोरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मधु विहार इलाके में प्राचीन साईं शनि धाम मंदिर में दानपात्रों और सोने के गहने चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने गुरुवार देर रात मंदिर के मुख्य द्वार की ग्रील को गैस कटर से काटकर वारदात को अंजाम दिया है।

आरोपी चोरी के बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर व टीवी मॉनीटर भी अपने साथ चुरा ले गए। मामले में मंदिर के प्रधान कृष्णानंद शास्त्री की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से चोरों की पहचान की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता कृष्णानंद शास्त्री ने बताया कि मधु विहार स्थित उक्त मंदिर को 11 दिसंबर की रात 10.30 बजे बंद किया गया था। अगले दिन तड़के 5.30 बजे जब पूजा के लिए पुजारी मंदिर को खोलने पहुंचे तो मंदिर का मुख्य द्वार गैस कटर की मदद से काटा हुआ मिला। अंदर जाकर जांच करने पर पता चला कि मंदिर में रखा राम दर्शन दान पात्र, साईं बाबा मंदिर का दानपात्र, भगवान परशुराम मंदिर दान पात्र और माता दुर्गा का करीब 80 ग्राम सोने का हार, डीवीआर, टीवी व महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब मिले। दावा है कि दानपात्र में करीब 2.5 रुपये नकद मौजूद थे। तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल के बाद केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पूर्वी दिल्ली में ऑटो रिक्शा चालक की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर इलाके में दो नाबालिगों के साथ हुई कहासुनी के बाद 18 वर्षीय एक ऑटो रिक्शा चालक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना शनिवार रात लगभग साढ़े 11 बजे हुई। घटना में शामिल दोनों नाबालिगों को पकड़ लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विशाल शादी से लौटकर अपने घर के पास खड़ा था, तभी आरोपियों के साथ उसकी कहासुनी हो गई। उन्होंने बताया कि विवाद विशाल के नाबालिग के एक रिश्तेदार से कथित संबंध को लेकर शुरू हुआ था। कहासुनी के दौरान, एक नाबालिग ने चाकू निकालकर विशाल पर कई वार किए। अधिकारी ने बताया, विशाल की छाती के ऊपरी बाएं और दाएं हिस्से तथा हाथ पर चाकू से वार किए गए। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि हत्या व्यक्तिगत रंजिश में की गई थी। यह रंजिश आरोपी नाबालिगों में से एक के रिश्तेदार से कथित संबंध से जुड़ी है। अपराध में प्रत्येक नाबालिग की सटीक भूमिका का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## खुले में कूड़ा जलाने पर 5,000 रुपए तक का लगेगा जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए रविवार को सख्त कदम उठाए हैं।

सीएम रेखा गुप्ता ने खुले में कूड़ा जलाने पर 5,000 रुपए तक जुमार्ना लगाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण पर किसी तरह की कोताही नहीं बरतने की बात कही। उन्होंने इसमें लोगों की सहभागिता का अनुरोध भी किया। उन्होंने साफ किया कि नियमों के उल्लंघन करने पर जुमार्ने का प्रावधान भी है। उन्होंने लिखा, प्रदूषण नियंत्रण में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। खुले में कूड़ा जलाने पर 5,000 रुपए तक का जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने आगे लिखा, सभी दिल्लीवासियों से विनम्र अपील है कि प्रदूषण के विरुद्ध इस प्रयास में सरकार का सहयोग करें, नियमों का पालन करें और स्वच्छ व स्वस्थ दिल्ली के निर्माण में अपनी सहभागिता निभाएं। सीएम रेखा गुप्ता ने 48 सेकेंड का एक वीडियो भी शेयर किया। इसमें बताया गया है कि नियमों के उल्लंघन करने पर मौके पर ही कार्रवाई होगी। वीडियो में बताया गया, दिल्ली सरकार ने प्रदूषण के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। हर नागरिक की सेहत सरकार की पहली जिम्मेदारी है। अब खुले में कूड़ा, पत्ते या प्लास्टिक जलाने पर सीधे 5,000 रुपए जुमार्ना लगेगा। एमसीडी और जिला प्रशासन मौके पर ही कार्रवाई करेंगे। वीडियो में बताया गया है कि होटल और रेस्टोरेंट में कोयला और लकड़ी के तंदूर पूरी तरह 100 प्रतिशत बंद होंगे। यह पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

## 11 साल से फरार हत्या का आरोपी झज्जर में गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में दर्ज हत्या के मामले में 11 साल से फरार 41 वर्षीय एक महिला को हरियाणा के झज्जर में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाबा हरिदास नगर में अपने पड़ोसी की हत्या के मामले में कथित रूप से शामिल वांछित आरोपी प्रीति को 12 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, 30 जुलाई 2014 को हुई इस हत्या से पहले, पड़ोसी के परिसर में सबमर्सिबल पंप से पानी फैलने को लेकर झगड़ा हुआ था। एक अधिकारी ने कहा, झगड़ा तेजी से बढ़ गया और कई लोग तेज धारदार हथियारों से भिड़ गए। इस दौरान बीच-बचाव करने आए रवि के सीने में चाकू घोंप दिया गया और बाद में राव तुला राम अस्पताल में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि उस दौरान इस संबंध में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया था जिनमें आरोपी प्रीति का पति भी शामिल था लेकिन प्रीति कानून की पकड़ से बचने में सफल रही। पुलिस ने बताया कि वह एक दशक से अधिक समय तक फरार रही और बार-बार अपना स्थान और संपर्क नंबर बदलती रही जिसके बाद पुलिस ने उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया।

## पूर्वी दिल्ली में मंदिर के अंदर महिला की चाकू घोंपकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

■ मानसरोवर पार्क थाने से कुछ ही दूरी पर हुई घटना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



शाहदरा जिले के मानसरोवर पार्क थाना क्षेत्र में स्थित श्री ज्वाला जी मंदिर में महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के समय मंदिर में पूजा कर रही दूसरी महिला ने जब विरोध किया तो उसके ऊपर भी हमला किया गया। हमलावर युवक मंदिर के पुजारी की हत्या करने के उद्देश्य से वहां पहुंचा था, पुजारी वहां नहीं मिले तो उनकी पत्नी की हत्या को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गया। गौरतलब है कि वारदात स्थल मानसरोवर पार्क थाने से करीब 150-200 मीटर की दूरी पर है।

मृतक महिला की पहचान कुसुम शर्मा (48) के रूप में हुई है वह अपने पति महेश शर्मा के साथ राम नगर, मानसरोवर पार्क में रहती थी। वह मानसरोवर पार्क स्थित श्री ज्वाला जी मंदिर की देखभाल अपने पति के साथ मिलकर करती थी, रविवार को करीब 11.30 बजे एक युवक मंदिर में पहुंचा और उसने पंडित महेश शर्मा को पूछा, तब महिला ने बताया वह किसी काम से बाहर गए हैं। मैं उनकी पत्नी हूं कोई काम है तो मुझे बता दो। इतना सुनने के बाद हमलावर युवक ने अपने पास मौजूद चाकू निकाला और मृतका के सिर पर कई बार कर दिए, वारदात के समय मंदिर में मौजूद एक बुजुर्ग महिला ने जब आरोपी को मृतका पर हमला करने से रोकना चाहा तो हमलावर युवक ने उनके ऊपर भी चाकू से हमला किया और मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कुसुम शर्मा को जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शाहदरा जिला उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया करीब 12 बजे मानसरोवर पार्क थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि दो युवकों ने पंडिताइन पर चाकू से हमला करके हत्या कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और हत्या प्रयोग हथियार बरामद कर लिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है। मृतका के पति महेश शर्मा ने बताया वह 36 साल से इस मंदिर में पूजा-पाठ करते आ रहे है, हमलावर उनको पूछता हुआ आया था जब उसे बता लगा कि कुसुम शर्मा उनकी पत्नी है, तब उनकी पत्नी पर चाकू से हमला करके हत्या की गयी है। महेश शर्मा ने बताया उनका इस मंदिर की जमीन को लेकर किसी से झगड़ा भी चल रहा है जिसकी अगले महीने की 8 तारीख को कोर्ट में तारीख है।

## आप ने चुनावी धांधली को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाए

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने वोट-चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की ईमानदारी पर सवाल उठाया। उन्होंने दिल्ली में वोट में हेराफेरी पर उनकी पिछली चुप्पी पर आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी सिर्फ अपनी पार्टी के लिए बोलते हैं, देश के लिए नहीं। श्री भारद्वाज ने लोकतंत्र को मजबूत करने के सभी प्रयासों का स्वागत करते हुए पूछा कि कांग्रेस एक साल पहले चुप क्यों रही, जब अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह समेत आप नेता दिल्ली चुनावों में जिसे वे वोट-चोरी कह रहे हैं, उसके सबूत सार्वजनिक रूप से पेश कर रहे थे। भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, उस समय हमारे नेता बार-बार सबूत पेश कर रहे थे लेकिन कांग्रेस पूरी तरह चुप रही। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दिल्ली में इन आरोपों पर बोलने की चुनौती दी।

## शंकराचार्य ने किया चार पुस्तकों का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी श्री शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने कुरुक्षेत्र गुरुकुलम फाउंडेशन द्वारा दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में तीन पुस्तकों और एक आगामी पुस्तक के कवर पेज का लोकार्पण किया। सभी पुस्तकों को दिल्ली के कपोत प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। पहली पुस्तक मनुस्मृति अंबेडकर एंड था पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया के लेखक कमल रावत हैं। यह पुस्तक अंग्रेजी में है।

इसमें मनुस्मृति, भारतीय संविधान, डॉ भीमराव अम्बेडकर और आज की भारतीय राजनीति को समझने और समझाने का प्रयास किया गया है। दूसरी पुस्तक देश किसका? है। इसके संपादक संदीप देव हैं। इस पुस्तक में 10 प्रबुद्ध विद्वानों के लेख हैं। हिंदी और अंग्रेजी में एक ही जिल्द में प्रकाशित इस पुस्तक में भारत की मुख्य पहचान को स्थापित करने का प्रयास किया गया है। तीसरी पुस्तक सनातन हिंदू धर्म के मूल तत्व है। इसका प्रकाशन 1916 में सेंट्रल हिंदू कॉलेज द्वारा आखिरी बार किया गया था। इसकी मुख्य लेखक डॉ. एनी बेसेंट एवं उनकी टीम थी। यह सेंट्रल हिंदू कॉलेज का पाठ्यक्रम था, जिसमें पहली बार हिंदू धर्म को एक सिलेबस के रूप में प्रस्तुत किया गया था। चौथी आगामी पुस्तक मूर्तिभंजक अब्राहमिक पंथों का आरंभ और जरथ्रुष्ट्र है, जिसका कवर पेज जारी किया गया। इसके लेखक सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और रामजन्म भूमि मामले में हिंदू पक्ष से सबसे लंबे समय तक बहस करने वाले वकील डॉ पी.एन.मिश्र हैं।

## कांग्रेस की रैली को भाजपा ने बताया घुसपैठियों को बचाने की कोशिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



■ कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने की अपनी कोशिश में सफल नहीं होगी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस की रैली से पहले रविवार को आरोप लगाया कि मुख्य विपक्षी दल यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित कर रहा है ताकि घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाए जाने से बचाया जा सके। सत्तारूढ़ भाजपा ने दावा किया कि कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने एवं बदनाम करने की अपनी कोशिश में सफल नहीं होगी, क्योंकि पूरी दुनिया जानती है कि भारत का लोकतंत्र बहुत मजबूत है।

चुनावों में भाजपा द्वारा कथित वोट चोरी के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए कांग्रेस ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में एक रैली का आयोजन किया है। इस रैली में पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे, जिनमें महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, के. सी. वेणुगोपाल, जयराम रमेश और सचिन पायलट शामिल हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी कार्यक्रम में शामिल हो सकती हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कार्यक्रम से पहले कहा कि कांग्रेस यह रैली ऐसे समय में कर रही है, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान चुनाव सुधारों पर हुई बहस में विपक्ष के कथित गढ़े हुए आरोपों का बिंदुवार खंडन करके उन्हें बेनकाब कर दिया है। पात्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह दिखाता है कि सच आपके साथ नहीं है, फिर भी आप भ्रम का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस की यह रैली घुसपैठियों को बचाने की कवायद है। कांग्रेस यही कर रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी लोगों को गुमराह करने के साथ-साथ हमारे संवैधानिक संस्थानों का अपमान करने और उन्हें बदनाम करने की चाहे जितनी कोशिश कर ले, लेकिन पूरी दुनिया जानती है कि भारत का लोकतंत्र बहुत मजबूत है और इसे हिलाया नहीं जा सकता। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को चुनौती दी कि यदि उन्हें कोई अनियमितता लगती है तो वह बिहार विधानसभा चुनाव को चुनौती दें। पात्रा ने कहा, राहुल जी, आपके पास अभी शायद 10 दिन का समय बचा है। अगर आपको बिहार विधानसभा चुनावों की किसी भी सीट पर चुनाव प्रक्रिया में कोई अनियमितता लगती है, तो आप अब भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 'वोट चोरी' के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में कांग्रेस की रैली

## देश में सत्य और असत्य के बीच लड़ाई : राहुल गांधी

■ सत्य के साथ खड़े होकर आरएसएस सरकार को हटाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सत्य और असत्य के बीच लड़ाई जारी है और उनकी पार्टी सत्य के साथ खड़े होकर आरएसएस सरकार को हिंदुस्तान से हटाएगी। राहुल ने यहां रामलीला मैदान में वोट चोर, गद्दी छोड़ रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलकर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान का हवाला देते हुए कहा, भागवत ने कहा कि विश्व सत्य को नहीं शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है उसे माना जाता है। यह विचारधारा आरएसएस की है। हमारी विचारधारा, हिंदुस्तान की विचारधारा, हिंदू धर्म की विचारधारा और दुनिया के सभी धर्मों की विचारधारा कहती है कि सत्य सबसे जरूरी हैं। भागवत कहते हैं कि सत्य का कोई मतलब नहीं है, सत्ता जरूरी है। उन्होंने कहा, सत्य और असत्य के बीच लड़ाई है। हम सत्य के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान से नरेन्द्र मोदी, अमित शाह तथा आरएसएस सरकार को हिंदुस्तान से हटाएंगे।

भागवत ने शनिवार को अंडमान में विराट हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि वर्तमान समय में वैश्विक मान्यता को आकार देने में केवल सत्य से कहीं अधिक शक्ति का योगदान है। उन्होंने कहा था, विश्व सत्य को नहीं, शक्ति को देखता है, जिसके पास शक्ति है, उसको मानता है...भले मन से नहीं, पर मानता जरूर है। राहुल गांधी ने 2023 के निर्वाचन आयोग का हवाला देते हुए चेतावनी भरे लहजे में कहा, कांग्रेस पार्टी आपसे (निर्वाचन आयुक्त) कह ही है, आप हिंदुस्तान के निर्वाचन आयुक्त हो, नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन आयुक्त नहीं हो।

हम कानून पूर्वव्यावी रूप से बदलेंगे और आपके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने दावा किया कि संसद में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान अमित शाह के हाथ कांप रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, हो सकता है इस सब में समय लगे, लेकिन हिंदुस्तान में सत्य की जीत होगी। उनका कहना था, हम सत्य और अहिंसा के साथ नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को हराकर दिखाएंगे।

### मतपत्र से चुनाव हो तो भाजपा नहीं जीत सकतीः प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को दावा किया कि यदि देश में सही चुनाव और मत पत्र से चुनाव करा लिए जाएं तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कभी चुनाव नहीं जीत सकती। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी का विश्वास घट रहा है तथा सिर्फ निर्वाचन आयोग की बदौलत चुनाव जीता जा रहा है। प्रियंका गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर दावा किया कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ नामों को मतदाता सूचियों से काटे गए हैं। उनका कहना था कि बिहार विधानसभा चुनाव में हार को लेकर कांग्रेस समर्थकों को मायूस होने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह चुनाव 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काटकर और आचार संहिता के बीच लोगों के खातों में 10-10 हजार रुपये पहुंचाकर चोरी हुआ है। प्रियंका गांधी ने कहा, जब सब संस्थाओं को कुचला जा रहा है, तो एक-एक भारत वासी को उठना चाहिए, जागना चाहिए और समझना चाहिए कि देश के व्यक्ति पर वार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि आज के समय में न्यायपालिका दबाव में है।

## संक्षिप्त खबरें

### कला उत्सव में समूह नृत्य प्राथमिक वर्ग में शीतला विद्यापीठ ने बाजी मारी



**गुरुग्राम।** रविवार को कला उत्सव 2025 में स्कूली विद्यार्थियों ने अपनी कला का अनूठा प्रदर्शन किया। एक से बढकर एक प्रस्तुतियां इस कार्यक्रम में दी गई। शास्त्रीय नृत्य से कला उत्सव की शुरूआत हुई, जिसमें 20 बच्चों ने प्रतिभागिता की। संगीता सुनेजा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्जवलन से विधिवत कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। शास्त्रीय नृत्य में खुशी संगीत कला केन्द्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सीसीए स्कूल को द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। समूह नृत्य प्राथमिक वर्ग में शीतला विद्यापीठ ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। घुंघरू डांस को दूसरा एवं कीर्ति मंटेसरी को तीसरा स्थान मिला। विद्यालय स्तर की समूह नृत्य प्रतियोगिता में कुल 16 विद्यालयों ने प्रतिभागिता की और अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के माध्यम से समाज को संदेश दिया। कुल 20 बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

### वार्ड-42 में नए पार्क का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** वार्ड नंबर-42 के पार्षद दीपक यादव द्वारा 63 रुपए लाख की लागत से निर्मित नए पार्क का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह पार्क मिल्क प्लांट रोड, पानी की टंकी के पास भाटिया कॉलोनी में स्थित है। उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्ड-43 की पार्षद रश्मि यादव, वार्ड-40 के पार्षद पवन यादव सहित चंदर पाल शर्मा, धनी राम शर्मा, ज्ञानवीर चौधरी, वेद पाल राणा, हरि सिंह तोमर, टेक चंद बघेल, मदन सैनी, आर.डी. गुप्ता आदि मौजूद रहे। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन वी.पी. भाटी सहित अन्य पूर्व सैनिकों ने पार्क का नाम शहीदों के सम्मान में रखने का सुझाव दिया।

### न्यू ओसम क्रिकेट ग्राउंड का उद्घाटन

**फरीदाबाद।** क्रिकेट के प्रति युवाओं की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए पाली गांव में दो नए क्रिकेट मैदान तैयार किए गए हैं। इन मैदानों का नाम न्यू ओसम क्रिकेट ग्राउंड रखा गया है। दोनों मैदानों का उद्घाटन निचिरिन इम्पीरियन कंपनी के जीएम तोसमिस्टू तकाहस्सी और महेश गलगत ने रिबन काटकर किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत ग्राउंड के मालिक एडवोकेट देबू कपासिया और सत्तन कपासिया ने किया। इस अवसर पर हरिचंद कपासिया, अत्तर सिंह कपासिया, राजबीर भड़ाना, विक्रम भड़ाना भारत, वेदपाल भड़ाना, भूषण चंदीला एडवोकेट, जेपी कपासिया, बंटी कपासिया, नरेश फागना, विकास भड़ाना एडवोकेट, दिलराज चौधरी एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सेफ्टी ऑन रोड्स जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा में जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के संयुक्त तत्वावधान में सेफ्टी ऑन रोड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने की, जबकि ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र बल्हारा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जूनियर रेडक्रॉस एवं स्टूडेंट पुलिस कॉर्प्स के सदस्यों को ट्रैफिक चिह्नों, यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि नियमों की अनदेखी के कारण हर वर्ष डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान चली जाती है, जो परिवार, समाज और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र ने विद्यार्थियों को सीट बेल्ट पहनने, मोबाइल का प्रयोग न करने, बाइक पर ट्रिपल राइडिंग से बचने, जेब्रा क्रॉसिंग व ट्रैफिक संकेतों का पालन करने की सलाह दी।

### चार स्कूलों को मिलीं आधारभूत सुविधाएं

**फरीदाबाद।** सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्र पुंछ में बच्चों की शिक्षा सशक्त बनाने के लिए एमउएम फाउंडेशन ने चार सरकारी स्कूलों को आधारभूत सुविधाओं से संपन्न किया। इस पहल का उद्देश्य संघर्ष और भौगोलिक चुनौतियों से जूझ रहे गांवों के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल देना है। हस्तांतरण समारोह में मेंढर महोत्सव के दौरान भारतीय सेना के मेजर जनरल कौशिक मुखर्जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 2,000 से अधिक छात्र, शिक्षक, स्थानीय समुदाय और अधिकारियों ने भाग लिया। इस परियोजना के तहत स्कूलों में उन्नत कक्षा अवसंरचना, डिजिटल लर्निंग टूल्स, बुनियादी सुविधाएं और सह-पाठ्यचर्या संसाधन उपलब्ध कराए गए।

### 1 लाख गीगाजूल से अधिक ऊर्जा की बचत की

**फरीदाबाद।** भारत की प्रमुख जिंक निमार्ता, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 में 1 लाख गीगाजूल से अधिक ऊर्जा की बचत की है, जो लगभग 19,000 भारतीय घरों की सालाना बिजली खपत के बराबर है। नेशनल एनर्जी कंजरवेशन डे के अवसर पर कंपनी ने राजस्थान में अपने ऑपरेशंस में 20,000 टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन में कमी की जानकारी दी। कंपनी ने एनर्जी एफिशिएंसी बढ़ाने और डीकाबोर्नाइजेशन के लिए वेरिएबल-फ्रीक्वेंसी ड्राइव, हाई-एफिशिएंसी इक्विपमेंट, रियल-टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग और रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश जैसे कई कदम उठाए हैं। मार्च 2025 में सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के साथ एग्रीमेंट से कंपनी की ग्रीन-पावर कैपेसिटी 530 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।

### सनातन राष्ट्र का शंखनाद महोत्सव संपन्न

**फरीदाबाद।** भारत मंडपम में आयोजित सनातन राष्ट्र शंखनाद महोत्सव में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रवाद का संदेश गूंजा। दो दिवसीय इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्था द्वारा किया गया था, जबकि सेव कल्चर सेव भारत फाउंडेशन ने इसे प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलन करते हुए सांस्कृतिक कार्यमंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि आतंकवादियों को जवाब देने के लिए हर घर में छत्रपति शिवाजी महाराज जन्म लेंगे।

# सुरक्षा व कानून व्यवस्था को मजबूत करने को सघन जांच

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



शहर में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से फरीदाबाद पुलिस ने 14 दिसंबर को अल सुबह 5 बजे से विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक व्यापक कांबिंग ऑपरेशन चलाया। यह ऑपरेशन थाना खेड़ीपुल, डबुआ, सारन और शहर बल्लभगढ़ के अंतर्गत आने वाले संवेदनशील व चिन्हित क्षेत्रों में किया गया।

कांबिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों, अवैध निर्माण, बिना सत्यापन रह रहे व्यक्तियों और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखी। थाना डबुआ क्षेत्र के नेहरू कॉलोनी में पुलिस टीम ने 6 बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलों को वेरिफाई कर नियमानुसार कार्रवाई की। इसके साथ ही क्षेत्र में स्थित 7 धार्मिक स्थलों पर भी सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

थाना सारन क्षेत्र की जवाहर कॉलोनी में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 75 पव्वे अवैध शराब बरामद की। इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। इसके अतिरिक्त लकड़ी काटने का कार्य कर रहे 6 कश्मीरी नागरिकों की पहचान व दस्तावेजों की जांच कर उनका सत्यापन किया गया। थाना सारन के अंतर्गत कुल 9 धार्मिक स्थलों पर सर्च अभियान चलाया गया।

थाना शहर बल्लभगढ़ क्षेत्र में भी पुलिस द्वारा सुरक्षा जांच को लेकर सख्ती बरती गई। यहां थाना के अंतर्गत आने वाले 11 धार्मिक स्थलों पर सघन सर्च ऑपरेशन किया गया ताकि किसी भी प्रकार की अवैध या संदिग्ध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

वहीं थाना खेड़ीपुल क्षेत्र में स्थित रोहिंग्या बस्ती में पुलिस द्वारा विशेष जांच पड़ताल की गई। इस दौरान वहां रह रहे लोगों के दस्तावेजों, पहचान पत्रों और गतिविधियों की गहनता से जांच की गई, जिससे क्षेत्र में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रकार के कांबिंग ऑपरेशन सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर किए जाते हैं। फरीदाबाद पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर की पुलिस सुरक्षा वापस ली

**गुरुग्राम।** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक के आदेशों पर गुरुग्राम ने भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर की पुलिस सुरक्षा वापस ले ली है। सतपाल तंवर के मुताबिक, उनकी सुरक्षा में तैनात दोनों पुलिस कर्मियों को वापस बुला लिया गया है। भीमसेना की पीआरओ सोनिका सिंह चौहान का कहना है कि हम अपनी सुरक्षा खुद कर लेंगे, लेकिन सतपाल तंवर के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हुई और पुलिस कार्रवाई के लिए आई तो पुलिस को खदेड़ देंगें।

सतपाल तंवर ने आरोप लगाया कि उनकी सुरक्षा बिना किसी पूर्व सूचना या आधिकारिक नोटिस के हटाई गई है। उन्होंने कभी पुलिस सुरक्षा की मांग नहीं की। पुलिस ने उन्हें जबरदस्ती सुरक्षा दी थी। अब अचानक वापस लेकर सरकार ने उनकी जान को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह जातिवाद है और मेरा अपमान है। तंवर ने कहा कि आओ और गोली मार दो। हरियाणा सरकार ने गुंडों को गोली मारने का लाइसेंस दे दिया है। अगर मुझे कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डीजीपी ओपी सिंह होंगे।

## देसी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार, जांच जारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी रवि (36) को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रवि निवासी जिला इटावा, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने आरोपी को सेक्टर-31 फरीदाबाद क्षेत्र से देसी कट्टा सहित काबू किया। इस संबंध में थाना सेक्टर-31 में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह देसी कट्टा ओल्ड फरीदाबाद से 4 हजार रुपये में किसी अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था।

गहन पूछताछ के दौरान आरोपी से दो अन्य चोरी के मामलों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर पहले से ही चोरी और आर्म्स एक्ट के करीब 30 मामले दर्ज हैं। वह करीब पांच महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था।

- आरोपी पर पहले से ही चोरी और आर्म्स एक्ट के करीब 30 मामले दर्ज हैं। वह करीब पांच महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था

पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## अवतार भड़ाना ने बड़ौली में तोड़फोड़ के विरोध में धरने को दिया समर्थन



पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा गरीबों को बसाने का काम किया, जबकि भाजपा गरीबों, किसानों और मजदूरों के आशियानों को उजाड़ने में लगी हुई है। भड़ाना रविवार को गांव बड़ौली-प्रहलादपुर में घर बचाओ संघर्ष समिति द्वारा चल रहे धरने में ग्रामीणों और किसानों को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व सांसद ने धरनारत किसानों और ग्रामीणों को अपना और कांग्रेस का पूरा समर्थन दिया और कहा कि सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि बड़ौली गांव में तोड़फोड़ की कार्रवाई तुरंत रोकी जाए, क्योंकि किसान देश का अन्नदाता है।

अवतार भड़ाना ने कहा कि फरीदाबाद में अब केवल तोड़फोड़ और बाजारों को उजाड़ना जारी है, गरीबों की रेहड़ियां तोड़ी जा रही हैं और रोजगार समाप्त किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस इस लड़ाई को सड़क से लेकर विधानसभा और लोकसभा तक लड़ेगी और गरीबों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। धरने में पराग शर्मा, चंद्रपाल सरपंच, जगबीर नागर सरपंच, पूर्व पार्षद वीरपाल गुर्जर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## देशभक्ति व परिश्रम की मिसाल लेफ्टि. देवेंद्र शर्मा

कविता। फरीदाबाद



फोटो : ओमप्रकाश पांचाल

मन में देशभक्ति का जज्बा और देश के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो, तो दुनिया का कोई काम मुश्किल नहीं होता। इसे सच साबित किया है संजय कालोनी निवासी देवेंद्र शर्मा ने। कठिन परिश्रम, दृढ़ निश्चय और परिवार के मार्गदर्शन के बल पर देवेंद्र शर्मा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार का सपना साकार किया है, बल्कि पूरे क्षेत्र और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गए हैं।

देवेन्द्र शर्मा के पिता रणवीर शर्मा हरियाणा रोडवेज में निरीक्षण के पद पर कार्यरत तो है ही, साथ साथ वे समाजसेवा के कार्यों में भी हिस्सा लेते है। उन्हीं के मार्ग दर्शन में देवेन्द्र शर्मा ने ये मुकाम हासिल किया है। देवेंद्र शर्मा का जन्म और प्रारंभिक शिक्षा पलवल के छोटे से गांव मढ़नाका में हुई। शिक्षा के प्रति उनके लगन और उत्साह ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वर्ष 2010 में वे फरीदाबाद आए और विद्या निकेतन स्कूल से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने अनंगपुरिया कॉलेज, धौज से उच्च शिक्षा प्राप्त की। शिक्षा के साथ-साथ उनमें देश सेवा और नेतृत्व की भावना भी प्रबल होती गई।

2015 में सेना में भर्ती होने के बाद देवेंद्र शर्मा ने कठिन प्रशिक्षण और चयन प्रक्रिया का सामना किया। इस प्रक्रिया में उनकी शारीरिक क्षमता, मानसिक दृढ़ता और नेतृत्व कौशल की कठोर परीक्षा हुई। कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्होंने हर चुनौती को पार किया और आज भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर अपनी सेवाएँ देने के लिए तैयार हैं।

हाल ही में देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित समारोह में देवेंद्र शर्मा को लेफ्टिनेंट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस खुशी के मौके पर उनके परिवार, पड़ोस और पूरे क्षेत्र में गर्व और उल्लास की लहर दौड़ गई।

उनके पिता रनवीर पंडित ने कहा कि उनका परिवार हमेशा से देश सेवा के मार्ग पर विश्वास करता रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम करें और निष्ठा के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें।

देवेंद्र शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि उनके पिता, ताऊ और चाचाओं का सपना था कि परिवार का कोई सदस्य सेना में पहुंचे। उन्होंने परिवार के इस सपने को साकार करते हुए देश के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रण लिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे देश की सेवा में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे और हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान देंगे।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर वार्ड नंबर चार और पांच के पार्षद पति जयवीर खटटना और ज्ञानेन्द्र भारद्वाज, बीजेपी मुजेसर मंडल के मीडिया प्रभारी, परिवार के सदस्य और मित्रगण उपस्थित थे। देवेंद्र शर्मा का स्वागत फूलों और नोटों की माला पहनाकर किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि उनका यह कदम अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने यह भी बताया कि युवा अगर ईमानदारी और कठिन परिश्रम के साथ प्रयास करें, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

देवेंद्र शर्मा का यह कदम न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र और युवाओं के लिए गर्व और प्रेरणा का स्त्रोत बन गया है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध कर्मचारी राज्य बीमा निगम : यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



- 21000 तक वेतन लेने वाली महिलाओं को दिए जाते हैं लाभ

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) एक प्रमुख सामाजिक सुरक्षा संस्था है। यह संस्था संगठित क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को स्वास्थ्य, मातृत्व एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े व्यापक लाभ प्रदान कर रही है। यह योजना उन कारखानों एवं संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनका मासिक वेतन निर्धारित सीमा 21000 रुपये तक है। यह जानकारी ईएसआईसी के उप-क्षेत्रीय कार्यालय, गुरुग्राम के कार्यालय प्रमुख एवं निदेशक (प्रभारी) सुनील यादव ने रविवार को दी।

सुनील यादव ने बताया कि योजना के अंतर्गत पंजीकरण के उपरांत कर्मचारी एवं उनके आश्रित परिवारजन चाहे वे पुरुष हों या महिलाएं, मुफ्त अथवा रियायती चिकित्सा सुविधा, अस्पताल में उपचार, दवाइयां, हॉस्पिटलाइजेशन सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से महिला कर्मचारियों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत मातृत्व लाभ एक महत्वपूर्ण प्रावधान है, जिसके तहत गर्भावस्था, प्रसव तथा प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 587 महिला लाभार्थियों को कुल 4.92 करोड़ रुपये के मातृत्व हितलाभ प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त सितंबर 2025 माह में 22 मेडिकल कैंपों का आयोजन किया गया, जिनसे 3,416 महिला लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके साथ ही कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत बीमारी, आकस्मिक दुर्घटना, अस्थायी अथवा स्थायी अक्षमता तथा बेरोजगारी भत्ता जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं भी महिला कर्मचारियों सहित सभी पंजीकृत कामगारों एवं उनके परिवारों को प्रदान की जाती हैं। यह अधिनियम ईएसआईसी के अंतर्गत पंजीकृत संस्थानों में कार्यरत स्थायी, अनुबंध अथवा कैजुअल महिला कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होता है।

## 15 से 20 दिसबंर तक जिले में चलेगा विशेष टीकाकरण सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

- अभियान के तहत 390 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे

जिला उपायुक्त आयुष सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, जिला फरीदाबाद द्वारा 15 से 20 दिसंबर 2025 तक विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीकाकरण सेवाएं उपलब्ध कराना तथा छूटे हुए लाभार्थियों को टीकाकरण के दायरे में लाना है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले भर में कुल 390 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान पेंटा प्रथम के 733, एमआर प्रथम के 718, एमआर द्वितीय के 689 तथा एफआईसी के 515 बच्चों को टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयु वर्ग के अनुसार 0 से 1 वर्ष के 1691, 1 से 2 वर्ष के 851 तथा 2 से 5 वर्ष के 896 बच्चों को टीकाकरण सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके अतिरिक्त टीडी-10 के 753, टीडी-16 के 689 लाभार्थियों और 601 गर्भवती महिलाओं को भी टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा।

सीएमओ ने बताया कि अभियान के दौरान शहरी झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों, निर्माण स्थलों, प्रवासी आबादी वाले इलाकों और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें आशा व आंगनवाड़ी कार्यकताओं के सहयोग से घर-घर जाकर छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान करेंगी।

## कष्ट निवारण समिति की बैठक 17 दिसंबर को

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में आगामी 17 दिसंबर बुधवार को गुरुग्राम में होगी।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में होगी बैठक

सीटीएम सपना यादव ने ए बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 17 दिसंबर को सुबह 10 बजे सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल (जॉन हॉल) में आयोजित होगी। इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। समस्याओं का समाधान मौके पर किया जाएगा।

## एंटी स्मोकगन मशीनों व स्वीपिंग गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



स्वच्छ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सागर सिनेमा स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, सेक्टर 16 से एंटी स्मोकगन मशीन युक्त गाड़ियों, वॉटर टैंकरों और स्वीपिंग मशीनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए की गई है।

इस अवसर पर मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि स्वच्छ हवा हर नागरिक का अधिकार है और सरकार इस अधिकार की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। एंटी स्मोकगन मशीनें वायु में मौजूद धूल और प्रदूषक कणों को कम करने में मदद करेंगी, जिससे शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए ठोस और व्यावहारिक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि इस प्रकार की पहल न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाएगी, बल्कि नागरिकों को भी जागरूक कर राष्ट्रहित में सहभागी बनने का संदेश देगी।

## वरिष्ठ नागरिक हृदय रोगों को कर रहे अनदेखा, बढ़ रहा खतरा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



- डॉक्टर्स ने वरिष्ठ नागरिकों में एऑर्टिक स्टेनॉसिस के लक्षणों पर जागरुकता बढ़ाने की सलाह दी



देश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उनकी संख्या बढ़ने के साथ-साथ उनमें हृदय रोग भी बढ़ रहे हैं। अनेक बुजुर्ग गंभीर हृदय रोग के शुरूआती संकेतों को अनदेखा कर रहे हैं। कार्डियोलॉजिस्ट ने इसे चिंताजनक बताया है।

देश के एक प्रमुख कार्डियक सेंटर द्वारा किए गए अध्ययन में यह सामने आया है कि एऑर्टिक स्टेनॉसिस देश में तीसरा सबसे आम वाल्व रोग है, जो सात प्रतिशत से अधिक वयस्कों को प्रभावित करता है। जब एऑर्टिक वाल्व कड़ा या संकुचित हो जाता है तो यह हृदय से शरीर के अन्य हिस्सों तक जाने वाले रक्त प्रवाह को सीमित कर देता है। धीरे-धीरे हृदय की मांसपेशियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ने लगता है। जिसके कारण बेहोशी के दौरे, धड़कन बढ़ना, पैरों में सूजन या हल्की गतिविधि में भी सीने में दर्द जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

मेदांता मेडिसिटी में इंटरवेंशनल एंड स्ट्रक्चरल हार्ट कार्डियोलॉजी के चेयरमैन डा. प्रवीन चंद्रा के मुताबिक, बहुत से लोग यह नहीं समझते कि एऑर्टिक स्टेनॉसिस समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ता जाता है। दवाएं केवल अस्थायी आराम दे सकती हैं, लेकिन रोग को बढ़ने से रोक नहीं सकतीं। क्षतिग्रस्त वाल्व को बदलना ही इसका एकमात्र दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान है। टीएवीआई की मदद से मरीज जल्दी ठीक होते हैं। अस्पताल में कम दिन बिताने पड़ते हैं और उनकी मेडिकल हिस्ट्री व अन्य बीमारियों के आधार पर जटिलताओं की संभावना भी कम हो सकती है। नई वाल्व तकनीक ने परिणामों में और सुधार किया है, जिससे वाल्व अधिक टिकाऊ हुए हैं और कैल्सिफिकेशन का जोखिम भी कम होता है।

**समय पर देखभाल नहीं होने से खतरा :** उनका कहना है कि यदि समय पर उपचार न मिले तो यह स्थिति चुपचाप बढकर हार्ट फेलियर या अचानक हृदयगति रुकने की स्थिति तक पहुंच सकती है। लक्षण शुरू होने के बाद दो साल के भीतर, समय पर देखभाल न मिलने पर आधे मरीजों के जीवित रहने की संभावना कम हो जाती है। डा. प्रवीन चंद्रा ने बताया कि कुछ साल पहले तक क्षतिग्रस्त वाल्व को बदलने के लिए सिर्फ ओपन-हार्ट सर्जरी ही विकल्प था।

**ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन सही इलाज :** ट्रांसकैथेटर एऑर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन अब एक न्यूनतम इनवेसिव विकल्प प्रदान करता है, जिसमें छोटे चीरे के माध्यम से नया वाल्व हृदय तक पहुंचाया जाता है। इस प्रक्रिया में ओपन-हार्ट सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ती।

## प्रशासन ने सर्दी से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



- ठंड व शीतलहर से बचने के लिए एहतियात बरते जिलावासी

आगामी दिनों में ठंड व शीतलहर से बचाव के लिए क्या करें और क्या न करें, इस सम्बन्ध में हरियाणा राज्य राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बचाव सम्बन्धी जानकारी देते हुए डीसी अजय कुमार ने रविवार को लोगों से सचेत होकर शीतलहर आपदा से बचाव का आह्वान किया है।

डीसी अजय कुमार ने कहा कि शीत लहर के समय यथासंभव घर के अंदर ही रहे, ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करें। रेडियो व अन्य मीडिया से मौसम की जानकारी लेते रहें। बुजुर्ग और बच्चों का ठीक से देखभाल करें एवं ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं विशेषकर बुजुर्ग लोगों का हाल चाल पूछते रहें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि आपातकालिन आपूर्ति आसानी से उपलब्ध हो। एक परत वाले कपड़े की जगह ढीली फिटिंग वाले परतदार हल्के कपड़े, हवा रोधित सूती का बाहरी आवरण तथा गर्म उनी भीतरी कपड़े पहने। शरीर की गर्मी बचाए रखने के लिये टोपी एवं जलरोधी जूतो का प्रयोग करें। सिर को ढंके क्योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



# बिरौंडी के किसानों को आबादी भूखंड देने की प्रक्रिया शुरू

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

- विभाग ने सूचना जारी कर आपत्ति और सुझाव मांगे गांव के सौ से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा

जमीन अधिग्रहण से प्रभावित ग्रेटर नोएडा के बिरौंडी चक्रसैनपुर गांव के किसानों को आबादी भूखंड देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के सीईओ से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद नियोजन विभाग ने इसकी सूचना जारी कर आपत्ति और सुझाव मांगा है। सौ से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक पात्र पाए गए किसानों को नए साल में भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। भूखंड ड्रा के माध्यम से दिए जाएंगे।

इसके अलावा क्षेत्र के कासना, डाढ़ा, सिरसा, इटेड़ा, बिसरख, पतवाड़ी, पाली और रिठौरी आदि गांवों के किसानों को भी इस समय 6/10 फीसदी भूखंड देने की प्रक्रिया चल रही है। सीईओ रवि कुमार एनजी का कहना है कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को आबादी भूखंड आवंटित किए जाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। प्रयास है कि सभी पात्र किसानों को अगले कुछ महीनों में भूखंड आवंटित कर दिए जाएं। शासन के दिशा- निर्देश पर किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं का भी निस्तारण किया जा रहा है। गांवों के विकास पर भी जोर है। चार हजार से अधिक किसानों की पात्रता तय- प्राधिकरण ने आबादी भूखंड देने के लिए क्षेत्र के 60 गांवों में लगभग 4100 किसानों की पात्रता तय कर ली है।

इनकी सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। उम्मीद है कि नए वर्ष में सभी किसानों को भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। वहीं पूर्व में जिन किसानों की पात्रता तय की गई थी,उन्हें भूखंड दिए जा रहे हैं। बता दें कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों की पात्रता तय करने का काम पिछले लगभग चार वर्षों से बंद पड़ा था। शासन के दिशा- निर्देश पर अब इसमें तेजी आ गई है।

## रेकी कर सोसाइटियों, कंपनियों और घरों से करता था चोरी

# लोहे का सामान चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच लोग गिरफ्तार

एजेंसी। नोएडा



- कबाड़ी का काम करता था 15 क्विंटल लोहे का सामान बरामद हुआ
- इनमें फारूक और फिरोज, जुम्मन, राजा ठाकुर और वशीर अली शामिल

रेकी करने के बाद सोसाइटियों, कंपनियों और घरों से लोहे का सामान चुराने वाले गिरोह का पुलिस ने रविवार को पदार्फाश किया। पांच बदमाशों को सेक्टर-58 थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में एक कबाड़ी भी शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने 15 क्विंटल लोहे का सामान बरामद किया। लोहे की ग्रिल को गैस कटर से काटकर आरोपी वारदात को अंजाम देते हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि बीते दिनों सेक्टर-61 स्थित मानसरोवर अपार्टमेंट में अज्ञात चोरों ने सोसाइटी के बाहर बनी फेंसिंग हटाकर लोहे की ग्रिलें को गैस कटर से काटकर चोरी कर लिया। चोर लोहे की कई बेंच भी चोरी कर ले गए। जानकारी होने पर मामले की शिकायत सेक्टर-58 थाने की पुलिस से की गई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। वारदात करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसीपी स्वतंत्र सिंह की अगुवाई में एक टीम बनाई गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को जब टीम ने जांचा तो वारदात करने वाले बदमाश फुटेज में कैद हो गए। बदमाश रविवार को फिर से थानाक्षेत्र में दाखिल हुए। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने घेरेबंदी कर पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी शुरू कर दी। कड़ाई से पूछताछ करने पर पता चला कि पांचों रेकी कर लोहे का सामान चोरी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने ही सेक्टर-61 में बीते दिनों वारदात की है। सभी चोरी की वारदात के लिए रेकी कर रहे थे। आरोपियों की पहचान बिहार के पूर्णिया निवासी मोहम्मद फारूक और फिरोज, कटिहार निवासी जुम्मन खान, खगड़िया निवासी राजा ठाकुर और पश्चिम बंगाल के वीरभूमि निवासी वशीर अली के रूप में हुई है। सभी बदमाश वर्तमान में गिझौड़ गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहे हैं। मोहम्मद फारूक गिरोह का सबसे उम्रदराज सदस्य है। उसकी उम्र 36 साल है। फिरोज 34, वशीर 20, राजा 19 और जुम्मद 29 साल का है। जुम्मन कबाड़ी का काम करता है। दिन में घर और सोसाइटी में रेकी करते थे गिरोह का सरगना मोम्मद फारूक है। उसने दो ठेले खरीद रखे हैं। वह माल ढुलाई की आड़ में दिन में घर और सोसाइटी परिसर की रेकी करता है। रात में मौका पाकर गैस कटर की मदद से ग्रिल और बैंच आदि को काटकर चोरी करता है। गिरोह के अन्य सदस्य को भी वह वारदात करने के दौरान साथ ले लेता है। गिरोह के सदस्य चोरी के लोहे के सामान को ठेले में रखकर छिपा देते हैं। फिर चोरी के माल को बेचा जाता है।

# जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा अब 60 केंद्रों पर होगी

एजेंसी। नोएडा



यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची का निराकरण कर लिया गया है। बोर्ड की ओर से 59 केंद्रों की जारी सूची आईं 35 आपत्तियों का निस्तारण करके 60 केंद्रों की सूची बोर्ड को भेज दी है। पूर्व में प्रस्तावित पांच केंद्रों को हटा दिया है, जबकि छह नए केंद्रों को जोड़ा गया है। जिले में यूपी बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। इस बार दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं एक साथ शुरू होंगी, जो छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा है। परीक्षा दो पालियों में होंगी।

पहली पाली सुबह 8.30 से 11.45 बजे तक है, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा का समय दोपहर बाद 2.00 बजे से शाम 5.15 बजे है। परीक्षाओं के लिए पिछले माह बोर्ड ने पहले चरण में जिले के 59 केंद्रों के नाम प्रस्तावित किए थे। इसके लिए सुझाव और आपत्तियां मांगी गई थीं। जिले में कुल 35 केंद्रों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के ऑनलाइन पोर्टल पर आपत्तियां दर्ज कराई थीं। 10 दिसंबर तक सभी आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद पांच केंद्रों के नाम सूची से हटा दिए हैं। साथ ही छह नए विद्यालयों को केंद्र बनाते हुए प्रस्ताव बोर्ड के पास भेज दिया है। प्रस्तावित पांच केंद्रों को हटाया अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में प्रस्तावित केंद्रों में जवाहर इंटर कॉलेज सैंथली, डिवाइन पब्लिक स्कूल, आरएस पब्लिक इंटर कॉलेज लडपुरा, आरएस लडपुरा, बादामी देवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिसरख और संगत ग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज डेयरी मच्चा हैं। इनमें तीन विद्यालयों के प्रबंधन ने केंद्र न बनाने के लिए लिखित में आवेदन दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

ग्रेटर नोएडा, 14 दिसंबर (वेब वार्ता)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र से एक 16 वर्षीय किशोर घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। फिरोजाबाद निवासी पप्पू वर्तमान में बिसरख में परिवार के साथ रहते हैं। उनका पुत्र दुर्वेश दिनांक शुक्रवार दोपहर घर से बिना बताए अपनी मर्जी से कहीं चला गया। वह अपने साथ मोबाइल फोन भी ले गया था। परिजनों ने बेटे की काफी तलाश की, रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जालसाजों ने महिला से कुंडल ठगे

**लोनी।** लोनी थाना क्षेत्र की न्यू विकास नगर कॉलोनी में पता पूछने के बहाने दो स्कूटर सवार ठगों ने शुक्रवार दोपहर महिला से सोने के कुंडल ठग लिए और फरार हो गए। पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। न्यू विकास नगर कॉलोनी निवासी मोहन लाल की पत्नी सुनीता देवी शुक्रवार दोपहर में घर के दरवाजे पर बैठी थी। इस दौरान स्कूटर सवार दो युवक पहुंचे और राजू नाम के व्यक्ति का घर का पता पूछने लगे। आरोप है कि दोनों ने महिला को सम्मोहित कर कान के कुंडल मांगते हुए एक और कुंडल देने की बात कही। महिला द्वारा कुंडल देने पर दोनों ठग कुंडल लेकर फरार हो गए।

### बुजुर्ग महिला से सोने की चेन छीनी

**नोएडा।** सेक्टर-12 स्थित एक अस्पताल से दवा लेकर लौट रही महिला से शनिवार शाम तीन तोला वजनी सोने की चेन लेकर बदमाश भाग गए। एक महिला और दो पुरुषों ने वारदात को अंजाम दिया। महिला के पुत्र ने सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-22 स्थित चौड़ा गांव निवासी सलाउद्दीन ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम उनकी मां सेक्टर-12 स्थित नामी अस्पताल में दवा लेने गई हुई थीं। पीड़िता दवा लेकर घर जा रही थीं, इसी दौरान उन्हें सेक्टर-22 स्थित बरात घर वाली गली में दो व्यक्ति और एक महिला मिले। टप्पेबाजों ने उन्हें बहाने से एक तरफ ले जाकर बातों में उलझाने के बाद पीड़िता के गले से सोने की चेन उतरवा लिया। मौके देखकर टप्पेबाज फरार हो गए। मामले में पीड़िता के बेटे ने सेक्टर-24 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है।

### किशोरी लापता, 12 दिन बाद केस दर्ज

**ट्रांस हिंडन।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी को क्षेत्र में ही रहने वाला एक युवक बहला फुसला कर भगाकर ले गया। किशोरी के परिजन जब युवक के घर पहुंचे तो उसके परिजनों ने मारपीट की। पीड़ित पिता ने मुकदमा दर्ज करवाया है। किशोरी के पिता के अनुसार उनकी नाबालिग बेटी दो दिसंबर को संदिग्ध हालत में लापता हो गई। काफी तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला। किसी ने उन्हें बताया कि उनकी बेटी को क्षेत्र में ही रहने वाला साजिद ले गया। जब वह साजिद के घर पहुंचे तो उसके परिजनों ने उनके साथ गाली गलौच और मारपीट की। इसके बाद उन्होंने 13 दिसंबर को थाने में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण : आवेदन 15 तक

**गाजियाबाद।** जिले से ओ लेवल और ट्रिपल सी कंप्यूटर कोर्स के लिए आवेदन किए जा रहे हैं। इसके लिए सोमवार तक आवेदन किए जाने हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी पीयूष चंद्र राय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इन कोर्स की अधिकृत संस्था द्वारा ओ लेवल और ट्रिपल सी के लिए आवेदन मांगे गए थे, जिनके लिए जिले के युवा आवेदन कर रहे हैं। अब आवेदन की अंतिम तिथि 15 दिसंबर है। इसके बाद युवाओं का इंटरमीडिएट के अंकों के आधार पर कोर्स में चयन होगा।

### स्कूल के लिए भूमि उपलब्ध न कराने का आरोप

**नोएडा।** सोरखा गांव में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट स्कूल खोलने की मांग को लेकर गांव के बारातघर में रविवार को पंचायत की गई। इसकी अध्यक्षता बीर सिंह यादव और संचालन रवि यादव ने किया। लोगों ने इस मामले में प्राधिकरण पर जमीन उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया। इस मामले में लोग नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से मिलकर बात रखेंगे। रवि यादव ने कहा कि इस मांग पर विधायक पंकज सिंह ने संज्ञान लिया था और मुख्यमंत्री तक मांग पहुंचाई थी।

### हेल्पलाइन नंबर के बारे में दी जानकारी

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के थाना क्षेत्रों में रविवार को महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा जागरुकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाकर्मियों को थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के उद्देश्य, कार्य प्रणाली और महिला सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी गई।

### कीप इट अप ने 21 गोल से जीता मैच

**गाजियाबाद।** डीपीएसजी मेरठ रोड के मैदान पर गाजियाबाद डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन की ओर खेली जा रही यूथ लीग में रविवार को आठ मैच खेले गए। एसोसिएशन के सचिव हेमंत पवार ने बताया कि अंडर-17 आयुवर्ग में पहला मैच कीप इट अप ने 21 गोल से जीत हासिल की। वहीं बाकी के तीन मैच यूपी प्राइड और गाजियाबाद सिटी के बीच 0-0 स्कोर से, सेकेंड किक और गाजियाबाद यूनाइटेड के बीच 0-0 स्कोर से और मेंफिस टाइगर फुटबॉल क्लब और विलेज स्पोर्ट्स फाउंडेशन के बीच 2-2 के स्कोर से ड्रॉ रहे।

# कार्गो टर्मिनल तक सड़क का काम 90 प्रतिशत पूरा

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

- एनएचएआई जनवरी के अंत तक सड़क का कार्य पूरा कर देगा

यमुना एक्सप्रेसवे से एयर कार्गो टर्मिनल तक बनने वाली 8.25 किलोमीटर लंबी सड़क का काम 90 प्रतिशत तक पूरा हो गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) जनवरी के अंत तक सड़क का कार्य पूरा कर देगा। एयर कार्गो टर्मिनल को यमुना एक्सप्रेसवे से उत्तर पूर्वी दिशा में जोड़ने वाली इस 30 मीटर चौड़ी सड़क को करीब 178 करोड़ रुपये में बनाने का प्रस्ताव है।

सड़क के कैरिज- वे (जिस हिस्से पर वाहन चलते हैं) की चौड़ाई 18 मीटर रहेगी। इसी सड़क से माल वाहक वाहन कार्गो टर्मिनल तक पहुंच सकेंगे। सड़क की एक लेन पर काली लेयर भी बिछ चुकी है। साथ ही वाहन से सड़क की गुणवत्ता परखने का काम भी चल रहा है। हालांकि, एक या दो हिस्सों में अभी सड़क अधूरी पड़ी है। अधिकारियों का दावा है कि इसे लेकर जमीन संबंधी विवाद सुलझ चुका है, जल्द ही यहां पर भी सड़क बना दी जाएगी। जनवरी के अंत तक तक पूरी सड़क बनकर तैयार होगी। इसके बाद यमुना एक्सप्रेसवे से कार्गो टर्मिनल तक बिना रुकावट माल वाहन आसानी से आ जा सकेंगे। साथ ही इस सड़क को पांच किलोमीटर आगे भी बढ़ाया जाएगा। यह एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल से होते हुए प्रस्तावित पलवल खुर्जा मार्ग से मिलेगी। इसे लेकर भी डिजाइन बनाने समेत अन्य कार्य चल रहे हैं।

**850 मीटर लूप का काम तीन माह में शुरू होगा :** एयरपोर्ट के लिए दयानतपुर के पास 850 मीटर का वीआईपी लूप भी तैयार होगा। इसे दयानतपुर के पास बनाया जाना है। इसके लिए भूमि खरीद की प्रक्रिया जारी है। लूप का निर्माण स्वयं एनएचएआई ही करेगा। हालांकि, यमुना एक्सप्रेसवे पर फिल्म सिटी के लिए बनने वाले इंटरचेंज का काम असिर्फ 10 प्रतिशत कार्य ही पूरा हो पाया है।

**60 मीटर सड़क को पूरा किया जा रहा :** यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नोएडा एयरपोर्ट तक 60 मीटर चौड़ी सड़क को भी पूरा किया जा रहा है। यह सड़क तीन टुकड़ों में अधूरी पड़ी थी। दनकौर के पास करीब 350 मीटर का पैच अटका हुआ है, यहां जमीन का विवाद सुलझ गया और सड़क निर्माण के लिए टेंडर निकाला जा चुका है। रुस्तपुर में 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। वहीं, दयानतपुर के पास दो किलोमीटर लंबी सड़क के लिए जमीन अधिग्रहण जारी है। एक महीने में इसका कार्य भी शुरू हो जाएगा।

**दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला इंटरचेंज तैयार :** एयरपोर्ट को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए एनएचएआई, भारतमाला परियोजना के तहत 2414 करोड़ की लागत से 31 किलोमीटर लंबा छह लेन का ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। यह एक्सप्रेसवे हरियाणा की सीमा में 22 किलोमीटर और जेवर की सीमा में 9 किलोमीटर लंबा है।

# किशोरी की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत



**ट्रांस हिंडन।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र की शालीमार सिटी में 10वीं की छात्रा की तीसरी मंजिल से संदिग्ध हालत में गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि किशोरी डिप्रेशन में थी और उसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस घटना को आत्महत्या मानकर चल रही है। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे डायल-112 पर सोसाइटी निवासी एक व्यक्ति की 15 वर्षीय बेटी के बालकनी से कूदने की सूचना मिली। मौके पर टीला मोड़ थाना प्रभारी टीम के साथ पहुंचे और किशोरी को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में पता चला कि किशोरी निजी स्कूल में 10वीं की छात्रा थी। वह पिछले कुछ समय से पढ़ाई को लेकर तनाव में थी और डिप्रेशन से भी पीड़ित थी। उसका इलाज चल रहा था। शनिवार की रात लगभग दो बजे तक वह पढ़ रही थी, लेकिन सुबह लगभग छह बजे वह फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गई। किशोरी के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और मोबाइल से भी कुछ नहीं मिला है। किशोरी लोगों से मिलने जुलने से भी बचती थी। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया। एसीपी ने बताया कि घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## कमाई का झांसा देकर युवक से सवा लाख ठगे

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों ने ऑनलाइन टास्क पूरा कर कमाई का झांसा देकर युवक से 1.29 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने टास्क पूरा करने पर शुरूआत में 150 रुपये देकर विश्वास जीता, फिर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ठगी की। बाद में रकम वापस नहीं मिलने पर ठगी का अहसास हुआ।

पीड़ित ने मधुबन बापूधाम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, मधुबन बापूधाम के रहने वाले लवी शर्मा ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर ऑनलाइन टास्क और नौकरी दिलाने का आश्वासन देने के बाद शुरूआत में 150 रुपये दिए। इसके बाद सिक्योरिटी के तौर पर तीन हजार रुपये ट्रांसफर कराए। फिर बातों में फंसाकर कई बार में टास्क के नाम पर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई गई। बाद में उन्होंने रुपये वापस मांगे और ठगों ने गाली-गलौज कर रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। ठगी गई रकम को फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## रिश्तेदार महिला पर जेवर चोरी का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र में रिश्तेदार महिला पर जेवर चोरी के आरोप लगा है। कासना निवासी अर्चना ने बताया कि उसकी ताऊजी की लड़की शोभा हापुड़ की रहने वाली है। काफी समय से उसके यहां आती-जाती रहती थी। विश्वास के चलते दोनों के बीच पारिवारिक संबंध थे। 16 नवंबर 2025 को शोभा उसके कमरे पर आई थी। उस दौरान वह अपने सोने-चांदी के आभूषण पर्स में रख रही थी। बार-बार उन्हें हाथ में लेकर देख रही थी। इसके बाद अर्चना ने भी अपना सामान उसमें रख दिया। 29 नवंबर को शोभा ने अर्चना से सोने-चांदी के गहने पहनने के लिए मांगे। रिश्तेदारी के भरोसे अर्चना ने गहने उसे दे दिए। लेकिन बाद में जब पीड़िता ने फोन कर वापस मांगे तो शोभा ने लौटाने से मना कर दिया।वहीं कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ल का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

# दिव्यांग युवती से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

एजेंसी। नोएडा

- आरोपी महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू

सेक्टर-63 के बहलोलपुर गांव में रहने वाली एक दिव्यांग युवती के साथ धोखाधड़ी और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने एक व्यक्ति को नामजद करते हुए फेज-तीन थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह पैर से दिव्यांग है। वह एक लड़के से फोन पर बात करती थीं। आरोपी का नाम अरविंद है। दोनों के बीच अच्छी दोस्ती थी। बातचीत के दौरान अरविंद ने खुद को अविवाहित बताया था। पिछले दिनों युवती को पता चला कि अरविंद विवाहित है। इसके बाद उसने अरविंद से बात करना बंद कर दिया। आरोप है कि यह बात आरोपी को इस कदर नागवार गुजरी कि उसने फोन पर धमकी देना शुरू कर दिया।

पीड़िता ने जब आरोपी के नंबर को ब्लॉक कर दिया तो वह नंबर बदल-बदल कर कॉल और मैसेज करना शुरू कर दिया। आरोपी ने कहा कि यदि वह उससे बात नहीं करेगी तो वह उसे नोएडा में नहीं रहने देगा। आरोप है कि 10 दिसंबर की सुबह करीब आठ बजे आरोपी की पत्नी ने दो अन्य औरतों के साथ मिलकर पीड़िता को घेर लिया। तीनों ने मिलकर पीड़िता के साथ मारपीट की। दिव्यांग होने के चलते पीड़िता भाग भी नहीं पाई। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज लिया है। आरोपी महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई कर दी है। आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें लगी हुई हैं।

# सोसाइटी से लावारिस कुत्ते निकालने के मुद्दे पर दो पक्षों में हुआ विवाद

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

- कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी से लावारिस कुत्तों को बाहर निकालने को लेकर शनिवार रात बैठक की गई। बैठक के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले को शांत कराया। कुछ लोगों का आरोप है कि लावारिस कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सोसाइटी के टावर 10 के फ्लैट नंबर 1604 में अतुल शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी दोनों बेटियों को स्कूल से लेकर आ रही थीं। पार्किंग में स्कूटी लगाने के बाद वह घर की तरफ जा रही थी।

रास्ते में कुछ लोग कुत्तों को पार्क में खाना डाला जा रहा था। इसी दौरान वहां से लावारिस कुत्ते भागते हुए उनकी पत्नी की तरफ आए। करीब आठ से नौ लावारिस कुत्तों ने उनके बच्चों और पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान उनकी पत्नी ने छोटी बेटी को गोदी में उठा लिया, लेकिन पत्नी और दूसरी बेटी को कुत्तों ने बुरी तरह काट लिया। उनकी चीख-पुकार पर आसपास के लोगों आए और उन्हें बचाया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। अतुल ने बताया कि उनकी बेटी के पैर पर कुत्ते द्वारा काफी बुरी तरह काट लिया गया है, जिससे वह बैठ नहीं पा रही है। वहीं एक-दो दिन में उनकी बेटी की परीक्षा शुरू हो जाएंगी। ऐसे में वह परीक्षा देने भी नहीं जा पाएंगी।

लावारिस कुत्तों के काटने के कारण बच्चे काफी अधिक डर गए हैं। लोगों का आरोप है कि इस तरह के सोसाइटी में 15 से अधिक मामले हो चुके हैं। उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्राधिकरण से भी लगातार शिकायत की जा रही है। पुलिस ने मामला शांत कराया निवासी अतुल ने बताया कि हादसे के बाद शनिवार रात आठ बजे पार्क में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी लोगों ने लावारिस कुत्तों को प्राधिकरण से शिकायत कर पकड़वाकर शेल्टर होम भिजवाने पर सहमति जताई। उन्होंने बताया कि इसी दौरान कुछ लोग बैठक में आए और हंगामा करने लगे। उन्होंने कुत्तों को सोसाइटी से बाहर निकालने का विरोध जताते हुए नोकझोंक की। मामला बढ़ने लगा तो पुलिस को सूचना दी। बाद में पुलिस ने मामला शांत कराया गया।

# निर्माण कार्य के नाम पर पैसे हड़पने का आरोप

एजेंसी। रबूपुरा

चिनाई ठेकेदार ने मकानों का निर्माण कार्य करने के नाम पर तीन लोगों से रुपये ऐंठ लिए। ठेकेदार ने न तो कार्य पूरा किया और न ही एडवांश में लिए गए रुपये वापस किए। उल्टा मकान मालिकों के साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस से मामले की शिकायत की गई है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गौर यमुना सिटी निवासी रिंकी तौमर ने पुलिस को सौंपी शिकायत में कहा है कि उसने और दो अन्य रिश्तेदारों ने सेक्टर में अपने तीन प्लॉट पर मकान निर्माण का ठेका अलीगढ़ जिले के थाना पिसावा अंतर्गत गांव शेरपुर निवासी चिनाई ठेकेदार रामप्रकाश को 150 रुपए प्रति वर्ग गज में दिया था।

ठेकेदारों ने तीनों मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद लेबर को पैसे देने और परिजन की बीमारी का बहाना बनाकर आरोपी ठेकेदार ने किए गए कार्य से अधिक पैसे ले लिए। इसके कुछ दिन बाद कार्य बंद कर दिया। आरोप है कि ठेकेदार ने न तो कार्य पूरा किया और न ही अतिरिक्त लिए गए पैसे वापस लौटाए। ठेकेदार द्वारा कार्य पूरा करने की अनिच्छा को देखते हुए मामले के निबटारे के लिए संभ्रांत लोगों ने हस्तक्षेप करते हुए ठेकेदार को एडवांस लिए गए करीब तीन लाख 21 हजार रुपए वापस करने को कहा। लेकिन आरोप है कि ठेकेदार ने पैसे वापस करने से मना कर दिया और लेबर के साथ मिलकर गाली गलौंच

## तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार कारतूस बरामद

**नोएडा।** चोरी की वारदात में फिराक में घूम रहे बदमाश को सेक्टर-20 थाने की पुलिस ने रविवार को बिजली घर के सामने स्थित पार्क से गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की पहचान बुलंदशहर के डिबाई निवासी आकाश उर्फ कालू के रूप में रूप में हुई है। उसके पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

28 वर्षीय आकाश के खिलाफ बुलंदशहर और नोएडा के अलग-अलग थानों में तीन केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। वह पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस आकाश के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है। आरोपी के पास तमंचा कहां से आया, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

# घर का ताला तोड़कर नकदी और सामान चोरी

एजेंसी। ट्रांस हिंडन

- खाटू श्याम के दर्शन के लिए गया था परिवार

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनावनी में चोरों ने एक इंटीरियर डिजाइनर के घर के ताले तोड़कर लगभग 12 लाख रुपये के गहने, नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार की रात पूरा परिवार खाटू श्याम के दर्शन के लिए गया था और रात में ही चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। वापस लौटकर पीड़ित ने थाने में शिकायत दी। कनावनी में रहने वाले राजेश शर्मा के अनुसार वह 12 दिसंबर की रात परिवार समेत खाटू श्याम के दर्शन के लिए गए थे। शनिवार की सुबह उन्होंने घर के पास में रहने वाले एक परिचित युवक को फोन कर घर के दरवाजे चेक करने के लिए कहा था। युवक ने उन्हें फोन कर बताया कि घर के मेन गेट पर ताला नहीं है और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है। उन्होंने फोन पर पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद घर में ताला लगा दिया। वह रविवार सुबह वापस लौटे। पीड़ित ने बताया कि उनके घर की अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी और अन्य सोने का सामान, दो लैपटॉप, करीब सवा लाख रुपये नकदी समेत करीब 12 लाख का सामान चोरी हो गया। उन्होंने बताया कि पास में ही लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर कैद हुए हैं। चोरों ने लगभग एक घंटे तक पूरा घर खंगाला और सामान चोरी कर फरार हो गए।

## युवती ने फंदा लगाकर जान दी

**लोनी।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में शनिवार देर शाम युवती ने फंदा लगाकर जान दे दी। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी में श्रीकांत पाठक की 19 वर्षीय पुत्री विभा ने शनिवार शाम कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे की सहायता से फंदा लगा लिया। घटना के समय परिजन किसी कार्य के चलते घर से बाहर गए थे। घर पहुंचने पर पुत्री को न देखकर परिजन ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। कोई आवाज न आने पर परिजनों ने लोगों की सहायता से दरवाजा तोड़ा। अंदर पुत्री को पंखे से लटकता देख परिजन उसे उतारकर संयुक्त अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



# बदलते यूपी में अब बड़ा एक्शन

## घुसपैठियों पर कड़ा प्रहार


देश का सबसे बड़ा सूबा अब नई करवट ले रहा है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने सूबे का जो कायाकल्प किया उससे उत्तर प्रदेश की सूरत काफी हद तक बदल गई है। कानून व्यवस्था हो या सुरक्षा का मामला प्रदेश में सुधार होते ही विकास ने रफ्तार पकड़ ली। इस बीच रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से बदलते यूपी की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को चुनौती मिल रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए बड़ा और कड़ा फैसला किया है। इसके तहत राज्य के 17 प्रमुख नगर निकायों को तुरंत प्रभाव से व्यापक सत्यापन और सूचीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश स्तर पर चलाया जा रहे इस अभियान को निर्णायक माना जा रहा है। वैसे भी सत्ता में आते ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों पर जिस अंदाज में कहर बरपाया, उससे प्रदेश में जड़ें जमा चुका संगठित अपराध मटियामेट हो गया। पिछले एक दशक में देश के कई राज्यों में अवैध प्रवासियों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इनमें सबसे अधिक रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। अवैध घुसपैठिए आपराधिक गतिविधियों, मानव तस्करी और फर्जी दस्तावेज़ बनवाने वाले नेटवर्क से जुड़े पाए गए हैं। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश, खासकर पश्चिमी यूपी, काशी क्षेत्र और आगरा-मथुरा बेल्ट में अभियान को कड़ी और सघन निगरानी में अंजाम दिया जा रहा है । सरकार का मानना है कि इस निर्णा.क प्रहार से प्रदेश में बची-खुची अराजकता और अशांति से पूरी तरह निपटा जा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नगर आयुक्तों, डीएम, कमिश्नर और रेंज के आईजी को स्पष्ट आदेश दिया है कि अवैध रूप से रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की एक संगठित सूची तैयार की जाए और उसे तत्काल पुलिस तथा खुफिया एजेंसियों के साथ साझा किया जाए। यह सूची दो चरणों में तैयार की जानी है। प्राथमिक सत्यापन जहां व्यक्ति की पहचान, निवास स्थान और दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की जाएगी। गहन जांच एवं कार्रवाई होगी। इसमें पुलिस व खुफिया विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि संबंधित व्यक्ति देश का वैध नागरिक नहीं है तो उसके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई हो। सरकार ने जिन 17 निकायों को सख्त निर्देश भेजे हैं, उनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, मेरठ, नोएडा, गाज़ियाबाद, आगरा, अलीगढ़, सहारनपुर समेत सभी बड़े शहर शामिल हैं। इन शहरों में प्रवासन दर अधिक है और कुछ स्थानों पर पहले भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली है। उम्मीद है कि इन नगर निकायों में अगले दो सप्ताह में सभी सफाईकर्मियों, अस्थायी मजदूरों और किराएदारों की पहचान प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष जोरदिया गया है। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट किया है कि यह अभियान किसी समुदाय विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरी तरह सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर केंद्रित है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ अनावश्यक दुर्व्यवहार न हो। सभी जांच निष्पक्ष और दस्तावेज़ आधारित हों। निश्चित तौर पर इस मुहिम से अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में संभावित आपराधिक गतिविधियों का खतरा कम होगा।

# जेन ज़ी और भारत का अमृत काल

**डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह**



अम्रपाली विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) के प्रो-वाइस चांसलर हैं और समकालीन मुद्दों पर लेखन के लिए जाने जाते हैं।




भारत का अमृत काल–स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर यात्रा–जेनरेशन ज़ी के वयस्क होने के दौर से मेल खाता है। यह संयोग एक ऐसे परिवर्तनकारी साझेपन का प्रतीक है, जिसमें एक तेज़ी से उभरता राष्ट्र और तकनीक, वैश्विक अनुभव तथा सशक्त सामाजिक चेतना से आकार पाई पीढ़ी साथ-साथ आगे बढ़ रही है। मिलकर वे भारत को नवाचार, समावेशिता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के नए युग में ले जाने की क्षमता रखते हैं।जेन ज़ी अपने साथ डिजिटल दक्षता, उद्यमशील ऊर्जा और उद्देश्य-केंद्रित सोच का अनूठा संगम लेकर आती है। स्वचालन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा साक्षरता के प्रति उनकी सहजता भारत के ज्ञान-प्रधान, तकनीक-संचालित अर्थव्यवस्था में रूपांतरण के साथ पूरी तरह सामंजस्य रखती है। स्वास्थ्य और कृषि में समाधान विकसित करने वाले छात्र उद्यमियों से लेकर वैश्विक ब्रांड खड़े करने वाले डिजिटल क्रिएटर्स तक, युवा नवप्रवर्तक पहले ही भारत की विकास गति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

हालाँकि, आगे का मार्ग चुनौतियों से मुक्त नहीं है। एक बड़ी बाधा उद्योग की आवश्यकताओं और कई स्नातकों के कौशल के बीच बना अंतर है। साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में तेज़ विस्तार के बावजूद अनेक छात्रों में व्यावहारिक अनुभव या अंतःविषय समझ की कमी देखी जाती है। उदाहरण के तौर पर, इंडस्ट्री 4.0 के औज़ारों से अपरिचित यांत्रिक अभियांत्रिकी का स्नातक उभरती नौकरी अपेक्षाओं को पूरा करने में अक्सर कठिनाई महसूस करता है।

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा दबाव भी जेन ज़ी के अनुभव को प्रभावित करता है। सोशल मीडिया की तुलना, शैक्षणिक दबाव और तेज़ी से बदलते सामाजिक मानदंड भावनात्मक तनाव को जन्म दे सकते हैं। इस पीढ़ी के समर्थन के केंद्र में मानसिक सुदृढ़ता और लचीलापन विकसित करना अनिवार्य है।फिर भी, अमृत काल अभूतपूर्व अवसर प्रस्तुत करता है। डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, हरित प्रौद्योगिकियाँ, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, अंतरिक्ष अन्वेषण और उन्नत विनिर्माण में निवेश युवा-नेतृत्वित विकास के लिए व्यापक रास्ते खोल रहे हैं। टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवा, जो क्लाइमेट-टेक समाधानों या एआई-आधारित शिक्षा प्लेटफ़ॉर्म पर काम कर रहे हैं, यह दर्शाते हैं कि जेन ज़ी पहले ही भारत की विकास दिशा को आकार दे रही है। उनकी मूल्य-धाराएँ–सततता, निष्पक्षता और सामुदायिक सशक्तिकरण–समावेशी प्रगति के लिए भारत की दीर्घकालिक दृष्टि से गहराई से मेल खाती हैं।

**भारत का जनसांख्यिकीय लाभांशः एक रणनीतिक बढ़तः**भारत की विशाल युवा आबादी एक सशक्त संपदा है। जनसांख्यिकीय लाभांश कई प्रकार के लाभ प्रदान करता है

**मज़बूत कार्यबलः** 35 वर्ष से कम आयु की बहुसंख्या के साथ भारत के पास एक बड़ा, ऊर्जावान श्रम-बल है, जो उत्पादकता और विकास को गति दे सकता है।

**उच्च आर्थिक संभावनाएँः** कार्यशील आयु के अधिक नागरिकों का अर्थ है बढ़ी हुई आय, उपभोग और बचत, जो समग्र आर्थिक विस्तार को प्रोत्साहित करती हैं।

**नवाचार और उद्यमिताः** युवा पीढ़ियाँ नई तकनीकों के प्रति अधिक अनुकूल होती हैं, जिससे भारत डिजिटल नवाचार और स्टार्ट-अप गतिविधियों का स्वाभाविक केंद्र बनता है।

**वैश्विक बढ़तः** जहाँ अनेक देश वृद्ध होती आबादी का सामना कर रहे हैं, वहीं भारत की युवा जनसंख्या उसे वैश्विक प्रतिभा आपूर्तिकर्ता और औद्योगिक आधार के रूप में स्थापित करती है।इस लाभांश का पूर्ण उपयोग करने के लिए शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोज़गार नीतियों का समन्वय आवश्यक है।

**आगे की राहः**जेन ज़ी को सशक्त बनाने के लिए भारत को भविष्य-तैयार कौशलों को मज़बूत करना होगा–आईटी प्रशिक्षण, डेटा साक्षरता, व्यावहारिक अधिगम और उद्योग-संबद्ध इंटर्नशिप के माध्यम से। मानसिक कल्याण कार्यक्रमों को परामर्श और सहकर्मी नेटवर्क जैसी सहायता प्रणालियों को सामान्य बनाना चाहिए। विशेषकर छोटे शहरों में उद्यमिता इनक्यूबेशन का विस्तार क्लाइमेट-टेक, एग्री-टेक, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा में नवाचार को गति दे सकता है। डिजिटल और नैतिक नागरिकता का निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार, साइबर सुरक्षा, पर्यावरणीय जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को मूल शिक्षण क्षेत्रों का हिस्सा बनना चाहिए। साथ ही, वैश्विक अनुभव को भारत की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना आत्मविश्वासी और संतुलित नेतृत्व को आकार दे सकता है।

**भारत @ 2047 के लिए साझा दृष्टि**

जेन ज़ी भारत की अमृत काल कथा के केंद्र में खड़ी है। उनकी रचनात्मकता, तकनीकी कौशल और नैतिक स्पष्टता उन्हें राष्ट्रीय प्रगति का प्रमुख प्रेरक बनाती है। उनकी पूर्ण क्षमता को उजागर करने के लिए भारत को ऐसा सहायक पारिस्थितिकी तंत्र उपलब्ध कराना होगा जो शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, उद्यमिता, डिजिटल उत्तरदायित्व और सांस्कृतिक जुड़ाव को सुदृढ़ करे।2047 की ओर बढ़ते हुए, जेन ज़ी और उभरते भारत के बीच की यह साझेदारी स्वयं प्रगति की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ सकती है। यदि यह पीढ़ी नवाचार को जिम्मेदारी के साथ, महत्वाकांक्षा को संवेदनशीलता के साथ और वैश्विक आकांक्षाओं को सांस्कृतिक जड़ों के साथ संतुलित कर पाए, तो वह भारत को सततता, समावेशिता और वैश्विक उत्कृष्टता के युग में ले जाएगी।आगे की यात्रा व्यापक है, पर सही दिशा के साथ जेन ज़ी यह सुनिश्चित कर सकती है कि अमृत काल का वादा सभी के लिए वास्तविकता बने।डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह अम्रपाली विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल) के प्रोझवाइस चांसलर हैं और समकालीन मुद्दों पर लेखन के लिए जाने जाते हैं।

# विकास की नई राह पर रफ्तार भरता बिहार

बुनियादी ढाँचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। बिहार में सड़क, पुल, बाईपास और एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण ने परिवहन व्यवस्था को नई दिशा दी है। पहले जहाँ यात्रा करना कठिन और समय लेने वाला होता था, वहीं अब बेहतर सड़क नेटवर्क से शहरों तथा गांवों के बीच का फासला कम हुआ है। हर घर नल का जल, पक्की सड़क, शौचालय और बिजली पहुँचाने की योजनाओं ने ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

**कांतिलाल मांडोत**




बिहार ने हाल के वर्षों में विकास और सुशासन की दिशा में उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत पाँच वर्षीय विकास रूपरेखा न सिर्फ आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊर्जा का संचार करती है, बल्कि यह युवाओं, किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों की आकांक्षाओं को भी आधार प्रदान करती है। इस रूपरेखा का मुख्य लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रणाली को आधुनिक बनाना, महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाना और उद्योगों को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। विकास का व्यापक दृष्टिकोण और नई प्राथमिकताएँ बरकरार है। बिहार की विकास योजना का केंद्रबिंदु आर्थिक मजबूती है। राज्य सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने, उद्योगों को पुनर्जीवित करने और कृषि उत्पादन को वैज्ञानिक तकनीकों से जोड़ने को प्राथमिकता में रखा है। स्वास्थ्य, खेल, पर्यटन तथा बुनियादी संरचना का विस्तार इस रूपरेखा के महत्वपूर्ण आयामों में शामिल है। सरकार का दावा है कि अब तक 50 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, और आगामी वर्षों में करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। दो दशकों में बिहार बदला है। जिसमे कानून का राज और सामाजिक सद्भाव शामिल है।

वर्ष 2005 के बाद बिहार में शासन व्यवस्था में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला। राज्य ने भय और अराजकता के माहौल से बाहर निकलकर कानून के राज को स्थापित किया। प्रशासनिक सुधारों और कड़ी निगरानी व्यवस्था के परिणामस्वरूप राज्य में शांति, सद्भाव और भाईचारे की भावना मजबूत हुई। आज बिहार सामाजिक स्थिरता के आधार पर विकास की नई इमारत खड़ी कर रहा है। यह स्थिरता वह आधार है, जिस पर शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और कृषि से जुड़े सुधारों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सका है। शिक्षा में व्यापक विस्तार और गुणवत्तापूर्ण सुधार में भारी परिवर्तन देखने को मिला है।

बिहार के विकास मॉडल में शिक्षा को केंद्रीय स्थान दिया गया है। पिछले दो दशकों में सरकारी विद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नए विद्यालयों के निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति से शिक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है। आज राज्य में सरकारी शिक्षकों की संख्या 5.2 लाख तक पहुँच चुकी है, जो देश के बड़े राज्यों में से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिए चलाई गई योजनाये जैसे साइकिल योजना, पोशाक योजना और छात्रवृत्त ने लड़िकयों की स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर छात्राओं की उपस्थिति में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत संकेत है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में बिहार ने ठोस प्रगति की है। मेडिकल कॉलेजों की संख्या जहाँ पहले केवल छह थी, वहीं अब यह बढ़कर बारह हो चुकी है और कई अन्य कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इससे न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है, बल्कि मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर पैदा हुए हैं। स्वास्थ्य केंद्रों, अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सरल बनाया है। नई स्वास्थ्य योजनाओं और तेज़ प्रशासनिक व्यवस्था से आम जनता को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो रही है। बुनियादी ढाँचे का अभूतपूर्व विकास हुआ है। बिहार में सड़क, पुल, बाईपास और एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण ने परिवहन व्यवस्था को नई दिशा दी है। पहले जहाँ यात्रा करना कठिन और समय लेने वाला होता था, वहीं अब बेहतर सड़क नेटवर्क से शहरों तथा गांवों के बीच का फासला कम हुआ है। हर घर नल का जल, पक्की सड़क, शौचालय और बिजली पहुँचाने की योजनाओं ने ग्रामीण जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। वर्ष 2018 तक हर घर तक बिजली पहुंचने से राज्य की सामाजिक-आर्थिक संरचना में नई संभावनाओं का निर्माण हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल बिजली व्यवस्था ने व्यापार, शिक्षा और संचार को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिला सशक्तिकरण बिहार का सबसे मजबूत स्तंभ है। इस पर सरकार का पूरा फोकस है। महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बिहार ने कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर राज्य ने नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया है।

जीविका स्वयं सहायता समूहों की सदस्य संख्या 1.4 करोड़ तक पहुँच चुकी है। इन समूहों ने महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में अहम योगदान दिया है। महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 156 करोड़ महिलाओं को दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है, जिसे दो लाख रुपये तक बढ़ाने की तैयारी है। यह योजना महिलाओं की आर्थिक क्षमता को बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। कृषि को तकनीक और नीति से जोड़ने का प्रयास भी जारी है।

कृषि को बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। सरकार ने धान अधिप्राप्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों को समय पर भुगतान और उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। केंद्र सरकार द्वारा 4 हजार करोड़ की मंजूरी मिलने से कृषि क्षेत्र में नई योजनाओं को लागू करने में तेजी आएगी। आधुनिक तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं, बीज सुधार और फसल सुरक्षा उपायों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कृषि आधारित उद्योगों तथा कोल्ड चेन नेटवर्क को मजबूत कर किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में राज्य आगे बढ़ रहा है।

उद्योग और पर्यटन क्षेत्र में नई आर्थिक संभावनाओं की तलाश सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस तरफ सरकार ध्यान दे रही है। बिहार की नई विकास नीति में उद्योगों को पुनर्जीवित करने और निवेश आकर्षित करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बिजली, सड़क और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार से उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार हुआ है। पर्यटन के क्षेत्र में बिहार की अपार संभावनाओं को अब योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। बौद्ध, जैन, सिख, हिंदू और इस्लामिक विरासत स्थलों ने बिहार को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर विशेष स्थान दिया है।

## आप की बात

### अमिताभ न सही किसी को तो सुध आई बच्चन के पुश्तैनी गांव बाबू पट्टी की

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में अभिनेता अमिताभ बच्चन के पुश्तैनी गांव बाबू पट्टी का कायाकल्प होने वाला है। चलिए सुपर स्टार बच्चन परिवार तो शायद भूल ही गया था, लेकिन किसी ने इसकी सुध तो ली। महाराष्ट्र का एक गैर-सरकारी संगठन जो बाबू पट्‌टी के कायाकल्प की योजना पर काम करने जा रहा है ।एनजीओ 'हरिवंश राय बच्चन प्रबोधन प्रतिष्ठान' ने परियोजना में एक करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। भला है योगी सरकार का जिसने अपनी मातृभूमि योजना के तहत संबंधित परियोजना को मंजूरी भी दे दी है। अब सवाल यह उठता है कि बालीवुड के शहंशाह और अकूत संपत्ति के मालिक मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने अबतक क्यों इससे मुंह मोड़ रखा था ौर यह सवाल लोगों को मथने वाला है। ऐसे साधुवाद उत्तर प्रदेश सरकार का जिसने योजना के इसको अपनी स्वीकुति दे दी और कहीं न कहीं सरकारी मदद भी बाबूपट्‌टी के काम आएगी।

**अंजनी सिन्हा, वाराणसी**

### भारत-रूस की दोस्ती अनूठी मिसाल

1971 की भारत सोवियत मैत्री संधि ने दोनों देशों को इस तरह जोड़ा कि जो इतिहास बन गया। मास्को और दिल्ली की दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत है जितनी उस दौर में थी, जब दुनिया द्विध्रुवीय शक्ति-संतुलन से संचालित होती थी। रूस ने भारत को सैन्य रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में असाधारण भूमिका निभाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की भारत यात्रा के तुरंत बाद अमेरिका ने अपनी नई नेशनल सेक्युरिटी स्ट्रेटेजी जारी की, जिसने दुनिया के शक्ति-संतुलन पर गहरा संदेश दिया है। भारत रूस संबंध विश्वास और रणनीतिक स्थिरता की अनूठी मिसाल है। भारत और रूस के रिश्ते सिर्फ कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने समय की कसौटी पर खुद को बार-बार सिद्ध किया है। सोवियत संघ की तकनीकी और औद्योगिक सहायता 1950-60 के दशक में यूएसएसआर ने भारत को भारी उद्योगों का बुनियादी ढांचा दिया। भिलाई और बोकारो स्टील प्लांट, मशीन टूल्स फैक्ट्रियां, पावर प्लांट, अंतरिक्ष कार्यक्रम आदि इन सभी में रूसी सहयोग का गहरा प्रभाव रहा। इसी के चलते अभूतपूर्व मैत्री संधि सार्थक साबित हुई है।

**विजय कुमार, नई दिल्ली**

### स्टार फुटबॉलर मेस्सी भारत पहुंचे प्रशंसकों में गजब का उत्साह

लियोनेल मेसी फुटबॉल के इतिहास में सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक माने जाते हैं। अर्जेंटीना से ताल्लुक रखने वाले मेसी ने अपने करियर में असंख्य रिकॉर्ड बनाए हैं, जिनमें कई बार बैलन डी'ओर जीतना और 2022 फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना को चैम्पियन बनाना शामिल है। उनकी तकनीक, ड्रिब्लिंग और गोलबाजी की अद्भुत क्षमता उन्होंने दुनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों को दीवाना बनाया है। इस बार मेसी कल भारत आए हैं और तीन दिनों के लिए एक विशेष ''जीओटी इंडिया टूर (ऋडअळ क्ष्ल्ली ळङ्ग४१ 2025) कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें वे कोलकाता, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली जैसे शहरों का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान वे फैंस के साथ कार्यक्रमों में शामिल होंगे और भारत में फुटबॉल के प्रति उत्साह को महसूस करेंगे। यह उनका भारत का पहला दौरा है 14 साल बाद आख़िरी बार वे 2011 में भारत आए थे। इस दौरे को लेकर देश भर में उत्साह और फुटबॉल प्रेमियों में जबरदस्त जबरदस्त क्रेज देखने को मिला।

**रवि कुमार, लखनऊ**

### दिल्ली-एनसीआर की हवा फिर खराब, ऐसे में एहतियात भी जरूरी

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली और एनसीआर राज्य सरकारों को सभी बाहरी शारीरिक खेल गतिविधियों को तत्काल निलंबित करने का निर्देश दिया है, साथ ही चेताया है कि खराब वायु गुणवत्ता के बीच ऐसे आयोजनों का निरंतर संचालन बच्चों की सेहत के लिए घातक साबित हो सकता है। आयोग ने शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि वह इस बात से चिंतित है कि 19 नवंबर के उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप जारी किए गए निर्देशों के बावजूद दिल्ली-एनसीआर के कुछ स्कूल और संस्थान अब भी बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन कर रहे हैं। ऐसे में कहा गया कि अलर्ट के बावजूद तमाम आयोजन कराए जा रहें खासकर स्कूलों, कालेजों में जो स्वास्थ्य के नजरिए से बेहद जोखिम भरा हहै। आम लोगों को और संस्थाओं को चाहिए कि अपने स्तर से इस चेतावनी को महसूस करें और एहति?ती कदम उठाया जाए।

**चंद्रेश सिंह, कानपुर**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 दिसंबर 2025



मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा अभियान संचालित

# ‘जन जन की सरकार-जन जन के द्वार’अभियान 17 दिसंबर से शुरू

- अभियान में शामिल होंगे राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण सहित 23 विभाग

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रदेशभर में 17 दिसंबर 2025 से 45 दिनों तक ‘जन जन की सरकार-जन जन के द्वार’ अभियान संचालित किया जायेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न न्याय पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में कैंम्प लगाकर आम आदमी से जुडी योजनाओं का लाभ जन सामान्य तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। इस अभियान में राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, समाज कल्याण सहित 23 विभाग शामिल रहेंगे। इस संबंध में सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश भी जारी किये गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के अनुपालन में सचिव सामान्य प्रशासन विनोद कुमार सुमन ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को प्रेषित पत्र में प्रदेश में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने एवं जरूरतमंदों लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया दिनांक 17 दिसंबर से आगामी 45 दिनों तक प्रदेश में ‘जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार’ अभियान के अन्तर्गत विभिन्न न्याय पंचायतों में कैम्प लगाये जाने तथा न्याय पंचायतों, ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किये जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए जन सामान्य से आवेदन पत्र प्राप्त करते हुए उस पर कार्यवाही की जायेगी।

सचिव सुमन ने बताया यह कार्यक्रम न्याय पंचायत के स्तर पर संचालित किया जायेगा तथा वहां पर बहुउद्देशीय शिविर, कैम्प का आयोजन किया जायेगा, यदि कोई न्याय पंचायत बहुत बड़ी हो तो उस न्याय पंचायत में दो भागों में गांव को विभक्त करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया इस अभियान के दौरान बहुउद्देशीय शिविर, कैम्प में उपस्थित लोगों को केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी तथा कैम्प में उपस्थित पात्र व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये है कि कैम्प लगाये जाने से पूर्व मीडिया के माध्यम से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाने, जनपद में अधिकारियों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक सप्ताह में कम से कम 02 से 03 कार्य दिवसों में प्रत्येक तहसील की न्याय पंचायतों में यह कैम्प लगाया जाना सुनिश्चित किया जाय। प्रयास किया जाय कि प्रत्येक सप्ताह जनपद में जितनी तहसील है उनकी कम से कम एक-एक न्याय पंचायतों में यह आयोजन किया जायें।

यह कार्यक्रम न्यूनतम 45 दिन तक अनिवार्य रूप से सभी न्याय पंचायतों में चलाया जाना है। यदि इस अभियान के दौरान सभी न्याय पंचायतें आच्छादित नहीं हो पाते है तो कार्यकम को तद्नुसार जनपद द्वारा आवश्यकतानुसार इसे आगे भी विस्तारित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिये है कि ग्राम स्तर पर केन्द्र सरकार, राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ से संबंधित क्षेत्र, ग्राम पंचायत में कौन-कौन से लोग वंचित है, इसका पूर्व से ही विभिन्न विभागों के माध्यम से सर्वेक्षण करा लिया जाय तथा भ्रमण के दौरान इन कमियों को दूर किये जाने की कार्यवाही की जाय तथा सभी सम्बन्धित से आवेदन पत्र भराये जाएं।

पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले किसी एक कैम्प में अनिवार्य रूप से जिलाधिकारी स्वयं उपस्थित रहें। अन्य कैम्पों कमशः मुख्य विकास अधिकारी अथवा अपर जिलाधिकारी अथवा उपजिलाधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

## कमिश्नर दीपक रावत का औचक निरीक्षण, कूड़े में आग लगाने पर 5 हजार का जुर्माना



**हल्द्वानी।** रविवार को कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी कार्यालय, कालू सिद्ध मंदिर के पास निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में संचालित कैंटीन के संचालक राजू जोशी द्वारा कूड़े में आग लगाई जा रही थी। इस पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुपालन में मौके पर ही कैंटीन संचालक का 5,000 रुपये का नगद चालान काटा गया। इस दौरान कमिश्नर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा जलाने जैसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में इस तरह की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## खटीमा तुषार हत्याकांडः आरोपी हाशिम मुठभेड़ में गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। खटीमा**



उधम सिंह नगर जनपद के खटीमा में तुषार हत्याकांड के बाद फैले तनाव के बीच पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले के मुख्य आरोपी हाशिम पुत्र अबरार को सुबह पुलिस ने एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है, मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ईंट भट्टे में छिपा हुआ था।

एसएसपी उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी खटीमा से फरार होने की कोशिश कर रहा है। घेराबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी। उन्होंने बताया कि मामले में शामिल दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।

गौरतलब है कि शुक्रवार देर रात आपसी रंजिश के चलते आश्रम पद्धति क्षेत्र में रहने वाले 23 वर्षीय तुषार शर्मा की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि दो अन्य युवक सलमान और अभय भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया। आक्रोशित भीड़ ने विरोध प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया, कुछ दुकानों में आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाएं भी सामने आईं।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और पीएसी को तैनात किया गया, लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया गया, दो लोगों को हिरासत में लिया गया। तनाव को देखते हुए नगर में धारा 144 लागू कर दी गई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। हालात अब सामान्य हो रहे हैं।

## रंगारंग कार्यक्रमों के साथ लायंस क्लब का वार्षिक उत्सव संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**



नगर की सामाजिक संस्था लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा अपनी स्थापना 1996 से वर्ष 2025 तक अपने 30 वर्ष पूरे कर लिए गए। इस उपलक्ष में आयोजित वार्षिक समारोह एवं विदाई कार्यक्रम के अंतर्गत रामपुर रोड स्थित होटल राज पैलेस के विशाल सभागार में तमाम रंगारंग कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, फर्स्ट लाइन लेडी अनीता अग्रवाल, महासचिव निशुल एवं मुकेश गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज कांत अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष डॉ. अनुज अग्रवाल ने बारी बारी से विभिन्न प्रतियोगिताओं, बेस्ट टाइमिंग, तोल बोल के बोल, अंक कार्ड प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रही, जिसमें क्रियांश गुप्ता, अक्षत अग्रवाल, पीहू गुप्ता तथा सांविका अग्रवाल ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। लकी ड्रॉ के पुरस्कार कूपन नंबर 77, 53 एवं 61 के अंतर्गत निशुल अग्रवाल, अनुज कांत अग्रवाल एवं विजय कुमार शर्मा को अध्यक्ष डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी एवं पंकज अग्रवाल, राखी अग्रवाल ने पुरस्कार प्रदान किया।

कार्यक्रम में माचिस उठाओ मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता ने भी समा बांध दिया, इसमें मुकेश गुप्ता अपूर्व प्रथम, पंकज अग्रवाल द्वितीय, संजय गर्ग तृतीय, तथा अशोक जैन एवं अजय कृष्ण गोयल चतुर्थ एवं प्रदीप अग्रवाल पंचम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से सरिता संग ज्योतिष आचार्य राजीव श्रीवास्तव को लायंस सिल्वर जुबली सम्मान से विभूषित किया गया।

इस अवसर पर रूबी लोकेश गुप्ता, कनक अनुज कांत, अमिता प्रदीप अग्रवाल ,कुसुम अजय कृष्ण, सुमन आशीष जैन ,शालिनी विजय श्रीवास्तव ,रेणुका संजय गर्ग, बीना राकेश वर्मा, अनीता डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लायंस वर्षगांठ सम्मान पत्र प्रदान किया गया ।

## आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपत्तियों के लिए 4 करोड़ की स्वीकृति

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के अंतर्गत जिले में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसम्पत्तियों के तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु शासन से प्राप्त 4 करोड़ की धनराशि को विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं को उपलब्ध करा दी गई है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसम्पत्तियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु विभिन्न कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों की स्वीकृति से पूर्व सर्वप्रथम सम्बन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी से जांच कराई गई। समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विभिन्न प्रस्तावों को विभागीय, सार्वजनिक परिसम्पत्तियों की तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## अनियंत्रित होकर पलटी बस, कई यात्री घायल



**पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी**

जिले में सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला रविवार को कालाढूंगी से रामनगर मोटर मार्ग के पास धामोला का है जहां पर निजी बस ओवरटेक करने के चलते अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई।

बस में करीब 40 यात्री सवार बताएं जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ यात्रियों को हल्की चोट आई है, जिनको उपचार के लिए कालाढूंगी के स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया है। जहां से गंभीर घायलों को सुशीला तिवारी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भेजा जा रहा है। वही अन्य यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं लेकिन जिस तरह से सड़क हादसे बढ़ रहे हैं। वह प्रशासन और परिवहन विभाग के लिए चिंता का विषय जरूर बन रहे है।

## अनियंत्रित बस ने मेले से लौट रहे लोगों को मारी टक्कर, 7 घायल

**जोशीमठ।** जोशीमठ में शनिवार देर रात एक गंभीर सड़क दुर्घटना सामने आई। हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार पैनखंडा महोत्सव (मेले) कार्यक्रम से लौट रहे लोगों को तेज गति से आ रही एक बस ने टक्कर मार दी। यह हादसा रविग्राम क्षेत्र के पास हुआ, जिसमें कुल 7 लोग घायल हो गए। हादसे में दो युवक शिवम बिष्ट और सिद्धार्थ पंवार को गंभीर चोटें आई हैं। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। हालात गंभीर देखते हुए घायलों में से एक को तत्काल देहरादून रेफर किया गया, जबकि अन्य गंभीर घायल का इलाज स्थानीय स्तर पर जारी है। वहीं पांच अन्य लोगों को हल्की चोटें आई थीं, जिन्हें रात में ही प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी डीएस रावत ने बताया कि बस महोत्सव समिति की ओर से लगाई गई थी, जिसका उपयोग दूर-दराज से आए लोगों को कार्यक्रम के बाद उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस मेले से लौटते समय ब्रेक फेल होने के कारण नियंत्रण से बाहर हो गई, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि, मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने चालक की लापरवाही को भी दुर्घटना का कारण बताया है। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में 27 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग



**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

रविवार को अलग-अलग स्थानों पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गढ़वाल तथा कुमाऊं मंडल के विजेता प्रतिभागियों द्वारा आपने हुनर का प्रदर्शन किया गया कुल 62 प्रतिभागियों ने आयोजन में हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के समन्वयक अजय सिंह ने बताया कि उत्तराखंड कौशल विकास समिति द्वारा प्रायोजित प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों अगले वर्ष के प्रारम्भ में नार्थ जोन में अपनी विधाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा जहाँ से उनका चयन राष्ट्रीय स्तर में होने वाली प्रतियोगिता के लिए होगा। सितंबर में फ्रांस के लियोन शहर में आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए होगा।

## सुभारती मेडिकल कालेज पर प्रशासन की कार्यवाही

- 87.50 रुपये करोड़ की कुर्की प्रक्रिया शुरू

**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**



बड़े बकायेदारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला प्रशासन ने सुभारती समूह पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर लंबित बकाया वसूली के तहत 87.50 रुपये करोड़ की कुर्की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी किसी बड़े या छोटे बकायेदार को बकाया राशि न जमा करने पर कानूनी कार्रवाई से नहीं बख्शा जाएगा। जनपद में राजस्व वसूली को गति देने तथा सरकारी धन की सुरक्षा करने के उद्देश्य से यह कार्यवाही कर कड़ा संदेश दिया है। जिलाधिकारी ने कुर्की वारंट जारी कर स्पष्ट किया गया है कि बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान न होने पर यह कठोर कदम उठाया गया है।

बता दें शैक्षिक सत्र 2017-18 में प्रवेश पाए द्वितीय बैच के कुल 74 छात्रों ने उच्चतम न्यायालय में और रिट याचिका (सिविल)दाखिल की गई थी। जिसमें में छात्रों की ओर से संस्थान में संरचना उपलब्ध नहीं है। जिससे लगातार शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते हैं। याचिका में एमसीआई ने अपने तथ्य रखे गए थे। याचिका में यह प्रश्न था कि छात्रों को अन्य संस्थान में प्रवेश देकर ट्रांसफर किया जाए। साल 2019 में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्देश दिया गया कि 300 छात्रों को राज्य के तीन राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रांसफर किया जाये। उच्चतम न्यायालय ने यह भी आदेश दिया गया था कि यह छात्र केवल राजकीय मेडिकल कॉलेज में लागू फीस का ही भुगतान करेंगे।

उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश को 12 अप्रैल 2019 के आदेश में दोबारा पुष्ट किया गया था। श्रीदेव सुमन सुभारती मेडिकल कॉलेज में इन सभी 300 छात्राओं को राजकीय मेडिकल कॉलेजों में समायोजित किए जाने के लिए करीब एक नए मेडिकल कॉलेज को खोलने के अनुरूप अपेक्षित संरचना स्थापित करने की आवश्यकता थी। जिसमें राज्य सरकार पर अनापेक्षित वित्तीय भार आ गया। संस्था ने इन छात्रों से शुल्क बिना किसी काम के संग्रहित किया था।

संस्थान को 6 सालों से 300 छात्रों से पूरा शुल्क वसूलने के बावजूद संरचना विहीन संस्थान में रखना भारी पड़ गया है।

> जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राजस्व की हानि किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। बकायेदारों की देरी या भुगतान से बचने की प्रवृत्ति पर अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि बकायेदारों की विस्तृत रिपोर्ट तत्काल तैयार करें। प्राथमिकता के आधार पर बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करें। लगातार फॉलोअप करते हुए वसूली की दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आवश्यक होने पर कुर्की, नोटिस, बैंक खाता कुर्की या अन्य विधिक कार्रवाई भी अमल में लाई जाये। डीएम सविन बंसल ने कहा जनता के धन की लूट करने वालों को किसी भी स्थिति में छोड़ा नहीं जाएगा।

## परफ्यूम बनाने वाली फैक्टरी में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी



**पायनियर समाचार सेवा। देहरादून**

देहरादून के विकासनगर स्थित सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्री बालाजी नाम की कंपनी की फैक्टरी में रविवार दोपहर अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अग्निशमन कर्मी आग को बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। आग बुझाने के लिए अब तक चार वाहनों का प्रयोग किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार, जिस फैक्टरी में आग लगी है उसमें परफ्यूम बनाया जाता है। फैक्टरी परिसर के भीतर से सिलिंडर के धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं, बगल की फैक्टरी तक आग पहुंचने की आशंका के चलते उसमें से सामान निकाला जा रहा है। थाना प्रभारी पीडी भट्ट ने बताया कि आग बुझाने की कार्यवाही जारी है। दमकल विभाग की गाड़ियां जल्द ही आग पर काबू पा लेंगी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

## अमोडी क्षेत्र से हटाया गया अवैध अतिक्रमण, तीन दुकानें ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा। चंपावत**



जनपद चंपावत में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए अमोडी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। तहसीलदार बृजमोहन आर्य के नेतृत्व में ग्राम विकास विभाग की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए बुलडोजर गरजा और मौके पर बनी तीन कच्ची दुकानों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस बल एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर तैनात रहे, जिससे अभियान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद उक्त भूमि को ग्राम विकास विभाग के प्रतिनिधि, जिला परियोजना प्रबंधक रीप (आरईएपी) को विधिवत रूप से सुपुर्द किया गया। ताकि यहां विभागीय विकास कार्य कराए जा सकें।

इस दौरान प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी जनपद में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री मोदी की भारतीय संस्कृति, धरोहर एवं विरासत के संरक्षण की दूरदृष्टि का आधार है ज्ञान भारतम मिशनः स्वामी रामदेव

## पतंजलि विश्वविद्यालय को ‘क्लस्टर सेंटर’ के रूप में मिली मान्यता

- पतंजलि विश्वविद्यालय के भारतीय संस्कृति के के रक्षण के प्रयासों को और दिव्यता प्रदान करेगा ज्ञान भारतम मिशनः आचार्य बालकृष्ण

**पायनियर समाचार सेवा। हरिद्वार**




ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा हरिद्वार में आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को ‘क्लस्टर सेंटर’ के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ. आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक तथा विश्वरंजन मालिक की उपस्थिति में एक एमओयू साइन किया गया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत सहित ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की संस्कृति मूलक भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है ज्ञान भारतम मिशन।

डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने बताया की अभी तक 33 टडव इस मिशन के तहत साइन हुए हैं जिसमे क्लस्टर सेंटर 20 हैं। इनमें से 8 विश्वविद्यालय हैं और योग शिक्षा आधारित प्रथम क्लस्टर सेंटर पतंजलि विश्वविद्यालय है।

उन्होंने बताया अभी तक पतंजलि विश्वविद्यालय में 50000 से ज्यादा प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, 42 लाख पृष्ठों के डिजिटलाइजेशन और 40 से अधिक पांडुलिपियों के शोधन एवं पुनर्प्रकाशन का कार्य किया जा चुका है।

ज्ञान भारतम के क्लस्टर सेंटर के रूप में अब पतंजलि इस कार्य को और दिव्यता प्रदान करते हुए 20 केन्द्रों को भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित कर इस मिशन से जोड़कर भारतीय संस्कृति के रक्षण का कार्य कर सकेगा।

इस अवसर पर ज्ञान भरतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश जी ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत क्लस्टर सेंटर के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय योग और आयुर्वेद पर आधारित पांडुलिपियों पर ना केवल शोध करेगा अपितु इसको शिक्षा क्रांति से जोड़कर देश एवं समाज तक पहुँचाएगा।

इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय की मानविकी एवं प्राचीन अध्ययन संकाय की डीन डॉ. साध्वी देवप्रिया सहित पतंजलि अनुसंधान संस्थान के डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, डॉ. सतपाल, डॉ. करुणा, डॉ. स्वाति, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. रश्मि मित्तल सहित सभी छात्र एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### तहसील क्षेत्र के ग्राम झीवर हेड़ी में भूमि विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट

# खूनी संघर्ष में दर्जनों घायल, सात गंभीर





**पायनियर समाचार सेवा। बेहट**

तहसील क्षेत्र के ग्राम झीवर हेड़ी मे भूमि विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में विवाद हो गया,जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से लाठी,डंडे,धारदार हथियार में एक दर्जन से अधिक महिलाएं पुरुष घायल हो गये।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भेज दिया जिसमें सात घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। रविवार को ग्राम झीवर हेड़ी पठानपुरा में एक ही बिरादरी के दो पक्षों मे सरकारी जमीन को लेकर खूनी संघर्ष हो गया।

दोनों तरफ से लाठी डंडे और धारदार हथियार चले जिसमें महिलाओं सहित दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक ग्राम झीवर हेडी में ग्राम समाज की 15 बिस्वा भूमि है जिस में तीन बिस्वा में मंदिर बना हुआ है और 12 बिस्वा खाली है।इस पर एक पक्ष कब्जा करना चाहता था तो दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया और कहा कि खाली भूमि पर सार्वजनिक बारात घर बनना चाहिये। इसी बात को लेकर कश्यप समाज के दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। कुलदीप, सुशील, अजय, सियम, गुरदयाल, नीलम पत्नी कुलदीप, मामो पत्नी बनारसी, वैशाली बेबी पत्नी रामधन, विजय, रामधन, महेंद्र, रामवीर, राम सिंह घायल हो गये।गंभीर स्थिति में गगन पुत्र सतपाल,दीपक पुत्र सतपाल,यशपाल पुत्र महेंद्र,मिथिलेश पत्नी जनेश्वर,विकास पुत्र सुकड़,सतपाल पुत्र कृष्ण लाल,अंकित पुत्र जनेश्वर को चिकित्सकों ने हाय सेंटर रेफर कर दिया।

## जल निकासी को लेकर दो गांव आमने-सामने



**नागल।** दो गांव की घरेलू जल निकासी एक ही तालाब में होने के कारण सुबह दोनों गांव के ग्रामीण आमने सामने आ गये। सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी राजकुमार चौहान ने दोनों गांव के ग्रामीणों को समझाया। जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार मोनिका चौहान राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंची और मौके के का मुआयना किया। गांव नगली मेहनाज के ग्रामीण प्रधान प्रतिनिधि सुंदरलाल, पूर्व प्रधान नरेश चौधरी, बिरम सिंह, मास्टर महिपाल, सुशील, काला, सुखबीर, करण पाल, नीटू,हरिया आदि का कहना है कि करीब 4 दशकों से उनके गांव का घरेलू पानी बुगली नामक तालाब में जाता आ रहा है। इस तालाब का सौंदर्य करण होने के कारण गांव खटोली के ग्रामीण के द्वारा उनके गांव का पानी रोकने की नीयत से पानी के नाले पर कई जगह बांध लगा दिए गए थे। जिस कारण गांव का गंदा पानी वापस गांव में घुसने लगा था।

# चुनाव को निरस्त करने की मांग

- कर्मचारी हित में सफाई कर्मचारी संघ की मान्यता को भी समाप्त करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**



उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ सहासघ्पुर के विशेष पदाधिकारियो की विशेष बैठक में विचार विमर्श कर उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की मान्यता को कर्मचारी हित में समाप्त करते हुए इनके द्वारा किये जा रहे चुनाव को निरस्त करने की मांग की गई विकास भवन पर आयोजित उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ सहारनपुर के विशेष पदाधिकारियो की विशेष बैठक में तथाकथित मान्यता प्राप्त उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ सहारनपुर के चुनाव से सम्बन्धित मतदाता सूची में इनके द्वारा अपने संघ के सदस्यों के साथ साथ हमारे व अन्य संघ के सदस्यों को भी अपनी सूची में सम्मिलित करते हुए अवैध वसूली का आरोप लगाया गया। आरोप ये भी लगाया कि अवैध रुपये वसूलते हुए इनके प्रान्तीय पदाधिकारियों के द्वारा जनपद सहारनपुर में मतदाता सूची प्रदर्शित की गई है।

जिसमें आज इनके संघ द्वारा वि0ख0 बालियाखेडी में चुनाव नामांकन प्रकिया करते हुए 21-12-2025 को चुनाव कराया जायेगा। बैठक मे आरोप लगाया गया कि इनके द्वारा मान्यता की कार्यशैली अपनाते हुए सफाई कर्मचारी साथियो से अवैध वसूली करते हुए हमारे संघ के व अन्य संघ के पदाधिकारियों एवं अन्य सदस्यो को अपनी मतदाता सूची में शामिल करने का क्या औचित्य है जिसके विषय में कल जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय सहारनपुर से उनके दूरभाष पर सम्पर्क किया गया जिस पर उनके द्वारा भी नियम विरुद्ध मतदाता सूची बताई गई। हमारे संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में गहरा रोष व्याप्त है जिसके लिये आज एक प्रेसवार्ता कर तथाकथित उत्तर प्रदेश ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की भष्ट्राचार नीति को देखते हुए सरकार इनके संघ की मान्यता को कर्मचारी हित में समाप्त करते हुए इनके द्वारा किये जा रहे चुनाव को निरस्त करने का कष्ट करे। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष सतीश कुमार, अध्यक्ष बौधराज, कर्मसिंह, सुन्दरलाल, सतेन्द्र कुमार, पदम सिंह, धडक सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अनपूर्णा ने गांव का नाम किया रोशन

**नकुड़।** तहसील नकुड़ के निकटवर्ती गांव अध्याना के शिक्षक हरिओम त्यागी की पुत्री अन्नपूर्णा त्यागी ने बी.एच.यू बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से एम.ए प्राचीन इतिहास विषय मे विश्वविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन कर दिया।अन्नपूर्णा की इस उपलब्धि पर पूरा गांव गौरवान्वित है। उन्होंने इसका श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया। गांव प्रधान विनोद त्यागी,मास्टर विश्वास त्यागी, कृष्ण दत्त त्यागी ने पूरे परिवार को बधाई दी और बच्ची के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मेडिकल कैंप का आयोजन



**सहारनपुर।** आज जाट भवन सहारनपुर में राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट दिल्ली, हिंस के सहयोग से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में कैंसर मरीज, स्त्री रोग से पीड़ित महिलाओं, सामान्य मरीजों, नाक कान गले रोगियों का निःशुल्क जांच कर दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। मेडिकल कैंप में 124 पुरुष/महिला का चेकअप किया गया, लगभग 104 लोगों को हाई बीपी, 63 शुगर, 93 लोग कैंसर पीड़ित, 37 महिलाएं गंभीर स्त्री रोग से पीड़ित पाई गई। कैंप में डॉ० तरनजीत सिंह, डॉ० डोना, डॉ० आशीष, डॉ० गगनदीप, चौधरी बख्तावर सिंह, रामवीर सिंह भगत सिंह, कृपाल मलिक, धीरज सिंह, नरेंद्र सिंह, अशोक चौधरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### युवती से छेड़छाड़ के आरोप में पांच पर केस

**कैराना।** कस्बे के एक मौहल्ला में युवती से छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में मुख्य आरोपी सहित पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पाँच लोगों के खिलाफ मुदकमा दर्ज कर जाँच कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर के एक मौहल्ला निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 13 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे उसकी पुत्री गली से गुजर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक मंचले ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जब पीड़ित पक्ष ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया और शिकायत की बात कही, तो कुछ ही देर बाद आरोपी पक्ष क्षुब्ध होकर दुकान पर पहुंच गया। आरोप है कि मुख्य आरोपी अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर दुकान के अंदर घुस आया था। गाली-गलौच करते हुए पीड़ित और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई तथा दुकान में तोड़फोड़ भी की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिनके सामने आरोपी शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए।

### ढाबे में जा घुसी तेज रफ्तार कार



**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी बाईपास स्थित एक फैमिली रेस्टोरेंट में देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मुजफ्फरनगर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार वर्ना कार अनियंत्रित होकर सीधे ढाबे में जा घुसी। हादसे में ढाबे को भारी नुकसान पहुंचा, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना का पूरा दृश्य ढाबे में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया। थाना प्रभारी जयवीर सिंह ने बताया कि हादसे में शामिल वर्ना कार संख्या यूपी 07 एटी 6910 को थाने लाकर सीज कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज गति के कारण वाहन के असंतुलित होने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है। साथ ही, संबंधित धाराओं में आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जा रही है।

### ऑपरेशन सवेरा के तहत स्मैक तस्कर दबोचा



**शामली।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा : नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 23.80 ग्राम स्मैक बरामद की है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में की गई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शमशाद पुत्र जमील, निवासी खेडी करमू, थाना कोतवाली जनपद शामली के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की मोटर साइकिल बरामद

- तमंचा, जिन्दा कारतूस 315 बोर भी बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**



थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा मोटर साईकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर वाहन चोर/अभियुक्तगण गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी एक मोटर साईकिल, एक तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक तमंचा 12 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बरामद की गयी। 11 नवम्बर को वादी सरफराज पुत्र सत्तार निवासी ग्राम जहानपुर थाना बिहारीगढ जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा सतपुरा पुल के पास से वादी की मोटर साइकिल के सम्बन्ध में थाना बिहारीगढ़ पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। इसके अलावा 1 दिसम्बर 2025 को वादी सचिन पुत्र कबूल निवासी ग्राम सतपुरा थाना बिहारीगढ जिला सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अज्ञात चोर द्वारा गणेश धर्म कांटा ग्राम सुन्दरपुर थाना बिहारीगढ से वादी की मोटर साईकिल के सम्बन्ध में थाना बिहारीगढ़ पर मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी ने संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी बिहारीगढ़ के कुशल नेतृत्व में दिनांक 13 दिसम्बर 2025 को थाना बिहारीगढ़ पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तगण अनिल पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी लखनौती थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर, राजा पुत्र नाथी निवासी ग्राम नौगावा थाना मिजार्पुर जनपद सहारनपुर, वीरेन्द्र उर्फ राजा पुत्र सुरेश निवासी ग्राम नौगावा थाना मिजार्पुर जनपद सहारनपुर को तोता टाण्डा पुल के कोने से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त की चोरी गयी मोटर साईकिल बरामद किया गया।

## दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे पर दो बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। जिनको पुलिस ने उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया जहां पर एक बाइक सवार को चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया वहीं बाइक सवार दो घायलों को उपचार हेतु हायर सेंटर भिजवाया गया है।वही युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। घायलों का हरियाणा के करनाल में उपचार चल रहा है जहां पर दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोपहर को मेरठ करनाल हाईवे पर काला माजरा कट के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सक द्वारा वसीम उम्र 25 वर्ष पुत्र इरफान निवासी गांव बसी कुंडा गंगोह सहारनपुर को मृत घोषित कर दिया।

# वीड स्कूल में भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**

द पेस्टल वीड स्कूल, देहरादून के तत्वावधान में एक शुद्ध पर्यावरण एवं पृथ्वी बचाव विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से जीवंत रूप दिया। आज कोर्ट रोड स्थित एक होटल के सभागार में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए, साथ ही प्रतिभागी बच्चों का उत्साह बढ़ाने हेतु सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि , माइक्रो इंजीनियरिंग कंपनी अनिल यादव रहे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण के रूप में अभिभावकों के लिए गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन के सफल संचालन में डॉ. अब्दुल कादिर, सौरभ नैलवाल एवं श्रीमती समता गोयल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# 25 लाख के चोरी हुए 111 मोबाइल बरामद



- सर्विलांस सेल की बड़ी कामयाबी

**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

जनपद में गुमशुदा मोबाइलों की शत-प्रतिशत बरामदगी के अभियान के तहत सर्विलांस सेल शामली और थानों पर प्रचलित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बड़ी सफलता मिली है। अलग-अलग कंपनियों के कुल 111 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रुपये है, बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर नवंबर माह में गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल व थानों की टीम ने सीईआईआर पोर्टल पर प्रभावी कार्रवाई की।

इसी क्रम में रविवार को पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल धारकों से मुलाकात कर उनके मोबाइल उन्हें सुपुर्द किए। इस दौरान सर्विलांस सेल पोर्टल पर कार्यरत कर्मचारियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए पूरी टीम की प्रशंसा की गई। मोबाइल पाकर खुश हुए धारकों ने शामली पुलिस का आभार जताया।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दोस्त पुलिस हिरासत में

**शामली।** कस्बा गढीपुख्ता में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। परिजनों ने युवक के दोस्त पर ही उसे मृत हालत में घर छोडने का आरोप लगाते हुए गढीपुख्ता थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कस्बा गढीपुख्ता के मौहल्ला सुभाषपुरी निवासी 25 वर्षीय शिवम पुत्र विनोद अपने दोस्त प्रयास पुत्र श्याम सिंह के साथ घर से किसी काम से झिंझाना गया था। देर रात तक शिवम के घर न पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने शिवम की खोजबीन शुरू कर दी। देर रात करीब साढे नौ बजे प्रयास शिवम को अचेत अवस्था में उसके घर लेकर पहुंचा, शिवम के चाचा के लडके ने जब उसे शिवम को कमरे में लिटाने को कहा तो प्रयास उसे गेट पर ही छोडकर एक अन्य युवक के साथ वहां से भाग खडा हुआ। जब तक परिजन शिवम को उठाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शिवम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# न्यू मैक्स टाउनशिप घोटाले व प्रदूषण के विरोध में टावर पर चढ़ा युवक

- रेलवे स्टेशन पर मचा हड़कंप, जांच और मिलों में कूड़ा जलाने पर रोक की उठाई मांग

**पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर**



हाइवे पर स्थित बहुचर्चित न्यू मैक्स टाउनशिप सिटी में कथित घोटाले की निष्पक्ष जांच और जिले की विभिन्न मिलों में कूड़ा-कचरा व पन्नी जलाने से फैल रहे प्रदूषण के विरोध में कांशीराम कॉलोनी निवासी अजय पंडित ने रेलवे स्टेशन के बिजली टावर पर चढ़कर सनसनी फैला दी। घटना के चलते कुछ देर के लिए पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। टावर पर चढ़ने से पहले अजय पंडित ने एक वीडियो जारी कर अपनी मांगें सार्वजनिक कीं।

इसके बाद रविवार सुबह वह रेलवे स्टेशन परिसर स्थित बिजली टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही नई मंडी थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजय को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए, लेकिन वह अपनी मांगों पर अड़ा रहा।अजय पंडित का कहना था कि न्यू मैक्स टाउनशिप सिटी गंभीर घोटाले के आरोपों से घिरी हुई है। उन्होंने प्रशासन को 71 पेज का शिकायती पत्र सौंपा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन और जन प्रतिनिधि पूंजीपतियों के दबाव में काम कर रहे हैं और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए अजय पंडित ने कहा कि जिले की पेपर मिलों एवं अन्य औद्योगिक इकाइयों में खुलेआम कूड़ा-कचरा और पन्नी जलाकर पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इसके चलते चांदपुर, मखियाली, भंडूरा, भिक्की, निराना, जड़ौदा, बौपाड़ा, बेगरजपुर, सिखरेड़ा सहित कई गांवों में कैंसर रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।आंदोलनकारी ने चेतावनी दी कि जब तक न्यू मैक्स टाउनशिप घोटाले की जांच नहीं होती और प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई जाती, तब तक वह टावर से नीचे नहीं उतरेगा।

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सीएमओ ने किया सघन निरीक्षण

# स्वास्थ्य केंद्रों में लिया व्यवस्थाओं का जायजा

- बेहतर व समयबद्ध उपचार के दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर**



जनपद में आम नागरिकों को सुलभ, सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले के कई प्राथमिक एवं नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मेलों की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बडसू, नावला, मंसूरपुर, बौपाड़ा, जड़ौदा, पुरबालियान, बहादुरपुर के साथ-साथ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरतिया कॉलोनी, ब्रह्मपुरी एवं रामपुरी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया, ओपीडी व्यवस्था, दवा वितरण, जांच सुविधाएं, रेफरल प्रणाली एवं साफ-सफाई की स्थिति का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ से मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने निर्देश दिए कि मेला परिसर में आने वाले प्रत्येक मरीज को समयबद्ध, विनम्र एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. सुनील तेवतिया ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों तथा दीर्घकालिक रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच एवं परामर्श को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने, पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने एवं उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन देने पर भी विशेष जोर दिया। निरीक्षण के अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, स्वास्थ्य मेलों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# ट्रिपल राइडिंग बनी हादसे की वजह

- तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा। कैराना**



ट्रिपल राइडिंग कर रहे तेज रफ्तार बाइक सवारों ने एक अन्य बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां से चिकित्सकों ने हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

रविवार दोपहर ऊंचागांव निवासी अमित कुमार (36) पुत्र सुरेशपाल अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह नहर पुलिया के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने तेज गति में उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी कैराना में भर्ती कराया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार घायल की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

# दलित, पिछड़ा व अल्पसंख्यक बेटियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

## सहालग में प्रदेश भर में हुआ सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

❖ योगी सरकार ने बढ़ाई अनुदान राशि, लक्ष्य के सापेक्ष दो गुने हुए आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



सीएम योगी की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर तबके, खासकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। 2017 में शुरू हुई यह योजना आज न केवल इन वर्गों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समावेशिता को भी मजबूत कर रही है।

बीते आठ वर्षों में इस योजना के तहत 4 लाख से अधिक गरीब कन्याओं की शादी योगी सरकार द्वारा पूरे रीति-रिवाज और सम्मान के साथ कराई जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष अबतक करीब 1.20 से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जिसमें करीब 14 हजार से अधिक गरीब कन्याओं की शादी संपन्न कराई जा चुकी हैं। विभागीय अधिकारियों की माने तो आने वाले दिनों में इस संख्या में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होने की उम्मीद है। इस योजना ने उन राजनीतिक दलों को कठघरे में खड़ा कर दिया है, जो लंबे समय तक पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की राजनीति के सहारे सत्ता का आनंद लेते रहे, लेकिन उनके लिए ठोस विकास कार्य करने में विफल रहे। विपक्ष की राजनीति को आइना दिखाते हुए, इस योजना ने यह साबित कर दिया है कि केवल वादों से नहीं, बल्कि ठोस कदमों से ही समाज का सशक्तीकरण संभव है। मुख्यमंत्रीका यह कदम न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। मुख्यमंत्री ने विकास और समावेशिता को प्राथमिकता देकर यह साबित कर दिया है कि उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर अडिग है।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में अबतक दलित और पिछड़ा वर्ग को मिला सबसे अधिक लाभ**
**सामान्य वर्ग-** 494 (जोड़ा)
**अल्पसंख्यक वर्ग-** 828 (जोड़ा)
**ओबीसी वर्ग-** 5500 (जोड़ा)
**दलित वर्ग-** 6556 (जोड़ा)

**वर्ष 2025-26 में आए 1.20 लाख से अधिक आवेदन**
**कुल आवेदन-** 1.20 लाख से अधिक (अबतक)
**कुल अप्रूव आवेदन-** 21 हजार से अधिक (अबतक)
**रिजेक्ट आवेदन-** 18 हजार से अधिक (अबतक)
**कुल शादियां-** 14 हजार से अधिक

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के आंकड़े यह स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के लिए यह योजना कितनी प्रभावशाली साबित हुई है। अब तक इस योजना का सबसे अधिक लाभ दलित वर्ग ने उठाया है, जिसमें 2.20 लाख से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों की शादी कराई गई है। वहीं, पिछड़े वर्ग के 1.30 लाख परिवार और अल्पसंख्यक वर्ग के 40,000 से अधिक परिवार इस योजना के लाभार्थी बने हैं। वहीं सामान्य वर्ग के करीब 16,000 गरीब परिवारों ने अब तक सामूहिक विवाह योजना का लाभ लिया है।

योजना के प्रभारी उपनिदेशक आर.पी. सिंह ने बताया कि यह न केवल एक सामाजिक सहायता है बल्कि सामूहिक सहयोग, सामुदायिक भावना और महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने का प्रयास भी है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की बेटियों की शादी का सपना पूरा कर रही है, बल्कि यह उन्हें सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। विवाह समारोह में हर जोड़े को एक लाख रुपये की मदद दी जाती है, जिसमें विवाह से जुड़ी आवश्यक सामग्री, वधू के खाते में नकद धनराशि और आयोजन की व्यवस्था शामिल होती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने साढ़े सात वर्षों के कार्यकाल में बार-बार यह दिखाया है कि उनकी प्राथमिकता वंचित वर्गों को सशक्त बनाना है। इस योजना के माध्यम से वे यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रदेश के सभी वर्ग, विशेषकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक, मुख्यधारा से जुड़े और उनके विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। यही वजह है कि इस योजना के लिए योगी सरकार ने अब तक करीब 2,200 लाख रुपये से अधिक की धनराशि खर्च कर चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस मद में 550 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

# समृद्धि की राह दिखा रही योगी सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर**

❖ स्वदेशी उन्नत नस्ल के 25 गोवंश से डेयरी लगाने पर परियोजना लागत का मिलता है 50 प्रतिशत अनुदान

❖ कृषक एवं पशुपालक इंदु सिंह के जीवन में समृद्धि की राह दिखा रही योजना

योगी सरकार की नंदिनी कृषक समृद्धि योजना गोसंवर्धन के साथ इसके लाभार्थी कृषक-पशुपालक को समृद्धि की राह दिखा रही है। पिपराइच ब्लॉक के बहरामपुर की इंदु सिंह ने इस योजना से जुड़कर सफलता की नई कहानी लिख दी है। पहले से पशुपालन से जुड़ी इंदु, योगी सरकार से 50 फीसदी अनुदान प्राप्त कर साहीवाल नस्ल की 25 गायों की डेयरी संचालित कर रही हैं। यहां रोज 200 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है तो कीमत भी सौ रुपये प्रति लीटर मिल रही है। इंदु जल्द ही दुग्ध प्रसंस्करण का कार्य भी शुरू करने वाली हैं।

नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, गोसंरक्षण और गोसंवर्धन सरकार के प्रयासों के तहत नंद बाबा मिशन का ही हिस्सा है। इस योजना में 25 स्वदेशी उन्नत नस्ल (गिर, साहीवाल, थारपारकर, गंगातीरी) के गोवंश क्रय कर डेयरी यूनिट लगाने पर सरकार परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान देती है। इस योजना से जुड़कर पिपराइच ब्लॉक के बहरामपुर की प्रगतिशील पशुपालक इंदु सिंह ने गोसंवर्धन के साथ आय वृद्धि की नजीर पेश की है। ई लॉटरी से वित्तीय वर्ष 2023-24 में नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की लाभार्थी बनीं इंदु ने 25 साहीवाल गोवंश क्रय कर डेयरी खोली।

इस परियोजना पर 62.55 लाख रुपये की लागत आई। उन्हें योजना व्यय पर सरकार 50 प्रतिशत सब्सिडी (31.25 लाख रुपये) दे रही है। इसमें आधी धनराशि उन्हें मिल गई है और शेष भी जल्द मिल जाएगी। सरकार के सहयोग से लागत आधी रह गई। साहीवाल नस्ल की गायों की इस डेयरी में प्रतिदिन करीब 200 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। उन्नत साहीवाल नस्ल की गाय का दूध होने से यह 100 रुपये लीटर की दर से बिक जाता है। इंदु सिंह बताती हैं कि आय तो अच्छी हो ही रही है, उन्हें इस बात की भी खुशी है कि डेयरी से चार लोगों को रोजगार भी मिल गया है, गोसेवा का सुख बोनस जैसा है। गोरखपुर के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पांडेय बताते हैं कि नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से स्थापित डेयरी में कृत्रिम गर्भाधान सेक्स सॉर्टेड सीमेन से किया जाता है। इससे केवल बछिया पैदा होंगी जिससे आय में और वृद्धि होना तय है।

कृषक समृद्धि योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए डेयरी संचालक इंदु सिंह का कहना है कि वह आने वाले समय में वह डेयरी में उत्पादित दूध से दूध प्रसंस्करण का कार्य भी शुरू करेगी। यानी उनकी यूनिट में पनीर, खोया, मक्खन भी बनेगा। इसके साथ ही गोबर और गोमूत्र के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण लेकर इस दिशा में भी कार्य करेंगी। उनकी मंशा डेयरी को अन्य पशुपालकों के लिए मॉडल डेयरी बनाने की है।

# अर्थव्यवस्था पर भाजपा सरकार के सारे आंकड़े और दावे झूठेः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि अब तक के इतिहास में डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे ज्यादा कमजोर होना ये दिखाता है कि अर्थव्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार द्वारा किये जा रहे सारे आँकड़े और दावे पूरी तरह से झूठे और मनगढ़ंत हैं।

भाजपाई इस बात को नकार भी नहीं सकते हैं कि ये बेहद कमजोर और नाकाम सरकार की वजह से हो रहा है क्योंकि रुपया गिरने और सरकार के बीच के अनूठे आर्थिक सिद्धांत का अनोखा फामूर्ला भाजपा की ही देन है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। रुपया डॉलर के मुकाबले लगता है गिरता जा रहा है। रुपए की गिरावट ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। महंगाई बढ़ती जा रही है।

भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी हर वर्ग परेशान है। भाजपा के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है। भाजपा जाए, तो रुपया मजबूत हो जाए। यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार और लूट चरम पर है।

हर तरह का अवैध और नकली चीजों का कारोबार हो रहा है। इस सरकार ने लोगों का जीवन संकट में डाला है। भाजपा माफियाओं के अवैध कारोबारों को संरक्षण दे रही है। यादव ने कहा कि भाजपा और माफिया एक दूसरे के पूरक है।

भाजपा ने हर जिले में माफिया पैदा किया है। भाजपा संरक्षित माफियाओं से हर वर्ग के लोग दहशत में है। इन माफियाओं से अधिकारियों और कर्मचारियों में भी भय व्याप्त है। सत्ता के संरक्षण में जगह-जगह भू-माफियाओं का आतंक है तो कफ सिरप माफिया जनता की जान के साथ खेल रहे है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल है।

# योगी आदित्यनाथ सरकार झांसी में कल कराएगी पिंक जॉब फेयर का आयोजन

❖ राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी में होगा जॉब फेयर का आयोजन

**झांसी।** योगी आदित्यनाथ सरकार महिला अभ्यर्थियों और छात्राओं को रोजगार के लिए विशेष अवसर उपलब्ध कराने के मकसद से पिंक जॉब फेयर के आयोजन कराती है। इसी कड़ी में झांसी में 16 दिसंबर को पिंक जॉब फेयर का आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी के परिसर में किया जाएगा, जिसमें कई कंपनियां छात्राओं का साक्षात्कार कर उनका चयन करेंगी।

झांसी में पिछले वर्ष भी पिंक जॉब फेयर का आयोजन किया गया था। इस बार यह पिंक जॉब फेयर का दूसरा आयोजन होने जा रहा है। इस पिंक जॉब फेयर का आयोजन क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय झांसी एवं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झांसी संयुक्त रूप से करने जा रहे हैं।

रोजगार मेले में अमास स्किल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड, पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टीम प्लस एच आर सर्विस, भारतीय जीवन बीमा निगम झांसी सहित कई अन्य कंपनियां अभ्यर्थियों के चयन में हिस्सा लेंगी। रोजगार मेले में हिस्सा लेने के लिए छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा।

# हमारा कर्म हो सेवा हमारा धर्म हो सेवा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ,अयोध्या**




स्काउटिंग में राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त सदस्यों के अंतरराष्ट्रीय संगठन अटास इंडिया के जयपुर में आयोजित नवें राष्ट्रीय अधिवेशन में अनूप मल्होत्रा को राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति कल्पेश जवेरी ने राष्ट्रीय एम. ए.खालिद टॉप अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के राज्य मुख्य आयुक्त शशि किरण तथा अटास वर्ल्ड के अंतर्राष्ट्रीय सचिव एम ए के मैकी मौजूद रहे। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष भारत से चुने हुए एक सदस्य को इस अवार्ड से विगत 3 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा रहा है। इसके पूर्व वर्षों में प्रेम प्रकाश शर्मा (छत्तीसगढ़) एवं कौशिक चटर्जी (पश्चिम बंगाल) को सम्मानित किया जा चुका है। पूर्व राष्ट्रपति महामहिम ए.पी.अब्दुल कलाम द्वारा राष्ट्रपति रोवर पुरस्कार प्राप्त श्री मल्होत्रा को अटास इंडिया से जुड़कर बेहतरीन संयोजन के उपरांत अटास इंडिया की राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्य के रूप में नामित किए गए। श्री मल्होत्रा को इसके पूर्व मैसेंजर ऑफ पीस के राष्ट्रीय स्टार अवॉर्ड से तथा भारत स्काउट गाइड द्वारा विभिन्न अवसरों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। आटास इंडिया का 10वाँ अधिवेशन अगले वर्ष गुजरात में होना सुनिश्चित हुआ है। अयोध्या से इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रोवर राम लखन मौर्य ने भी राष्ट्रीय गैदरिंग में प्रतिभाग किया।मल्होत्रा को राष्ट्रीय टॉप अचीवर्स अवार्ड प्राप्त होने पर अटास इंडिया के राष्ट्रीय समन्वयक प्रेम प्रकाश शर्मा, सीमा राठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी राम सुयश वर्मा ,सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त कमलेश द्विवेदी, पूर्व जिला संगठन आयुक्त विवेकानंद पाण्डेय, राष्ट्रपति पुरस्कृत साहित्य सेवी डॉ स्वदेश मल्होत्रा,जिला गाइड कैप्टन निधि महेंद्रा,रवि प्रकाश,गीता गुप्ता,गिरीश चंद्र,पंकज कनौजिया,शिप्रा श्रीवास्तव,सिविल डिफेंस कोर के चीफ वार्डन अतुल सिंह, उत्तम बंसल, डॉ पीयूष गुप्ता, डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, रितेश जायसवाल, ललित रंजन भटनागर, विद्यासागर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौपा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ वास्तविक जांच कर शुद्ध मतदाता सूची तैयार किये जाने की मांग

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर मांग की है कि एसआईआर प्रक्रिया में सभी विधान सभा में प्रत्येक मतदेय स्थल में पाये गये अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक (एएसडी) मतदाताओं की पुनः जाँच कराने के लिए राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को विधान सभा वार बूथ वार मतदाता सूची हिन्दी भाषा में और मतदाता का पता तथा संबंधी का नाम व मोबाइल नंबर सहित सूची उपलब्ध कराई जाये जिससे वास्तविक जाँच कर शुद्ध मतदाता सूची तैयार किया जाये, अन्यथा कि दशा में करोड़ों मतदाताओ के नाम मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) से अनावश्यक, अकारण डिलीट हो जायेगें जिसके लिए निर्वाचन आयोग से जुडे अधिकारी जिम्मेदार होगें।

जनपद गाजीपुर, जनपद प्रयागराज, जनपद झाँसी, जनपद लखीमपुर खीरी, जनपद अमेठी की शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल कार्यवाही किया जाये जिससे एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एसआईआर प्रक्रिया में पाए गए अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, मृतक (एएसडी) मतदाताओं के नामों को पुनः सत्यापित किये जाने के लिए लखनऊ, प्रयागराज, गाजीपुर सहित लगभग सभी जनपदों में राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अंग्रेजी भाषा में सूची उपलब्ध कराई जा रही है। सूची में मतदाता का पता, मोबाइल नंबर, तथा संबंधी आदि का विवरण भी दर्ज नहीं है। सूची में आधा-अधूरा विवरण दर्ज है।

भारत निर्वाचन आयोग के नियम एवं निदेर्शों के अनुसार राज्य की मुख्य भाषा हिन्दी में मतदाता सूची तैयार की गई है, और लोक सभा, विधान सभा चुनाव में मतदान के दिन हिन्दी में मतदाता सूची से ही मतदान कराया जाता है, तथा अंतिम प्रकाशन और ड्राफ्ट रोल प्रकाशन के समय राजनैतिक दलों को मतदाता सूची हिन्दी भाषा में ही उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेन्ट (बीएलए) को अंग्रेजी भाषा में आधे-अधूरे विवरण के साथ एएसडी सूची दी जा रही है, जिससे बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) द्वारा पुनः सत्यापन कार्य नहीं हो पा रहा है।

सही ढंग से पुनः सत्यापन न होने पर ड्राफ्ट रोल प्रकाशन के समय कई करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अकारण, अनावश्यक डिलीट हो जायेंगे और उन सभी वैध मतदाताओं को फिर से नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म-6 भर कर पूरी प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। ज्ञापन को सौंपते हुए केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# अखिलेश ने कैफी आजमी अकादमी का किया दौरा

❖ मैक्स अस्पताल में राम गोविन्द के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को यहां निशातगंज स्थित कैफी आजमी अकादमी का दौरा किया। श्री यादव के साथ पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी तथा महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी भी मौजूद रहे।

लखनऊ में कैफी आजमी अकादमी मुख्य रूप से एक प्रेक्षागृह है, जो निशातगंज इलाके में है, जिसे वरिष्ठ शायर कैफी आजमी के नाम पर बनाया गया था और अब यह यूपी संगीत नाटक अकादमी के तहत संचालित होता है। यह आडीटोरियम राजधानी लखनऊ में कला, सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का प्रमुख केन्द्र है। इस अकादमी का प्रस्ताव अभिनेत्री शबाना आजमी एवं सिने लेखक एवं गीतकार जावेद अख्तर का था, जिसमें अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्वकाल में पर्याप्त आर्थिक मदद भी दी गई थी। इस प्रेक्षागृह में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते है। यहां प्रगतिशील गोष्ठियों के अतिरिक्त गंभीर विचारविमर्श एवं सेमीनार, नाटक भी होते है।

सपा सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती रही है। सपा ने मानसिक स्वास्थ्य के लिए इस संस्थान को समुचित संरक्षण दिया था। अखिलेश यादव ने मैक्स अस्पताल जाकर पूर्व नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। अखिलेश यादव ने सपा की प्रदेश सचिव प्रीति तिवारी के निशातगंज स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने अखिलेश यादव का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# उत्तर प्रदेश उद्यमियों के लिहाज से काफी बेहतर विकल्प बनकर उभरा

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की राजनीति में दशकों तक कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पहचान वोट बैंक आधारित सत्ता प्रबंधन तक सीमित रही। जाति, तुष्टिकरण और प्रतीकात्मक योजनाओं से आगे बढ़ने का प्रयास नहीं हुआ।

इसके उलट, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने नीतिगत, संरचनात्मक और आर्थिक स्तर पर ऐसे बदलाव देखे हैं, जिनकी पुष्टि सरकारी और स्वतंत्र आंकड़े करते हैं। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन को एक बड़े बदलाव के तौर पर देखता है। आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्यमियों के लिहाज से काफी बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। यहां बाहर के निवेशक लगातार आए और अपने उद्यम स्थापित किए। उन्होंने यहां नई फैक्ट्रियां लगाईं, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर विकल्प मिले। इसी के साथ उत्तर प्रदेश से पलायन की समस्या भी खत्म हो रही है।

# मनरेगाः योगी सरकार में रिकॉर्ड 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

❖ 31 फीसदी एससी-एसटी लाभार्थी

❖ वित्तीय वर्ष 2025-2026 में समय पर किया गया 97 फीसदी से अधिक का भुगतान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रोजगार सृजन को लेकर सकारात्मक और ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 48 लाख से अधिक परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। इनमें 31 प्रतिशत से अधिक परिवार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं, जो सामाजिक समावेशन और समान अवसर की दिशा में योगी सरकार के प्रयासों और प्राथमिकता को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत 97 प्रतिशत से अधिक श्रमिकों को समय पर भुगतान किया जा चुका है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भरोसा बढ़ा है और श्रमिकों को उनकी मेहनत का पूरा और पारदर्शी लाभ मिल रहा है। योगी सरकार ने 6703 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय की है, जिससे गांवों में आय के नए स्रोत तैयार हुए हैं। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को रोजगार के साथ सम्मान भी मिले। इसी सोच के तहत अनुसूचित जाति-जनजाति के परिवारों को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि पलायन पर भी प्रभावी रोक लगी है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में रोजगार सृजन का बेहतर माहौल बन रहा है। मनरेगा के जरिए गांवों में विकास कार्यों को गति मिल रही है और लाखों परिवार आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं। यह मॉडल उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास और मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर पेश कर रहा है।

# स्टार्टअप ग्रोथ का नया इंजन, नवाचार की उर्वरक भूमि बनेगा लखनऊ

❖ योगी आदित्यनाथ सरकार की कनेक्टिविटी क्रांति से बदलेगा स्टार्टअप मूवमेंट

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे



कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद यह मार्ग स्टार्टअप विकास का प्रमुख इंजन बनने जा रहा है। एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद लखनऊ नवाचार और उद्यमिता के एक बड़े केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी और तेज आवागमन से यह पूरा क्षेत्र स्टार्टअप गतिविधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ़ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (पीएफटीआई) के चेयरमैन, दीपक मैनी का कहना है कि उत्तर प्रदेश में जिस गति से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है, उससे स्टार्टअप और नवाचार को नयी दिशा मिलेगी।

एक्सप्रेस-वे बनने के बाद कानपुर और लखनऊ के बीच यात्रा समय 2 घंटे से घटकर कुछ मिनटों तक सीमित हो जायेगा। इससे स्टार्टअप्स के लिए बिजनेस मीटिंग, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स पहले से कहीं अधिक सुगम होंगे। यह मार्ग एक संभावित आर्थिक कॉरिडोर के रूप में उभरेगा जो उद्योग शिक्षा और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

एक्सप्रेस-वे के चालू होने के बाद आईआईटी कानपुर और लखनऊ के प्रमुख शैक्षणिक और प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग और मजबूत होने की संभावना है। डीप टेक आईओटी और उन्नत तकनीक आधारित स्टार्टअप्स के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को गति मिलेगी। इससे नए उद्यमियों को मेंटरशिप निवेश और तकनीकी संसाधनों तक बेहतर पहुंच मिलेगी।कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के आसपास मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स आधारित क्लस्टर्स विकसित किए जाने की योजना है। भविष्य में इस क्षेत्र में आईटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र और औद्योगिक नोड्स स्थापित होंगे। इससे टेक मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में स्टार्टअप्स को तेजी से विस्तार का अवसर मिलेगा।योगी आदित्यनाथ सरकार की इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्रित नीतियों के चलते एक्सप्रेस-वे के निर्माण के बाद निवेशकों का भरोसा और मजबूत होने की संभावना है।

# एसजीपीजीआई के 42वें स्थापना दिवस पर ब्रजेश पाठक ने दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ स्थित संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 42वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए संस्थान के चिकित्सकों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संजय गांधी पीजीआई न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश में उच्चस्तरीय चिकित्सा, अनुसंधान एवं चिकित्सा शिक्षा का एक उत्कृष्ट केंद्र बनकर उभरा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजीपीजीआई ने अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, नवाचार आधारित शोध तथा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से लाखों मरीजों को नया जीवन दिया है।

### दक्षिण अफ्रीका में मंदिर ढहने की घटना में मारे गए चार लोग

# भारतीय मूल के व्यक्ति की भी मौत

- मलबे के नीचे श्रमिक और मंदिर के अधिकारी दबे
- अभी मृतकों की सटीक संख्या का नहीं चला पता

**जोहानिसबर्ग। एजेंसी**



दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नताल प्रांत में निमार्णाधीन चार मंजिला मंदिर ढहने की घटना में मारे गए चार लोगों में भारतीय मूल का 52 वर्षीय व्यक्ति भी शामिल है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ईथेक्विनी (पूर्व में डरबन) के उत्तर में रेडक्लिफ की एक खड़ी पहाड़ी पर स्थित न्यू अहोबिलम टेंपल ऑफ प्रोटेक्शन का विस्तार किया जा रहा था तभी शुक्रवार को इमारत का एक हिस्सा ढह गया। माना जा रहा है कि मलबे के नीचे श्रमिक और मंदिर के अधिकारी दबे हैं लेकिन अभी उनकी सटीक संख्या का पता नहीं चल पाया है।

शुक्रवार को एक मजदूर और एक श्रद्धालु सहित दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई थी। बचाव दल द्वारा और शव बरामद किए जाने के बाद शनिवार को मृतकों की संख्या बढ़कर चार हो गई। स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि चार मृतकों में से एक की पहचान विक्की जयराज पांडे के रूप में हुई है जो मंदिर न्यास के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे।

खबरों के मुताबिक, पांडे लगभग दो साल पहले मंदिर की स्थापना के समय से ही इसके विकास कार्यों में शामिल थे। मंदिर से संबद्ध धर्मार्थ संस्था फूड फॉर लव के निदेशक सनवीर महाराज ने पुष्टि की कि मंदिर के ढहने की घटना में मारे गए लोगों में पांडे भी शामिल थे। दक्षिण अफ्रीका की प्रतिक्रिया इकाई के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने स्थानीय मीडिया को बताया कि बचाव अभियान दो दिन से जारी है और बचावकर्मियों को एक अन्य शव होने का पता चला है लेकिन उन्हें खराब मौसम के कारण शनिवार दोपहर अभियान रोकना पड़ा। उन्होंने कहा, इस समय यह पुष्टि नहीं की जा सकती कि मलबे के नीचे और भी लोग फंसे हुए हैं या नहीं। ईथेक्विनी (पूर्व में डरबन) की नगरपालिका ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि मंदिर के निर्माण के लिए कोई भवन योजना स्वीकृत नहीं की गई है यानी यह निर्माण कार्य अवैध था। अहोबिलम मंदिर के नाम से जाना जाने वाला यह मंदिर एक गुफा की तरह बनाया गया है जिसमें वहां मौजूद पत्थरों के अलावा भारत से लाए पत्थरों का उपयोग किया जा रहा था। मंदिर का निर्माण करा रहे परिवार ने बताया कि निर्माण कार्य लगभग दो साल पहले शुरू हुआ था और इसमें भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति स्थापित किए जाने का कार्यक्रम था।

## तटरक्षक बल ने लक्षद्वीप में निकासी अभियान को दिया अंजाम

**कोच्चि।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने लक्षद्वीप से कोच्चि तक आपातकालीन चिकित्सा निकासी अभियान चलाकर 75 वर्षीय व्यक्ति की जान बचाई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। बल के एक बयान के अनुसार, अक्यूट सैबेक्यूट सबड्यूरल हेमाटोमा से पीड़ित और बा ऑक्सीजन आपूर्ति दिये जा रहे मरीज को लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप से हवाई मार्ग से निकालकर कोच्चि के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह अभियान शनिवार रात शुरू हुआ और देर रात पूरा हुआ। बयान में कहा गया है कि अगत्ती हवाई क्षेत्र में रनवे संचालन बंद होने के बाद मिली इस आपात सूचना के तुरंत बाद तटरक्षक बल की आपदा एवं मानवीय सहायता (एचएडीआर) प्रतिक्रिया प्रणाली सक्रिय की गई। बयान के अनुसार चिकित्सा निकासी के लिए भारतीय तटरक्षक बल ने रात 10 बजे कोच्चि हवाई अड्डे पर स्थित आईसीजी एयर एन्क्लेव से एक डोर्नियर विमान रवाना किया।

# गोवा में अवैध नाइटक्लबों के खिलाफ कार्रवाई जारी

- क्रिसमस और नववर्ष में बड़ी संख्या में आएंगे पर्यटक

**पणजी। एजेंसी**



गोवा के नाइटक्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत होने की घटना के बाद सरकार ने क्रिसमस और नए साल से पहले उन क्लब को सील करने के लिए गहन अभियान शुरू किया है जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। समुद्रतटों की सुंदरता के लिए प्रसिद्ध गोवा में यह कार्रवाई ऐसे समय में की जा रही है जब क्रिसमस और नववर्ष में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। राज्य सरकार की सख्त कार्रवाई के कारण कुछ नाइटक्लब पहले ही बंद हो चुके हैं और अन्य का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जिला प्रशासन, अग्निशमन एवं आपात सेवाओं तथा पुलिस कर्मियों की एक टीम उत्तर गोवा के पर्यटन क्षेत्र में स्थित सभी नाइटक्लब का निरीक्षण कर रही है। उत्तर गोवा के अरपोरा स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में छह दिसंबर को आग लगने की घटना में 25 लोगों की मौत हो जाने के बाद यह अभियान शुरू किया गया।

निरीक्षण दल का नेतृत्व कर रहे सरकारी अधिकारी कबीर शिरगांवकर ने कहा, हम सभी नाइटक्लब का निरीक्षण कर रहे हैं और उनके लाइसेंस एवं अनुमतियों की जांच कर रहे हैं। जो भी क्लब नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे, उन्हें सील कर दिया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि टीम के पास नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी क्लब को तुरंत सील करने का अधिकार है। अब तक टीम ने वागाटोर में स्थित दो प्रमुख नाइटक्लब गोया क्लब और कैफे सीओ2 गोवा को सील किया है। शिरगांवकर ने कहा कि गोया क्लब कृषि भूमि पर बनाया गया था, जबकि कैफे सीओ2 गोवा के पास अग्निशमन एवं आपात सेवाएं विभाग का अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं था एवं वह संरचनात्मक रूप से स्थिर भी नहीं है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग ने उत्तर गोवा के अंजुना स्थित डियाज पूल क्लब एंड बार को दिया गया अनापत्ति प्रमाणपत्र भी रद्द करने का आदेश दिया है। संभागीय अग्निशमन अधिकारी श्रीपद गवास द्वारा जारी आदेश के अनुसार, शनिवार को परिसर में औचक निरीक्षण किया गया।

## केरल में जीत को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रही भाजपा : वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम/ नयी दिल्ली। एजेंसी**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)केरल के स्थानीय निकाय चुनावों में भारी जीत का दावा करके एक झूठा विमर्श गढ़ने की कोशिश कर रही है। वेणुगोपाल ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि केरल के कुल 1,199 स्थानीय निकायों में से भाजपा ने केवल आठ में अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई है। उन्होंने कहा, कल प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी), राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और अन्य भाजपा नेताओं ने सुर में सुर मिलाते हुए दावा किया कि केरल में बड़ा बदलाव आया है। जी हां, उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम जीता है, और मैं इसे हल्के में नहीं ले रहा हूं। लेकिन उस नगर निगम के अलावा, तिरुवनंतपुरम जिला पंचायत में उनके पास एक भी सीट नहीं है।

वेणुगोपाल ने 2020 के स्थानीय निकाय चुनावों के परिणामों की तुलना करते हुए कहा कि भाजपा ने पलक्कड़ और पंडालम नगरपालिकाओं में बहुमत खो दिया है, हालांकि इस बार उसने दो नई नगरपालिकाओं में जीत हासिल की है। उन्होंने कहा, वे यह झूठा विमर्श प्रसारित करने की कोशिश कर रहे हैं कि केरल में भाजपा का समर्थन बढ़ रहा है।

# केरल में निकाय चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कई जगहों पर हिंसा

- खतरनाक हथियार लेकर मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यालय की ओर पहुंचे करीब 200 लोग

**कोझिकोड (केरल)। एजेंसी**



केरल में स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा के बाद विशेष रूप से उत्तरी जिलों समेत विभिन्न स्थानों पर शनिवार रात हिंसा भड़क गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोझिकोड जिले के एरमला में कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी भवन पर कथित तौर पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) कार्यकर्ताओं के हमले के बाद पूरी रात तनाव बना रहा।

एडाचेरी थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, करीब 200 लोग खतरनाक हथियार लेकर मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यालय की ओर पहुंचे और इमारत में तोड़फोड़ की। इस हमले में लगभग पांच लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस ने बताया कि हमले में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा को भी नुकसान पहुंचाया गया। एक अधिकारी ने बताया कि घटना के तुरंत बाद संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। हालांकि, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के बाद हालात पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि मराड में भी एक हिंसक घटना सामने आई, जहां यूडीएफ की जीत के जुलूस पर कथित तौर पर पथराव किया गया, जिसमें कई लोग घायल हो गए। वायनाड जिले के सुल्तान बाथरी में पुलिस ने एक मामला दर्ज किया है, जहां एक यूडीएफ कार्यकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को ले जा रही कार पर कथित तौर पर माकपा के लगभग 40 कार्यकर्ताओं ने हमला किया। सुल्तान बाथरी पुलिस ने एक अलग घटना में यूडीएफ कार्यकर्ताओं के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

## पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में घरेलू झगड़े के बाद पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मोखाडा तालुका के गोमघर गांव में रहने वाले इस दंपति के बीच अक्सर झगड़े होते थे। मोखाडा थाने के एक अधिकारी ने पीड़िता के पिता की शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि शनिवार तड़के दोनों के बीच फिर से झगड़ा हुआ जिसके बाद आरोपी बलवंत गड़े ने अपनी पत्नी लता बलवंत गड़े को कथित तौर पर पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया गया और इस संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## जयशंकर ने अन्य देशों के समकक्षों से की मुलाकात

**दुबई। एजेंसी**

**यूएई शिखर सम्मेलन**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन से इतर यूरोप, ब्रिटेन और मिस्र के अपने समकक्षों से मुलाकात की। कई महत्वपूर्ण भूराजनीतिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों पर चर्चा के लिए विश्व के नेता और नीति निमार्ता यूएई में एकजुट हुए हैं।

जयशंकर ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि लक्जमबर्ग के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री जेवियर बेटेल, पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की और लातविया की विदेश मंत्री बैबा ब्रेज के साथ मिलकर बहुत अच्छा लगा। मंत्री संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में तीन दिवसीय सर बानी यास फोरम 2025 में भाग लेने पहुंचे थे। सम्मेलन रविवार को समाप्त हुआ। जयशंकर ने शिखर सम्मेलन के दौरान ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी से भी मुलाकात की। उन्होंने एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री डेविड लैमी को सर बानी यास फोरम 2025 के दौरान देखकर अच्छा लगा। विदेश मंत्री ने एक अन्य बैठक को लेकर कहा कि मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बदर अब्देलट्टी से मुलाकात करके अच्छा लगा।

# फडणवीस और शिंदे ने हेडगेवार के स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को उसके गठन के 100 वर्ष पूरे होने पर दी बधाई

**नागपुर। एजेंसी**



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं शिवसेना के अन्य विधायक रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक के बी हेडगेवार के स्मारक गए। हालांकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अन्य विधायक इस दौरान उनके साथ नहीं थे।

इस यात्रा के दौरान शिवसेना प्रमुख शिंदे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को उसके गठन के 100 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी, वर्तमान आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत को सच्चा देशभक्त बताया और कहा कि यह वर्ष देशभक्ति की शताब्दी का वर्ष है। महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र नागपुर में जारी है।

राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान प्रतिवर्ष भाजपा के मंत्री और विधायक रेशिमबाग स्थित स्मृति मंदिर में हेडगेवार और दूसरे संघचालक एम.एस. गोलवलकर के स्मारक पर जाते हैं। पिछले साल अजित पवार नीत राकांपा के प्रतिनिधियों के तौर पर विधायक राजू कारेमोरे और राजकुमार बडोले ही स्मृति मंदिर गए थे। रविवार सुबह फडणवीस, शिंदे, राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, विधान परिषद के सभापति राम शिंदे और भाजपा एवं शिवसेना के कई अन्य विधायकों ने हेडगेवार और गोलवलकर के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।

बाद में, शिंदे ने पत्रकारों से कहा कि वह जब भी शीतकालीन सत्र के लिए नागपुर आते हैं, तो डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर जरूर जाते हैं। उन्होंने कहा, यहां आने के बाद हम सभी को एक अलग अनुभूति होती है और देश की सेवा करने के लिए ताकत और प्रेरणा मिलती है। यह देशभक्ति की शताब्दी है।

## जोगदल हत्याकांड में एनएचआरसी से हस्तक्षेप का किया आग्रह

- दिमोरिया विकास मंच ने मानवाधिकार उल्लंघनों का लगाया आरोप

**गुवाहाटी। एजेंसी**

असम के कामरूप मेट्रोपोलिटन जिले के जोगदल गांव में एक ही परिवार के छह सदस्यों की उनके घर में बेरहमी से हत्या के 16 साल बाद, एक स्थानीय संगठन ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का रुख किया है।

संगठन ने एनएचआरसी से इस मामले में मानवाधिकार उल्लंघनों का संज्ञान लेने और निष्पक्ष, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। बारह दिसंबर 2009 की रात को अज्ञात हमलावरों ने जोगदल स्थित आवास पर हरकांत डोलोई, उनकी पत्नी स्वप्ना, उनके तीन बच्चों और एक भतीजे की हत्या कर दी थी। इन हत्याओं का संबंध उन नेताओं से माना जाता है, जिन्होंने इलाके में एक आलीशान होटल बनाने के लिए जमीन हासिल करने को लेकर अपने प्रभाव का इस्तेमाल किया था। अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। दिमोरिया विकास मंच ने एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी आर रामा सुब्रमण्यन से इस मामले की जांच करने का आग्रह किया। शनिवार को याचिका सौंपने वाले मंच के मुख्य सलाहकार दिब्यज्योति मेधी ने कहा, हमने आयोग के एक सदस्य से मुलाकात की और उन्हें अपनी याचिका सौंपी। उन्होंने हमें मामले की जांच करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा, 16 साल बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक न्याय नहीं मिला है। लेकिन हमें अब भी उम्मीद है कि एनएचआरसी पीड़ितों को न्याय दिलाने में सक्षम होगा। डोलोई सीमांत किसान थे और उनका परिवार आर्थिक रूप से गरीब था, और उनका किसी भी व्यक्ति या समूह से कोई ज्ञात शत्रुता नहीं थी।

# भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण की वजह से कांग्रेस का पतन हुआ : मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर। एजेंसी**



> यह जनता का पैसा है, जनता का पैसा लूटने के लिए नहीं होता, जनता का पैसा जनता के हित में लगे। ये पैसा आम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, जनता के हित में लगे, जिसका लाभ जनता को मिले। तुम तो उस पैसे को कहां-कहां ले जाते हो... इसलिए भुगत रहे हो।
>
> **भजनलाल शर्मा, राजस्थान के मुख्यमंत्री**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण की नीति के चलते ही उस पार्टी का पतन हुआ जो कभी संसद से लेकर पंचायतों तक राज करती थी। शर्मा यहां जलमहल की पाल पर आयोजित राज्य स्तरीय स्वच्छता जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिसने भ्रष्टाचार किया है, उसे किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, यह जनता का पैसा है, जनता का पैसा लूटने के लिए नहीं होता, जनता का पैसा जनता के हित में लगे। ये पैसा आम व्यक्ति, गरीब, मजदूर, किसान, जनता के हित में लगे, जिसका लाभ जनता को मिले। तुम तो उस पैसे को कहां-कहां ले जाते हो... इसलिए भुगत रहे हो। शर्मा ने कहा, कभी कांग्रेस संसद से लेकर पंचायत तक राज करती थी। लेकिन इनके कर्मों, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की नीति और झूठ-लूट ने इनकी पार्टी को धरातल पर ला दिया। कांग्रेस वह बीमारी है, अगर किसी दूसरे के साथ भी चली जाती है तो उसको भी गड्ढे में ले जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा, जो काम कांग्रेस सरकार पांच साल में नहीं कर पाई, वह मेरी सरकार ने दो साल में कर दिया है। हमने घोषणापत्र में किए गए 70 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं।

### महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों का रुख, वैश्विक रुझान तय करेंगे शेयर बाजार की दिशाः विश्लेषक

# रुपये की चाल और कच्चे तेल पर नजर

**नई दिल्ली। एजेंसी**



विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई के आंकड़े, विदेशी निवेशकों के रुख और वैश्विक संकेतों से तय होगी। इसके अलावा, निवेशकों की नजर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी। बाजारों में पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव रहा और वे नकारात्मक दायरे में बंद हुए।

बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 444.71 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह घरेलू स्तर पर कई आंकड़े आने हैं, जिसमें थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई और व्यापार संतुलन के आंकड़े प्रमुख हैं। भारत-अमेरिका व्यापार वाताओं से जुड़े घटनाक्रम पर भी नजर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और वहां से आने वाले व्यापक आर्थिक संकेत निकट अवधि में निवेशकों की भावना को प्रभावित करेंगे। इस महीने के पहले दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयरों से 17,955 करोड़ रुपये निकाले हैं, जिससे 2025 में अब तक कुल निकासी बढ़कर 1.6 लाख करोड़ रुपये हो गई है। मिश्रा ने कहा कि विदेशी कोषों की लगातार निकासी और रुपये में तेज गिरावट ने निवेशकों के भरोसे पर भारी दबाव डाला है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, कुल मिलाकर हमें उम्मीद है कि बाजार सीमित दायरे में रहेंगे, हालांकि व्यापक सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

### बीएमडब्ल्यू मिनी ब्रांड को करेगी मजबूत

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार विनिमार्ता बीएमडब्ल्यू अगले साल भारत में अपने मिनी पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है, ताकि मेट्रो शहरों से बाहर बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी के अध्यक्ष और सीईओ हरदीप सिंह बरार ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में फिलहाल मिनी कूपर, मिनी कंट्रीमैन जेसीडब्ल्यू और मिनी कन्वर्टिबल शामिल हैं। ब्रांड को बड़े शहरों से आगे स्वीकृति मिलने के साथ कंपनी छोटे शहरों और कस्बों में अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने पर भी ध्यान दे रही है।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने 2,600 करोड़ रुपये से अधिक के घर बेचे

**नई दिल्ली।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में परिचालन के पहले वर्ष में 2,600 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। रियल एस्टेट कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि कंपनी इस शहर में कारोबार का विस्तार करने की योजना बना रही है, जहां विकास के अपार अवसर हैं। इस साल जनवरी में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोकापेट में अपनी पहली परियोजना शुरू करके हैदराबाद के आवास बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की। गोदरेज प्रॉपर्टीज की कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कंपनी ने हैदराबाद के बाजार में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। पिरोजशा ने कहा, हमने जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान हैदराबाद में अपनी पहली परियोजना शुरू की।

## भारत वैश्विक कर पारदर्शिता में अग्रणीः ओईसीडी अधिकारी

- अभियान के चलते 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी संपत्तियों का खुलासा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कर चोरी के खिलाफ पारदर्शिता के उपायों को लागू करने में भारत एक अग्रणी देश के रूप में उभरा है। अधिकारी ने बताया कि करदाताओं से उनकी अघोषित विदेशी संपत्तियों की सही जानकारी लेने के लिए हाल ही में चलाए गए अभियान के चलते 29 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विदेशी संपत्तियों का खुलासा हुआ है।

ओईसीडी सचिवालय की प्रमुख जायदा मनाटा ने बताया कि ये उल्लेखनीय परिणाम वैश्विक कर पारदर्शिता और सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान के मानकों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। मनाटा हाल ही में दो से चार दिसंबर के बीच नयी दिल्ली में आयोजित कर पारदर्शिता और सूचना विनिमय पर वैश्विक मंच की वार्षिक पूर्ण बैठक में भाग लेने आई थीं। इस वैश्विक मंच से 172 देश जुड़े हुए हैं। ओईसीडी एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो आर्थिक और सामाजिक नीतियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा, भारत कर पारदर्शिता के क्षेत्र में अग्रणी है और वर्ष 2009 से वैश्विक मंच के कार्यों का समर्थन करता आ रहा है। वर्ष 2025 की वैश्विक मंच की पूर्ण बैठक की मेजबानी नयी दिल्ली में किया जाना इस बात का प्रमाण है कि भारत लगातार वैश्विक मंच के कार्यों और विदेश स्थित कर चोरी के विरुद्ध संघर्ष का समर्थन कर रहा है।

## नकली आभूषणों के जरिए 25 लाख की ठगी, पांच गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई के व्यक्ति से एक गिरोह ने कथित तौर पर 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है, जिन्होंने व्यक्ति से खुदाई के दौरान सोने के आभूषण मिलने का झूठा दावा कर उसे नकली आभूषण बेच दिए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि उसने गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है, ये सभी राजस्थान के जालोर जिले के रहने वाले हैं। मुंबई के मलाड इलाके के निवासी पीड़ित दिनेश मेहता (51) ने अपनी पुलिस शिकायत में कहा कि आरोपियों में से एक बाबूलाल भालाराम वाघेला ने राजस्थानी भाषा में बातचीत करके उनसे दोस्ती की थी। मलाड पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने दावा किया कि उसने नासिक में एक मंदिर के पीछे खुदाई के दौरान लगभग 900 ग्राम वजन के सोने के आभूषण पाए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### वीमेंस अंडर-19 ट्रॉफी
## झारखंड, हैदराबाद व हिमाचल की नजरें दूसरी जीत पर

**लखनऊ।** वीमेंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी एलीट ग्रुप-सी में सोमवार को झारखंड, हैदराबाद और हिमाचल प्रदेश की टीमें दूसरी जीत की तलाश में मैदान पर उतरेंगी। अपने-अपने पहले मुकाबलों में झारखंड ने जम्मू एंड कश्मीर, हैदराबाद ने मुंबई और हिमाचल प्रदेश ने चंडीगढ़ को हराकर विजयी शुरूआत की थी। तीनों टीमों ने अपने मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीते थे, जिसमें हैदराबाद की टीम अब तक सबसे मजबूत नजर आ रही है। सोमवार को जीसीआरजी क्रिकेट ग्राउंड पर जम्मू एंड कश्मीर और मुंबई के बीच मुकाबला होगा। वहीं, बीबीडी यूनिवर्सिटी स्थित डॉ. अखिलेश दास स्टेडियम में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की टीम का सामना हैदराबाद से होगा। तीसरा मुकाबला स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट ग्राउंड पर चंडीगढ़ और झारखंड के बीच खेला जाएगा। सभी मुकाबले सुबह नौ बजे से शुरू होंगे।

## आईपीएल में गेंदबाजी के लिए तैयार हूं: कैमरन ग्रीन

**एडीलेड।** ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने रविवार को साफ किया कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में गेंदबाज़ी के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने साफ किया कि उनके मैनेजर की 'गड़बड़ी' की वजह से उन्हें अगले हफ्ते होने वाली छोटी नीलामी में गलती से बल्लेबाज के तौर पर पंजीकृत कर दिया गया। पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण 2025 सत्र से बाहर रहे 26 साल के ग्रीन जून में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौटे थे। हालांकि इसके बाद उन्हें गेंदबाजी करने की इजाजत मिल गई है और वह ऑस्ट्रेलिया तथा इंग्लैंड के बीच चल रही एशेज श्रृंखला में गेंदबाजी कर रहे हैं। ग्रीन के हवाले से कहा,मैं गेंदबाजी के लिए तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर यह सुनना चाहेंगे या नहीं लेकिन उनकी तरफ से गड़बड़ी हुई थी।उन्होंने कहा,उनका मतलब 'बल्लेबाज' कहना नहीं था। मुझे लगता है कि उन्होंने गलती से ऐसा कर दिया। असल में यह उनकी तरफ से एक गड़बड़ी थी। लंबे कद के ऑलराउंडर ग्रीन ने 2023 में मुंबई इंडियंस और 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व किया था। वह नीलामी में हिस्सा लेने वाले सबसे बड़े नामों में से हैं और उनके लिए भारी-भरकम बोली लगने की उम्मीद है। ग्रीन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये है। उन्हें ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाजों के वर्ग में सूचीबद्ध किया गया है। नीलामी मंगलवार को अबु धाबी में होगी।

## रसेल के नाबाद अर्धशतक के बावजूद हारा नाइट राइडर्स

**अबुधाबी।** आंद्रे रसेल की 33 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के बावजूद अबुधाबी नाइट राइडर्स को दुबई कैपिटल्स के खिलाफ आईएलटी20 के करीबी मैच में नौ रन से हार झेलनी पड़ी।दुबई कैपिटल्स ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शायन जहांगीर की 54 गेंद में 99 रन की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 196 रन बनाए और फिर नाइट राइडर्स को आठ विकेट पर 187 रन पर रोक दिया। रसेल ने अपनी पारी में चार छक्के और इतने ही चौके लगाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स को जहांगीर और जोर्डन कॉक्स (30 गेंद में 29 रन) ने 115 रन जोड़कर शुरुआती झटकों से उबारा।जहांगीर रन आउट होने के कारण शतक से चूक गए। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए। रसेल की विस्फोटक पारी ने नाइट राइडर्स की जीत की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरकार कैपिटल्स ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की।

## मैं अच्छी शुरुआत करती थी पर अच्छी फिनिशर नहीं थी: शेली एन

**पुणे।** जमैका की दिग्गज फर्राटा धाविका शेली एन फ्रेजर प्राइस का कहना है कि उन्हें यह ठप्पा पसंद नहीं था कि वह अच्छी शुरुआत करती थी लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं थी। उन्होंने कहा कि एलीट स्तर तक पहुंचने के लिए उन्हें अपने शुरुआती वर्षों में अपनी दौड़ने की शैली को बदलना पड़ा। ओलंपिक की आठ बार की और विश्व चैंपियनशिप की 17 बार की पदक विजेता शेली एन ने कहा कि उन्होंने 100 मीटर फर्राटा दौड़ में बेहतर होने के लिए 200 मीटर दौड़ में बहुत मेहनत की। शेली एन के नाम 100 मीटर में 10.60 सेकेंड का इतिहास का तीसरा सबसे तेज समय दर्ज है।शेली एन ने पीटीआई को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा, एक एलीट फर्राटा धाविका बनने के लिए हाई स्कूल में मुझे अपने दौड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदलना पड़ा क्योंकि मेरा दौड़ने का तरीका सही नहीं था, इससे मैं रेस नहीं जीत पाती।उन्होंने कहा, "लोग कहते थे 'वह अच्छी शुरुआत करती है लेकिन अच्छी फिनिशर नहीं है' और मुझे ये बातें सुनकर निराशा होती थी क्योंकि मुझे लगता था कि मैं अच्छी तरह से रेस को खत्म कर सकती हूं।शेली एन ने कहा, "मुझे जिम में अधिक मजबूत होना पड़ा। अगर मुझे अपनी 100 मीटर दौड़ को बेहतर करना था तो मुझे 200 मीटर में अधिक दौड़ना पड़ा। मुझे खुद को अधिक चुनौती देनी पड़ीतीन ओलंपिक और 10 विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक जीतने वाली शेली एन ने कहा कि जमैका के किंग्सटन के वाटरहाउस जिले में बड़े होते समय उनके बड़े लक्ष्य नहीं थे। उन्होंने कहा, जब मैं छोटी थी तो मुझे विश्वास नहीं था कि मैं आज जैसी इंसान बन पाऊंगी। मुझे कभी अधिक प्रेरणा नहीं मिली और मेरे आदर्श भी अधिक नहीं थे इसलिए मैं यह सोचते हुए बड़ी हुई कि मेरे लिए चीजें मुमकिन नहीं हैं।

## सेल्सफोर्स और टीएएससी के बीच हुई साझेदारी

**मुंबई।** दुनिया की नंबर एक एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने टीएएससी के साथ साझेदारी की है, जो भारत एवं मिडिल-ईस्ट में रिक्रूटमेंट, स्टाफिंग और एचआर सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली एक मल्टीनेशनल फर्म है। सेल्सफोर्स की मदद से टीएएससी अपने सेल्स एवं मार्केटिंग कार्यों को सेल्सफोर्स पर एकीकृत करेगी। ऑटोनोमस ए.आई एजेंट्स क्रियान्वित किए जाएंगे ताकि कई हिस्सों में बंटी हुई प्रक्रियाओं को व्यवस्थित करके राजस्व बढ़ाया जा सके और ग्राहकों के साथ मजबूत संबंध स्थापित हो सकें। टीएएससी के पास यूएई, सऊदी अरब और मिडिल ईस्ट एवं अफ्रीका में 500 से अधिक ग्राहक और 8,000 एसोसिएट्स हैं। टीएएससी द्वारा अब अपने पारंपरिक रिक्रूटमेंट कार्यों को एक एकीकृत, सेल्स के लिए तैयार सिस्टम में बदलने के लिए एजेंटफोर्स सेल्स का उपयोग किया जाएगा।

### ऐडन मार्करम ने 61 रन बनाए, अर्शदीप,राणा,वरूण व कुलदीप ने 2-2 विकेट लिए
# भारत के सामने 118 रन का लक्ष्य

**एजेंसी। धर्मशाला।**

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 117 रन पर ऑलआउट कर दी। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी पहले ही ओवर से खराब रही और भारत ने शुरूआती झटका देकर उस पर दबाव बनाया। दक्षिण अफ्रीका की टीम अंत तक इससे नहीं उबर सकी और उसके नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने अर्धशतक लगाया जिससे टीम 100 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्करम ने 46 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 61 रन बनाए, जबकि डोनोवान फेरेरा ने 20 रनों का योगदान दिया। एनरिच नॉर्त्जे 12 रन बनाकर आउट हुए।इन तीन बल्लेबाजों के अलावा दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई बल्लेबाज दहाई अंक का आंकड़ा पार नहीं कर सका। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और कुलदीप यादव को दो-दो विकेट मिले। हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली।



## मेस्सी का मुंबई आना भारत के लिए एक सुनहरा पल है: तेंदुलकर




**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को अर्जेंटीना के फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के मुंबई दौरे को शहर और देश के लिए एक सुनहरा पल बताया। तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 2011 क्रिकेट विश्व कप की जीत की तुलना मेस्सी के दौरे से की जो अपने इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डि पॉल के साथ पहुंचे। तेंदुलकर ने मेस्सी को अपने हस्ताक्षर की हुई 10 नंबर की जर्सी भेंट की। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेस्सी ने बदले में एक फुटबॉल भेंट की। मेस्सी दोपहर विश्व कप स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुंबई पहुंचे जो उनके चार शहरों के जीओएटी भारत दौरे 2025 का दूसरा दिन था।

तेंदुलकर ने भारत की वनडे विश्व कप जीत का जिक्र करते हुए यह बात कही जिसमें उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की थी। उन्होंने कहा, मैंने यहां कुछ अविश्वसनीय पल बिताए हैं। जैसा कि हम कहते हैं, मुंबई सपनों का शहर है। और इस जगह पर कई सपने पूरे हुए हैं। और आपके समर्थन के बिना, हम 2011 में इस मैदान पर उन सुनहरे पलों को कभी नहीं देख पाते। उन्होंने कहा, और आज, इन तीन महान हस्तियों का यहां होना वाकई मुंबई, मुंबईवासियों और भारत के लिए एक सुनहरा पल है। जिस तरह से आपने खेल के इन तीनों महान खिलाड़ियों का स्वागत किया है, वह सच में कमाल का है। मेस्सी के बारे में बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, जहां तक 'लियो' (मेस्सी) की बात है तो अगर मुझे उनके खेल के बारे में बात करनी है तो यह सही मंच नहीं होगा। और आप जानते हैं, उनके बारे में कोई क्या बात करे? उन्होंने सब कुछ हासिल कर लिया है। हम सच में उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता की तारीफ करते हैं। उन्होंने कहा, और सबसे बढ़कर उनकी विनम्रता की, वह जिस तरह के इंसान हैं। और मुंबईवासियों और भारतीयों की ओर से, मैं उन्हें और उनके परिवार को अच्छे स्वास्थ्य और आप सभी को खुशी की शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यहां आने और युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए एक बार फिर धन्यवाद। तेंदुलकर ने यह भी उम्मीद जताई कि 'भारत भी उस ऊंचाई तक पहुंचेगा जिसकी हम सभी (फुटबॉल में) ख्वाहिश रखते हैं।



लिवरपूल के मोहम्मद सलाह (बाएं) ब्राइटन के लुईस के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

## लीवरपूल ने ब्राइटन को हराया, आर्सेनल भी जीता

**लीवरपूल।** लीवरपूल ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में ब्राइटन को 2-0 से हरा दिया। इस जीत से लीवरपूल ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने अजेय क्रम को पांच मैच तक पहुंचाया। गत चैंपियन टीम अब अंक तालिका में छठे स्थान पर है।इस मैच के साथ लीवरपूल के मोहम्मद सालाह ने रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी भी की।आर्सेनल ने अंतिम स्थान पर चल रहे वोल्वरहैम्पटन को दो आत्मघाती गोल की बदौलत 2-1 से हराया जबकि चेल्सी ने एवर्टन को 2-0 से शिकस्त दी।बर्नले को फुलहम के खिलाफ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा जो टीम की लगातार सातवीं हार है।

# भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराया

### अंडर-19 एशिया कप

**एजेंसी। दुबई**

भारत ने ऑलराउंडर कनिष्क चौहान और तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी की बदौलत रविवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को 90 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 240 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान आयुष म्हात्रे (38) और चौहान (46) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके बाद 241 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई और 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट हो गई।

> भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हाथ नहीं मिलाने की नीति बरकरार रखी

भारत ने तेज शुरुआत की जिसमें कप्तान म्हात्रे ने 25 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाए। लेकिन मोहम्मद सैयाम ने पहले 10 ओवर के अंदर दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद जॉर्ज ने पारी को संभाला। वह लगातार गैप ढूंढकर रन जुटाते रहे जिससे बीच के ओवरों में उन्होंने स्थिरता बनाए रखी। चौहान ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी जिसमें तीन छक्के शामिल थे और भारत को नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बावजूद 230 रन के पार पहुंचाने में मदद की। पाकिस्तान के लिए सैयाम ने 67 रन देकर और अब्दुल सुभान ने 42 रन देकर तीन तीन विकेट झटके जबकि निकाब शफीक ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान की पारी की शुरुआत खराब रही। उसके 30 रन के स्कोर पर चार विकेट गिर गए जिसमें देवेंद्रन ने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट लिए।



आरोन जॉर्ज ने 85 रन बनाए।

कप्तान फरहान यूसुफ (23) और हुजैफा अहसान ने पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन चौहान की धारदार ऑफ-स्पिन ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। अहसान पाकिस्तान के लिए 83 गेंद में 70 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई साथ नहीं मिला। चौहान ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि देवेंद्रन ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल किए जिससे भारत ने मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और ग्रुप ए के इस महत्वपूर्ण मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने टॉस के समय और मैच के बाद एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाया जिससे हाल में खत्म हुए एशिया कप 2025 के दौरान भारतीय पुरुष टीम द्वारा अपनाए गए 'नो-हैंडशेक' का प्रोटोकॉल जारी रहा। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी से विजेता ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

# उन्नति व किरण ने एकल खिताब जीता

### ओडिशा मास्टर्स

**एजेंसी। कटक**

शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा और किरण जॉर्ज ने रविवार को ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। उन्नति ने संयम का परिचय देते हुए हमवतन खिलाड़ी इशारानी बरुआ को महज आधे घंटे में 21-17, 21-10 से हराया।

इस 18 साल की खिलाड़ी ने रैलियों पर नियंत्रण बनाए रखा और इशारानी को लय हासिल करने का मौका नहीं दिया। इस हार के बावजूद इशारानी ने रजत पदक हासिल कर इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे वरीयता प्राप्त जॉर्ज ने पुरुष एकल फाइनल में इंडोनेशिया के मुहम्मद यूसुफ को 65 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 13-21, 21-16 से हराया। जॉर्ज ने पहला गेम जीता लेकिन यूसुफ ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया।



उन्नति हुड्डा



किरण जॉर्ज

जॉर्ज ने इसके बाद जुझारूपन और रणनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।इंडोनेशिया ने मारवान फाजा और ऐस्याह प्रानाता की जोड़ी ने हमवतन देजान फर्डिनेंस्याह और बर्नाडाइन वार्डाना को 21-15, 21-10 से हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। महिला युगल के खिताबी मुकाबले में बुल्गारिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा ने मलेशिया की ओंग शिन यी और कारमेन टिंग को 21-19, 21-14 से मात दी। पुरुष युगल का खिताब इंडोनेशिया के अली फाथिर रेहान और डेविन अर्था वाहिदी ने जीता। इस जोड़ी ने मलेशिया के खंग खाई जिंग और आरोन ताई को 15-21, 21-12, 21-16 से मात दी।

## राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने ओसासुना को 2-1 से हराया

**एजेंसी। बार्सीलोना**

राफिन्हा के दो गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में ओसासुना को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली।ब्राजील के फारवर्ड राफिन्हा ने 70वें मिनट में बार्सीलोना को बढ़त दिलाई और फिर 84वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की 2-0 से जीत सुनिश्चित की। लीग में लगातार सातवीं जीत के साथ गत चैंपियन बार्सीलोना ने दूसरे स्थान पर मौजूद रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। मैड्रिड को रविवार को एल्वेस से भिड़ना है।मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले आठ मैच में सिर्फ दो में जीत दर्ज की है जिससे टीम दबाव में है।एटलेटिको मैड्रिड ने वेलेन्सिया को 2-1 से हराया। चौथे स्थान पर मौजूद एटलेटिको बार्सीलोना से नौ अंक पीछे है।अन्य मुकाबलों में एस्पेनयोल ने गेटाफे को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की जबकि मालोर्का ने एल्शे को 3-1 से शिकस्त दी।



ओसासुना के खिलाफ गोल करने के बाद बार्सिलोना के राफिन्हा और लामिन यामल जश्न मनाते हुए।

# यशस्वी व रेड्डी के शतक से मुंबई व आंध्र जीता, हैदराबाद की भी आसान जीत

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

**एजेंसी । अम्बी (पुणे)**

टी20 टीम में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं द्वारा अनदेखी के बाद यशस्वी जायसवाल ने रविवार को यहां सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सुपर लीग बी मैच में 48 गेंद में शतक जड़कर गत चैंपियन मुंबई की हरियाणा पर चार विकेट की जीत में अहम भूमिका निभाई। सुपर लीग के अपने पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ एकतरफा हार के बाद जायसवाल (50 गेंद में 101 रन) और सरफराज खान (24 गेंद में 64 रन) की पारियों से मुंबई ने हरियाणा के 235 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17.3 ओवर में छह विकेट पर 238 रन बनाकर जीत दर्ज की।जायसवाल और सरफराज ने सिर्फ 6.1 ओवर में 88 रन जोड़कर मुंबई की फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद जीवंत रखी।

मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान जायसवाल ने मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का 50 हजार रुपये का चैक लेने के लिए अपने साथ सरफराज को भी बुलाया। इससे पहले हरियाणा के कप्तान अंकित कुमार (42 गेंद में 89 रन) और प्रतिभावान ऑलराउंडर निशांत सिंधू (38 गेंद में 63 रन) ने सिर्फ 8.1 ओवर में 110 रन जोड़कर टीम को 20 ओवर में तीन विकेट पर 234 रन तक पहुंचाया।मुंबई के लिए अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने 10 गेंद में 21 रन बनाए।हरियाणा के तेज गेंदबाजों ने 125 से 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी की जिससे मुंबई के बल्लेबाजों के लिए सपाट पिच पर रन बनाना आसान हो गया। जायसवाल ने पुल और रैंप शॉट खेले। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके मारे। सरफराज ने भी सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक के साथ आईपीएल नीलामी के लिए अपना दावा मजबूत किया। राष्ट्रीय टीम में शामिल शुभमन गिल की शीर्ष क्रम में फॉर्म काफी प्रभावशाली नहीं है और ऐसे में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से पहले चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर की नजरें जायसवाल पर रहेंगी।अनुभवी तन्मय अग्रवाल और राहुल बुद्धि की अर्धशतकीय पारियों और भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के दो विकेट से हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराकर सुपर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।हैदराबाद दो जीत के बाद ग्रुप बी में आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उसके बाद हरियाणा और मुंबई हैं, जिनके चार-चार अंक हैं। राजस्थान अभी तक अपना खाता भी नहीं खोल पाया है। महिपाल लोमरोर की 35 गेंदों में 48 रनों की पारी की बदौलत राजस्थान ने नौ विकेट पर 178 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल ने 41 गेंदों में 73 रन बनाए, जबकि बुद्धि ने 36 गेंदों में 55 रन बनाए। दोनों की 95 रन की साझेदारी से हैदराबाद ने 17.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। सिराज ने 23 रन देकर दो विकेट लिये जबकि चामा मिलिंद और तन्मय त्यागराजन ने तीन-तीन विकेट लिए।




### हेमंत रेड्डी का शतक, आंध्र ने पंजाब पर रोमांचक जीत दर्ज की

युवा बल्लेबाज हेमंत रेड्डी ने रविवार को यहां शानदार गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करते हुए नाबाद 109 रन की पारी खेली जिससे आंध्र ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सुपर लीग ए मैच में पंजाब पर पांच विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। रेड्डी अपने करियर का सिर्फ दूसरा मुश्ताक अली ट्रॉफी का मैच खेल रहे थे। 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र का पूरा शीर्ष क्रम और मध्य क्रम चरमरा गया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 56 रन हो गया लेकिन 23 वर्षीय रेड्डी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 53 गेंद में 11 चौके और सात छक्के जड़ित शतकीय पारी खेली। इससे आंध्र ने पांच विकेट पर 211 रन बनाकर मैच की आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार (तीन विकेट) ने आंध्र के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दीं। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन मुंबई इंडियंस के पूर्व नेट गेंदबाज बरार ने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज श्रीकर भरत (01) और अश्विन हेब्बर (04) को आउट कर दिया जिससे आंध्र का स्कोर दो विकेट पर सात रन हो गया। आईपीएल 2025 सत्र से पहले गुजरात टाइटन्स ने बरार को 1.3 करोड़ रुपये में खरीदा था, उन्होंने पांचवें ओवर में आंध्र के कप्तान रिकी भुई (15) को आउट कर दिया। तेज गेंदबाज आयुष गोयल ने भी भारत के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी का विकेट लिया जिससे आंध्र का स्कोर चार विकेट पर 35 रन हो गया और फिर नौवें ओवर में जल्द ही पांच विकेट पर 56 रन हो गया। ऐसे समय में किसी ऐसे खिलाड़ी की जरूरत थी जो पंजाब के गेंदबाजों की गेंदों का डटकर सामना करने के साथ समझदारी भरी पारी भी खेल सके।




# OpenAI ने लॉन्च किया जीपीटी-5.2: स्मार्ट और ज्यादा पावरफुल एआई मॉडल

दुनिया की सबसे बड़ी एआई कंपनियों में से एक OpenAI ने अपने नेक्स्ट जेनरेशन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल GPT-5.2 को लॉन्च कर दिया है। यह अपग्रेड दिखाता है कि कंपनी अब सिर्फ बेहतर चैटिंग एक्सपीरियंस तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि अक को सीधे उन कामों का हिस्सा बनाना चाहती है जिनका सीधा असर बिजनेस, ऑफिस और प्रोफेशनल टास्क पर पड़ता है। यह नया मॉडल अपने पुराने वर्जन से ना सिर्फ ज्यादा तेज है, बल्कि मुश्किल टास्क आसानी से कर सकता है।

अपडेट की सबसे खास बात यह है कि जीपीटी-5.2 को रियल-वर्ल्ड और प्रैक्टिकल टास्क में ज्यादा बेहतर बनाया गया है। चाहे कोई कंपनी सेल्स डेक तैयार कर रही हो, अस्पताल शेड्यूल प्लान कर रहे हों या किसी ऑफिस में तैयारी की जरूरत वाले डॉक्युमेंट बनवाने हों, यह मॉडल इन सभी कामों को पहले की तुलना में ज्यादा भरोसेमंद तरीके से संभाल लेता है। कई इंटरनल टेस्ट में इसकी क्षमता ने कॉम्पिटीशन को पीछे छोड़ा है, जिससे साफ होता है कि OpenAI इस बार एआई रेस में अग्रेसिव स्ट्रेटजी अपनाए हुए है।

शुरूआत में जीपीटी-5.2 को कई फेज में रोलआउट किया जा रहा है और इसका पहला एक्सेस पेड यूजर्स को दिया जा रहा है। ChatGPT Go, Plus, Pro, Business और Enterprise सब्सक्राइबर्स को यह अपडेट पहले मिलेगा, जबकि फ्री और ईडू अकाउंट्स को थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। खास बात यह भी है कि पेड यूजर्स को तीन महीनों तक जीपीटी-5.1 का एक्सेस भी मिलता रहेगा, इसके बाद उसे हटाया जाएगा। कंपनी के सीईओ ने मॉडल कार्ड जारी कर बताया कि जीपीटी-5.2 ने कई बेंचमार्क में गूगल के Gemini 3 Pro को पीछे छोड़ा है।

**इन नए फीचर्स के चलते खास है मॉडल:** नई क्षमताओं की बात करें तो जीपीटी-5.2 को लंबी चैट, बड़े डॉक्यूमेंट और मल्टी-स्टेप वर्कफ्लो को पहले की तुलना में कहीं ज्यादा स्मार्ट तरीके से समझने के लिए ऑप्टिमाइज किया गया है। पुराने मॉडल जहां बड़े टेक्स्ट में महत्वपूर्ण जानकारी मिस कर देते थे, वहीं नया वर्जन पूरे रिफरेंस को ध्यान में रखकर सही जवाब देता है। इसके जीरो-शॉट स्किल में भी सुधार किया गया है, यानी कम समझाने पर भी मॉडल सही दिशा में काम कर पाता है। खास बात यह है कि यह अब कैलेंडर, स्प्रेडशीट, कोड रनर जैसे बाहरी टूल खुद ही ऑपरेट कर पाता है, जिससे कई काम अपनेआप और तुरंत पूरे हो जाते हैं। विजन सेक्शन को भी इस बार मजबूत किया गया है। जीपीटी-5.2 अब प्रोडक्ट स्क्रीनशॉट, टेक्निकल डायग्राम, डैशबोर्ड और विजुअल रिपोर्ट्स को ज्यादा गहराई से समझ सकता है। इसके जवाब ना सिर्फ ज्यादा ऑर्गनाइज्ड लगते हैं, बल्कि बातचीत का टोन भी ज्यादा नैचुरल और यूजर-फ्रेंड्ली हो गया है। डिवलपर्स के लिए एक बड़ा फायदा यह है कि मॉडल अब एक API के रूप में भी उपलब्ध है, जिसका उपयोग करके कंपनियां अपने टूल्स और ऐप्लिकेशन्स में इसे इंटीग्रेट कर सकती हैं।

**इतनी रखी गई है प्लान की कीमत:** कीमत की बात करें तो जीपीटी-5.2 का बेस मॉडल 1.75 डॉलर प्रति मिलियन इनपुट टोकन और 14 डॉलर प्रति मिलियन आउटपुट टोकन में उपलब्ध है। वहीं प्रो मॉडल उन प्रोफेशनल यूजर्स के लिए है जिन्हें हाई-कैपेसिटी और प्रीमियम आउटपुट की जरूरत होती है। इसकी कीमत 15 डॉलर इनपुट और 168 डॉलर आउटपुट प्रति मिलियन टोकन तय की गई है।

# सावधान! यूपीआई से होते हैं ज्यादातर फ्रॉड

**डिजिटल भुगतान के जमाने में यूपीआई ने पैसों का लेन-देन को बेहद आसान बना दिया है। अब पैसे ट्रांसफर करना, बिल भरना या ऑनलाइन शॉपिंग करना सिर्फ कुछ टैप्स की दूरी पर है। लेकिन जितनी आसान ये सेवा है, उतना ही इसे फ्रॉड और धोखाधड़ी का शिकार बनना भी आसान है खासकर जब पूरा परिवार एक ही खाता या ऐप उपयोग करता हो। हालिया रिपोर्ट बताती है कि कई केस में साइबर ठग स्क्रीन-शेयरिंग ऐप्स, नकली रिफंड लिंक, हूबहू दिखने वाले कस्टमर-केयर नंबर और सबसे आम 'Collect Request' के बहाने फ्रॉड करते हैं। इसलिए अब सिर्फ ऐप डाउनलोड करना या पैसे भेजना ही नहीं, बल्कि स्मार्ट और सतर्क तरीके से यूपीआई का उपयोग करना जरूरी हो गया है। अगर आप, आपके माता-पिता, दादा-दादी या बच्चे यूपीआई इस्तेमाल करते हैं, तो कुछ सरल लेकिन असरदार आदतें अपनाकर आपने अपने और अपने परिवार के पैसे को सुरक्षित रख सकते हैं। आइए जानें वो कौन-कौन से उपाय हैं जो हर घर में होने चाहिये।**






## यूपीआई फ्रॉड के खतरे से कैसे बचें

धोखेबाज 'Collect' रिक्वेस्ट भेजकर पैसा खाली करवाते हैं। बहुत बार लोग बिना सोच-समझे मंजूर कर देते हैं। इसके साथ ही फेक दफ कोड लगाकर जिसे स्कैन करते ही पैसा पास हो जाता है।

नकली यूपीआई/बैंक ऐप्स या फर्जी वेबसाइट्स जो असली ऐप्स जैसा दिख कर आपके क्रेडेंशियल्स चुराते हैं। ओटीपी/यूपीआई/पिन शेयर करना कभी बैंक या ऐप असली जानकारी नहीं पूछते, लेकिन फ्रॉड्स ऐसा करके पैसे निकाल लेते हैं।

## यूपीआई इस्तेमाल करते समय इन बातों का ध्यान रखें

**1. परिवार में साफ-साफ नियम बनाएं:** घर के सभी सदस्यों (बच्चे, बुजुर्ग, कम-तकनीकी लोग) से तय करें कि कभी भी 'Collect' रिक्वेस्ट न मंजूर करें। ओटीपी, यूपीआई, पिन बैंक डिटेल्स किसी से साझा न करें भले आदमी ही क्यों न कह रहा हो। बड़े ट्रांजैक्शन के लिए पहले पूछताछ या फोन पर पुष्टि की आदत डालें।

**2. खाते व ऐप की सुरक्षा बढ़ाएं:** यूपीआई-लिंक खाता हमेशा कम बैलेंस वाला रखें, ताकि गलती से ज्यादा नुकसान न हो। बैंक या ऐप में उपलब्ध ट्रांजैक्शन लिमिट्स सेट करें। अपने फोन को बायोमेट्रिक लॉक दीजिए और यूपीआई ऐप में पिन / फिंगरप्रिंट लॉक चालू रखें।

**3. ट्रांजैक्शन करते समय सावधानी अपनाएं:** भले ही जल्दी हो नाम, यूपीआई, आईडी, क्यूआर कोड को ध्यान से चेक करें। स्पेलिंग, लोगो, डिजाइन सब मिलकर देख लें। सार्वजनिक वाई-फाई पर पेमेंट न करें। हमेशा सुरक्षित नेटवर्क या मोबाइल डेटा का इस्तेमाल करें। किसी भी ऑफर, कैशबैक या रिफंड लिंक पर क्लिक करते समय सावधान रहें। अगर ऑफर ज्यादा अच्छा लगे उसे दोबारा सोचें।

**4. ऐप्स और डिवाइस की सुरक्षा:** यूपीआई या बैंक ऐप केवल ऑफिशियल Google Play Store या ऐप स्टोर से डाउनलोड करें। फर्जी लिंक या रटर से बचें। फोन में एंटी-वायरस और सिक्योरिटी अपडेट्स हमेशा रखें। ट्रांजेक्शन अलर्ट, रटर / नोटिफिकेशन डठ रखें जिससे लेन-देन पर नजर बनी रहे।

**5. फ्रॉड हुआ तो तुरंत करें ये काम:** अगर आपको लगता है कि आपका खाता या यूपीआई ऐप से फ्रॉड हुआ है: तुरंत बैंक या यूपीआई ऐप कस्टमर-केयर को कॉल करें व अकाउंट ब्लॉक करें। नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in) या लोकल पुलिस में शिकायत दर्ज करें। सभी स्क्रीनशॉट, मैसेज, ट्रांजैक्शन क्ळसुरक्षित रखें ये रिफंड या कानूनी कार्रवाई में मदद करेंगे।

# केवल दो मिनट में ऐसे बढ़ाए अपने स्मार्ट फोन की स्पीड



स्मार्ट फोन की धीमी गति के कारण यदि आप भी परेशान हैं तो आप ये आसान टिप्स अपनाकर उसकी गति तेज कर सकते हैं।

- फोन में अगर ढेरों एप्लीकेशन हैं तो पहला काम यह करें कि जिन एप्लीकेशंस का प्रयोग आप नहीं करते हैं उन्हें तुरंत हटा दें। इससे आपके स्मार्ट फोन की स्पीड तेज हो जाएगी।
- जिस भी ऐप का आप सबसे ज्यादा इस्तेमाल करते हैं उसके कैश को नियमित रूप से डिलीट करते रहें। कैश को हटाने के लिए सबसे पहले सेटिंग्स-एप्स में जाएं। यहां उस ऐप पर क्लिक करें जिसके कैश को क्लियर करना है। क्लिक करने के बाद आपको 'क्लियर कैश' विकल्प पर क्लिक करना है।
- कैश क्लीन करने के अतिरिक्त स्मार्टफोन में केवल उन्हीं ऐप्स को जगह दें जो आपके काम की हैं। यदि आपके फोन की भी इनबिल्ट स्टोरेज कम है तो सबसे अच्छा विकल्प है कि इंटरनल स्टोरेज में मौजूद तस्वीरें, म्यूजिक और वीडियो फाइल को माइक्रोएसडी कार्ड में मूव कर दें।
- आपको सेटिंग्स को देखना चाहिए कि कंपनी द्वारा आपके फोन को सॉफ्टवेयर अपडेट तो नहीं मिला है। जांच के लिए सेटिंग्स-सिस्टम-अबाउट-सॉफ्टवेर अपडेट में जाएं। यदि कोई सॉफ्टवेयर अपडेट मिलता है तो फोन को अपडेट करने से पहले बैकअप जरूर लें।

# ब्रह्मांड में मिली फूलों की माला

अमेरिका के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने ब्रह्मांड के शुरूआती दिनों की सबसे हैरान करने वाली तस्वीर भेजी है। वैज्ञानिकों ने इसे नाम दिया है कॉस्मिक वाइन (ब्रह्मांडीय लता)। यह एक चमकदार, धनुष जैसी आकृति वाली विशाल संरचना है जिसमें कम से कम 20 नई-नवेली गैलेक्सियां एक के बाद एक जुड़ी हुई हैं। पूरी चेन की लंबाई 130 लाख प्रकाश-वर्ष से भी ज्यादा है। यह तस्वीर उस समय की है जब बिग बैंग के सिर्फ 1.8 अरब साल ही बीते थे, यानी ब्रह्मांड तब बच्चा ही था। उस समय को लेकर वैज्ञानिकों की पुरानी थ्योरी के मुताबिक इतनी बड़ी और व्यवस्थित संरचना बन ही नहीं सकती थी।



**क्या खास है इस लता में?**

- हर गैलेक्सी में तेजी से नए तारे बन रहे हैं।
- कुछ गैलेक्सियां इतनी जल्दी बड़ी हो गईं कि उनकी गैस खत्म हो गई और वे शांत हो गईं।
- यह ब्रह्मांड का सबसे पुराना और सबसे लंबा हाईवे है जिस पर पदार्थ बहकर बड़े ढांचे बनाता था।
- ये सारी गैलेक्सियां एक पतली कॉस्मिक फिलामेंट (ब्रह्मांडीय धागे) पर जुड़ी हैं। आज हम जो विशाल गैलेक्सी क्लस्टर देखते हैं, वे इन्हीं धागों पर बने हैं।

वैज्ञानिकों की मौजूदा थ्योरी कहती है कि इतने कम समय में इतनी बड़ी संरचना नहीं बन सकती। इसका मतलब... गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) ने सोच से कहीं तेजी से पदार्थ इकट्ठा किया। हमें ब्रह्मांड के जन्म और बढ़ने की पूरी कहानी फिर से लिखनी पड़ेगी। डार्क मैटर का जाल (जो ब्रह्मांड की हड्डी की तरह काम करता है) बहुत जल्दी बन गया था। यह इन्फ्रारेड किरणों में ली गई तस्वीर है जो 1100 करोड़ साल से ज्यादा यात्रा करके हमारे पास पहुंची है। जेम्स वेब टेलीस्कोप ही इन्फ्रारेड में इतनी दूर और साफ तस्वीर ले सकता है।

एक शोधकर्ता ने कहा कि यह तस्वीर ब्रह्मांड की सबसे खूबसूरत और सबसे चुनौतीपूर्ण खोजों में से एक है। जेम्स वेब बार-बार साबित कर रहा है कि ब्रह्मांड हमारी कल्पना से कहीं बड़ा, तेज और हैरान करने वाला है। कॉस्मिक वाइन ने साबित कर दिया कि ब्रह्मांड अपनी जवानी में ही बहुत तेजी से बड़ा और समझदार हो गया था।

# विक्रम-1 से अंतरिक्ष में भारत का दबदबा

स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के निजी अंतरिक्ष उड़ान इतिहास में एक ऐतिहासिक पल के लिए तैयार है क्योंकि उनका विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुका है। हैदराबाद की यह नई कंपनी पहली भारतीय निजी कंपनी बनने जा रही है जो खुद के बनाए रॉकेट को कक्षा में स्थापित करेगी। यह देश के नए नीजी अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कंपनी के सह-संस्थापक भरत डाका ने बताया कि विक्रम-1 रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र पहुंचा दिया गया है। वहां अभी उसे जोड़ने और एकीकरण का काम चल रहा है।

**जारी हैं लॉन्च की तैयारियां:** विक्रम-1 एक चार-चरणों वाला रॉकेट है जिसे खास तौर पर छोटे सैटेलाइट्स को लॉन्च करने के बढ़ते बाजार की जरूरतें पूरी करने के लिए बनाया गया है। इस रॉकेट में ठोस ईंधन वाले चरण हैं जिन्हें एडवांस्ड मार्गदर्शन और कंट्रोल सिस्टम के साथ जोड़ा गया है। अब जब लॉन्च पैड पर रॉकेट का सारा हार्डवेयर तैयार है तो स्काईरूट की कंट्रोल टीम भी पूरी तरह से काम कर रही है।

**तैयारी में जुटे हैं इंजीनियर्स:** कंट्रोल टीम रॉकेट के सॉफ्टवेयर, संचार लिंक और उड़ान के दौरान असली समय की निगरानी करने वाले उपकरणों की जांच में लगे हुए हैं क्योंकि अब तेजी से उलटी गिनती शुरू होने वाली है। साथ ही इंजीनियर सिमुलेशन और रिहर्सल कर रहे हैं कि जमीन पर लगी मशीनें रॉकेट के प्रदर्शन को लॉन्च होने से लेकर उसके स्टेज अलग होने तक ठीक से ट्रैक कर सकें। स्काईरूट का लक्ष्य है कि अगले 2 महीनों के अंदर वह विक्रम-कको उसकी पहली अंतरिक्ष उड़ान पर भेजें। यह लॉन्च श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इसरो के लॉन्च पैड का इस्तेमाल करके किया जाएगा। स्काईरूट कंपनी जिसने हाल ही में 2,00,000 वर्ग फुट में बने इन्फिनिटी कैंपस का उद्घाटन किया है और पहली कोशिश में ही रॉकेट को कक्षा में पहुंचाना चाहती है।



# लैपटॉप की लाइफ बढ़ाने के लिए 10 आसान टिप्स

अगर आपने नया लैपटॉप खरीदा है और आप चाहते हैं कि वह लंबे समय तक अच्छे से काम करता रहे, तो आपको उसकी देख-रेख ठीक ढंग से करनी होगी। यह ठीक है कि शुरू के 1 या 2 साल तक लैपटॉप पर कंपनी वारंटी देती है और इस दौरान यदि उसमें कोई मैनुफैक्चरिंग डिफेक्ट आ जाए, तो कंपनी उसे ठीक भी कर देती है, पर उसके बाद भी आपका डिवाइस ठीक काम करता रहे, साफ सुधरा रहे, टूट-फूट से बचा रहे, यह सिर्फ आपके हाथ में है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं 10 ऐसी आसान टिप्स, जिनसे आप अपने लैपटॉप की लाइफ को बढ़ा सकते हैं।

### ● टैग लगाकर रखें

गुम होने से बचाने के लिए लैपटॉप पर मार्कर से नाम और कॉन्टैक्ट नंबर लिख दें। ये जानकारी आप लैपटॉप के पीछे, डीवीडी ड्राइव के अंदर, पावर कॉर्ड, कीबोर्ड पर लिख सकते हैं। अपनी कॉन्टैक्ट डिटेल्स के साथ लैपटॉप बैग पर लगेज टैग लगाकर रखें, ताकि गुम होने पर आपको संपर्क किया जा सके। इससे एक फायदा और है कि किसी मीटिंग में एक जैसे कई लैपटॉप होने पर भी आप अपने लैपटॉप की पहचान आसानी से कर सकते है।

### ● लैपटॉप की केयर करें

लैपटॉप पर खाने-पीने के गंदे हाथ न लगाएं। चाय, कॉफी या पानी जैसी चीजें गिरने से सर्किट शॉर्ट हो सकता है। हमेशा ध्यान रखें लैपटॉप के पास कोई भी इलैक्ट्रिक डिवाइस न रखें, क्योंकि उसमें से मैग्नेटिक फील्ड जनरेट होती है जो आपके लैपटॉप को नुकसान पहुंचाती है।

### ● स्क्रीन का रखें ख्याल

कई बार काम करते वक्त पेन की-बोर्ड पर रखकर भूल जाने से लैपटॉप के स्क्रीन को नुकसान पहुंचता है। क्योंकि अगर ऐसे में की-बोर्ड बंद कर दिया जाए तो स्क्रीन खराब हो जाएगी। की-बोर्ड बंद करने से पहले हमेशा ध्यान दें कि इसके ऊपर कुछ न रखा हो।

### ● लैपटॉप बैग करता है टूट-फूट से सुरक्षा

किसी भी सफर के दौरान लैपटॉप को एक अच्छी क्वालिटी के बैग में रखें। लैपटॉप जरा-सी ठोकर से भी टूट-फूट सकता है और लापटॉप की डेटा केबल, चार्जर और अन्य चीजें हमेशा बैग की अलग पॉकेट में रखें।



### ● लैपटॉप को रखें साफ-सुथरा

लैपटॉप के स्क्रीन को हमेशा सॉफ्ट कपड़े से साफ करें। इसके लिए कभी भी विंडो क्लीनर का इस्तोमाल न करें। सफाई के लिए ड्रायर का इस्तेमाल किया जा सकता है। साफ करते वक्त सिर्फ उन कवर को हटाएं, जो आसानी से हटाएं जा सकते हैं।

### ● यूएसबी और चार्जर केबल को सीधा रखें

कई बार लोग लैपटॉप इस्तेमाल करने के बाद वायर्स को सीधा नहीं करते। उन्हें उलझा ही रहने देते है। ऐसे में वायर गर्म होती रहती है जिससे शॉर्ट होने के चांसेस बढ़ जाते हैं। लैपटॉप में पावर केबल लगाने के बाद ही पावर स्विच ऑन करें। कभी भी बिना स्विच को ऑफ किए प्लग न निकालें।

### ● डीवीडी ड्राइव

लैपटॉप का डीवीडी ड्राइवर ध्यान से इस्तेमाल करें। एक जैसी डिस्क में कई बार लोग कंफ्यूज हो जाते है और उल्टी डिस्क लगा देते हैं। इसके कारण डीवीडी ड्राइव का लैंस खराब हो जाता है। ड्राइव में कभी भी टूटी या ज्यादा स्क्रैच वाली डिस्क का इस्तेमाल न करें।

### ● बैट्री की लाइफ बढ़ाएं

बैट्री की लाइफ बढ़ाने के लिए लैपटॉप चार्ज करने के बाद बैट्री को अलग रख दें अगर काम न करना हो तो। इसमें ऑटोलॉक सिस्टम होता है। जब भी काम करना हो उसे लगा लें।

### ● सॉफ्टवेयर्स

लैपटॉप में हमेशा जरूरत अनुसार सॉफ्टवेटर्स रखें। सारे सॉफ्टवेयर्स ट्रस्टेड होने चाहिए और सिस्टम में हमेशा एक अच्छा एंटीवायरस होनी चाहिए ताकि पेन-ड्राइव या दूसरे सोर्स से आने वाले वायरस से प्रोटेक्ट किया जा सके। अपने डेटा को बचाने के लिए बैकअप जरूर रखें।

### ● मैंटेनेंस

लैपटॉप का लगातार इस्तेमाल करते रहने पर इसमें जंक फाइल और रजिस्ट्री में छोटी-मोटी फाइलें आ जाती हैं, जिसके कारण स्पीड स्लो हो जाती है। इससे निपटने के लिए महीने में एक बार डिस्क क्लीनअप और क्मतिंहउमदज जैसे टूल्स का इस्तेमाल जरूर करें। ये दोनों टूल्स विंडोज में मौजूद होते हैं। इन्हें स्टार्ट-प्रोग्राम-एक्सेसरीज पर जाकर ओपन किया जा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। **प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह।** पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।